Drishti IAS Presents...



# PT SPRINT 2024

# अर्थव्यवस्था

(मार्च 2023 – मार्च 2024)

MCQs

## Multiple Choice Questions and Answers


Drishti IAS, 641, Mukherjee Nagar, Opp. Signature View Apartment, New Delhi

Drishti IAS, 21 Pusa Road, Karol Bagh New Delhi - 05

Drishti IAS, Tashkent Marg, Civil Lines, Prayagraj, Uttar Pradesh

Drishti IAS, Tonk Road, Vasundhra Colony, Jaipur, Rajasthan

**e-mail:** englishsupport@groupdrishti.com, **Website:** www.drishtiias.com

**Contact: Inquiry (English):** 8010440440, **Inquiry (Hindi):** 8750187501

# प्रश्न और उत्तर

1. **अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. यह एकमात्र त्रिपक्षीय संयुक्त राष्ट्र (UN) एजेंसी है जो 187 सदस्य देशों की सरकारों, नियोक्ताओं और श्रमिकों को एक साथ लाती है।
   2. वर्ष 1919 में वर्साय की संधि द्वारा राष्ट्र संघ की एक संबद्ध एजेंसी के रूप में इसकी स्थापना हुई और वर्ष 1946 में यह संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध पहली विशिष्ट एजेंसी बन गया।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन **संयुक्त राष्ट्र की एकमात्र त्रिपक्षीय संस्था** है। यह श्रम मानक निर्धारित करने, नीतियों को विकसित करने एवं सभी महिलाओं तथा पुरुषों के लिये सभ्यतापूर्ण कार्य को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम तैयार करने हेतु 187 **सदस्य देशों की सरकारों**, नियोक्ताओं और श्रमिकों को एक साथ लाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इसे वर्ष 1969 में नोबेल शांति पुरस्कार मिला।
- वर्ष 1919 में वर्सेल्स/वर्साय की संधि (Treaty of Versailles) द्वारा राष्ट्र संघ की एक संबद्ध एजेंसी के रूप में इसकी स्थापना हुई और वर्ष 1946 में यह संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध पहली विशिष्ट एजेंसी बन गया। **अतः कथन 2 सही है।**
- **मुख्यालय:** इसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में स्थित है।

2. **NBFC के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. NBFC व्यक्तिगत ऋण, गृह ऋण, वाहन ऋण, स्वर्ण ऋण, माइक्रोफाइनेंस आदि जैसी विविध वित्तीय सेवाएँ प्रदान करते हैं।
   2. वे भुगतान और निपटान प्रणाली का हिस्सा हैं तथा स्वयं आहरित चेक जारी कर सकते हैं।
   3. NBFC डिमांड डिपॉजिट स्वीकार नहीं कर सकते।

   **उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

   A. केवल एक
   B. केवल दो
   C. सभी तीन
   D. इनमें से कोई भी नहीं

3. **NBFC के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. NBFC व्यक्तिगत ऋण, गृह ऋण, वाहन ऋण, स्वर्ण ऋण, माइक्रोफाइनेंस आदि जैसी विविध वित्तीय सेवाएँ प्रदान करते हैं।
   2. वे भुगतान और निपटान प्रणाली का हिस्सा हैं तथा स्वयं आहरित चेक जारी कर सकते हैं।
   3. NBFC डिमांड डिपॉजिट स्वीकार नहीं कर सकते।

   **उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

   A. केवल एक
   B. केवल दो
   C. सभी तीन
   D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर : B**

**व्याख्या:**

- NBFC (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ) व्यक्तिगत ऋण, गृह ऋण, वाहन ऋण, स्वर्ण ऋण, माइक्रोफाइनेंस, बीमा और निवेश प्रबंधन जैसी विविध वित्तीय सेवाएँ प्रदान करती हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- NBFC भुगतान और निपटान प्रणाली का हिस्सा नहीं बनते हैं और स्वयं आहरित चेक जारी नहीं कर सकते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- वे न्यूनतम **12 महीने और अधिकतम 60 महीने** के लिये सार्वजनिक जमा स्वीकार कर सकते हैं। हालाँकि, **NBFC डिमांड डिपॉज़िट** स्वीकार नहीं कर सकते। **अतः कथन 3 सही है।**

4. **पाम ऑयल के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. भारत वैश्विक स्तर पर खाद्य तेल के सबसे बड़े आयातकों में से एक है, जो अपनी पाम ऑयल की आवश्यकता का लगभग 96% आयात करता है।
   2. इंडोनेशिया और मलेशिया सबसे बड़े वैश्विक पाम ऑयल उत्पादक देशों में से हैं।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत वैश्विक स्तर पर खाद्य तेल का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता और इसके **सबसे बड़े आयातकों में से एक है**। भारत वर्तमान में खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिये संघर्ष कर रहा है, अपनी आवश्यकता का **96% पाम ऑयल आयात** करता है, जो देश के खाद्य तेल आयात लागत का 67% है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **इंडोनेशिया** और **मलेशिया** प्रमुख वैश्विक पाम ऑयल उत्पादक हैं, इसके बाद **थाईलैंड, कोलंबिया** और **नाइजीरिया** हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**5. यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. EFTA में आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे तथा स्विट्ज़रलैंड शामिल हैं, जो सभी यूरोपीय संघ का भी हिस्सा हैं।
2. स्टॉकहोम कन्वेंशन द्वारा वर्ष 1960 में स्थापित, यह अपने चार सदस्य राज्यों एवं वैश्विक व्यापार भागीदारों के लाभ के लिये मुक्त व्यापार एवं आर्थिक एकीकरण में वृद्धि करना चाहता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA):**

- EFTA **आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे** और **स्विट्ज़रलैंड** का अंतर-सरकारी संगठन है (ये चारों यूरोपीय संघ का हिस्सा नहीं हैं)। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- स्टॉकहोम कन्वेंशन द्वारा वर्ष 1960 में स्थापित, यह अपने चार सदस्य राज्यों एवं वैश्विक व्यापार भागीदारों के लाभ के लिये मुक्त व्यापार तथा आर्थिक एकीकरण में वृद्धि करना चाहता है।**अतः कथन 2 सही है।**
- भारत तथा यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA) ने हाल ही में व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (TEPA) पर हस्ताक्षर किये।

**6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वित्त वर्ष 2023 में भारत कच्चे इस्पात का विश्व का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।
2. स्टेनलेस स्टील एक प्रकार का स्टील मिश्र धातु है जिसमें द्रव्यमान के हिसाब से न्यूनतम 10.5% क्रोमियम होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत **कच्चे स्टील का विश्व का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक** है। वित्त वर्ष 2023 में इसने 125.32 मिलियन टन (MT) कच्चे स्टील तथा 121.29 मीट्रिक टन परिष्कृत स्टील का उत्पादन किया।
- इसके अलावा वर्ष 2022-23 में 6.02 मीट्रिक टन स्टील के आयात के बाद 6.72 मीट्रिक टन परिष्कृत स्टील के निर्यात के साथ भारत इसका **शुद्ध निर्यातक** बन गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- स्टेनलेस स्टील एक प्रकार का स्टील मिश्र धातु है जिसमें द्रव्यमान के आधार पर न्यूनतम 10.5% क्रोमियम होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - यह अपने **असाधारण संक्षारण (corrosion) प्रतिरोध** हेतु जाना जाता है, जिससे यह विभिन्न अनुप्रयोगों के लिये अत्यधिक उपयुक्त हो जाता है जहाँ टिकाउपन, जंग तथा अभिरंजन के विरुद्ध प्रतिरोध आवश्यक है।

**7. विनियामकीय सैंडबॉक्स (RS) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह नियंत्रित नियामक वातावरण में नए उत्पादों या सेवाओं के लाइव परीक्षण को संदर्भित करता है।
2. फिन-टेक क्षेत्र में RS को भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा विनियमित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **विनियामकीय सैंडबॉक्स** एक **नियंत्रित नियामक वातावरण में नए उत्पादों अथवा सेवाओं के प्रत्यक्ष रूप से हुए परीक्षण को संदर्भित** करता है जिसके लिये नियामक परीक्षण के सीमित उद्देश्य हेतु कुछ नियामक छूट की अनुमति दे भी सकते हैं और नहीं भी। **अतः कथन 1 सही है।**

- विनियामकीय सैंडबॉक्स एक महत्त्वपूर्ण उपकरण है जो **अधिक गतिशील, साक्ष्य-आधारित नियामक वातावरण** को सक्षम बनाता है जो **उभरती प्रौद्योगिकियों से सीखते हुए उनके साथ-साथ विकसित** होता है।
- हाल ही में **भारतीय रिज़र्व बैंक** ने **विनियामकीय सैंडबॉक्स** के विभिन्न चरणों को पूरा करने की समय-सीमा को पिछले 7 महीनों से बढ़ाकर **9 महीने** कर दिया है।
  - विनियामकीय सैंडबॉक्स के लिये अद्यतन ढाँचे में **डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023** के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु सैंडबॉक्स संस्थाओं की भी आवश्यकता होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने **फिनटेक** के विस्तृत पहलुओं के साथ उसके **निहितार्थों की निगरानी करने एवं रिपोर्ट करने हेतु वर्ष 2016 में एक अंतर-नियामक कार्य समूह की स्थापना** की, ताकि नियामक ढाँचे की समीक्षा की जा सके और साथ ही **तेज़ी से विकसित हो रहे फिनटेक परिदृश्य की गतिशीलता** पर प्रतिक्रिया दी जा सके।
- रिपोर्ट में एक अच्छी तरह से परिभाषित स्थान और अवधि के भीतर एक **विनियामकीय सैंडबॉक्स** के लिये एक उपयुक्त ढाँचे को प्रस्तुत करने की सिफारिश की गई है, जहाँ वित्तीय क्षेत्र नियामक दक्षता बढ़ाने, जोखिमों का प्रबंधन करने तथा उपभोक्ताओं के लिये नए अवसर सृजित करने हेतु आवश्यक नियामक मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

**8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में सहकारी बैंक, संबंधित राज्य के सहकारी समिति अधिनियम या बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 के तहत पंजीकृत हैं।
2. रिज़र्व बैंक बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 22 और 23 के प्रावधानों के तहत शहरी सहकारी बैंकों के बैंकिंग कार्यों को नियंत्रित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत में सहकारी बैंक:**

- किसी गाँव या विशिष्ट समुदाय जैसे समुदाय की वित्तीय ज़रूरतों का समर्थन करने के लिये लोग संसाधनों को एकत्रित करने और **ऋण** जैसी बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करने हेतु एक साथ आते हैं।
- भारत में, वे संबंधित राज्य के सहकारी समिति अधिनियम या **बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 के** तहत पंजीकृत हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- रिज़र्व बैंक **बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949** की धारा 22 और 23 के प्रावधानों के तहत शहरी सहकारी बैंकों के बैंकिंग कार्यों को नियंत्रित करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**9. अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष (IFAD) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थान और विशेष संयुक्त राष्ट्र एजेंसी है जो विकासशील देशों के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन के क्षेत्र में काम कर रही है।
2. इसके 177 सदस्य देश हैं और भारत सदस्य देश नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष (IFAD):**

- IFAD एक **अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थान और विशेष संयुक्त राष्ट्र एजेंसी** है जो विकासशील देशों के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन के क्षेत्र में काम कर रही है तथा संबद्ध परियोजनाओं के लिये कम ब्याज पर अनुदान एवं ऋण प्रदान करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे वर्ष 1977 में बनाया गया था, जो वर्ष 1974 के विश्व खाद्य सम्मेलन का परिणाम है।
- इसके **177 सदस्य देश हैं**। भारत भी इसका एक सदस्य देश है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**10. अनुसंधान और विकास (R&D) के संबंध में भारत का परिव्यय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हाल के वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में अनुसंधान एवं विकास पर भारत का व्यय बढ़ा है।
2. विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार नीति 2013 का लक्ष्य अनुसंधान तथा विकास (जीईआरडी) पर सकल व्यय को भारत के सकल घरेलू उत्पाद के 2% तक बढ़ाना है।
3. अधिकांश विकसित देश अपने सकल घरेलू उत्पाद का 2% से 4% के बीच अनुसंधान एवं विकास के लिये आवंटित करते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अनुसंधान और विकास (R&D) के संबंध में भारत का परिव्यय:
- भारत का अनुसंधान और विकास व्यय:
  - अनुसंधान और विकास (R&D) के संबंध में भारत का परिव्यय वर्ष 2020-21 में **घट कर सकल घरेलू उत्पाद का मात्र 0.64% हो गया** जो वर्ष 2008-2009 में 0.8% और वर्ष 2017-2018 में 0.7% था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - सरकारी अभिकरणों द्वारा अनुसंधान और विकास परिव्यय बढ़ाने हेतु आह्वान किया जाता रहा है किंतु इसका समाधान नहीं किया गया जो एक चिंताजनक विषय है।
  - वर्ष **2013** में **विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार नीति** बनाई गई जिसका लक्ष्य **अनुसंधान तथा विकास पर सकल व्यय (GERD)** को सकल घरेलू उत्पाद के 2% तक बढ़ाना था, यह लक्ष्य वर्ष 2017-2018 के **आर्थिक सर्वेक्षण** में पुनः निर्धारित किया गया। **अतः कथन 2 सही है।**
    - हालाँकि R&D परिव्यय में हुई कमी के कारण स्पष्ट नहीं हैं। इसके संभावित कारकों में सरकारी अभिकरणों के के बीच अपर्याप्त समन्वय और अनुसंधान एवं विकास परिव्यय को प्राथमिकता देने के लिये सुदृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी शामिल हो सकती है।
- विकसित देशों का अनुसंधान एवं विकास व्यय:
  - तुलनात्मक रूप से, **अधिकांश विकसित देश** अपने **सकल घरेलू उत्पाद का 2% से 4%** के बीच **अनुसंधान एवं विकास** के लिये आवंटित करते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**11. भारत के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) परिदृश्य के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान निवल FDI प्रवाह में लगभग 31% की वृद्धि दर्ज की है।
2. भारत में कुल FDI इक्विटी प्रवाह में नीदरलैंड, सिंगापुर, जापान, अमेरिका और मॉरीशस का योगदान लगभग 70% था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

वित्त मंत्रालय ने भारत के **प्रत्यक्ष विदेशी निवेश परिदृश्य** पर प्रकाश डालते हुए एक व्यापक समीक्षा जारी की है, जिसमें गिरावट और आशाजनक संभावनाओं दोनों का पता चलता है।

- सत्र **2023-24 के प्रारंभिक दस महीनों में भारत का निवल FDI प्रवाह लगभग 31% गिरकर 25.5** बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत का लगभग 65% FDI इक्विटी प्रवाह सेवाओं, दवा और फार्मास्यूटिकल्स, निर्माण (बुनियादी ढाँचे की गतिविधियों) एवं गैर-पारंपरिक ऊर्जा क्षेत्रों में देखा गया।
- भारत में कुल FDI इक्विटी प्रवाह में नीदरलैंड, सिंगापुर, जापान, अमेरिका और मॉरीशस का योगदान लगभग 70% था। **अतः कथन 2 सही है।**

**12. गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NBFC कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत रजिस्ट्रीकृत एक कंपनी है, जो विभिन्न वित्तीय गतिविधियों में शामिल होती है।
2. NBFC में मुख्य रूप से अचल संपत्तियों के कारोबार से जुड़े संस्थान शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC):**

- NBFC **कंपनी अधिनियम, 1956** के तहत रजिस्ट्रीकृत एक कंपनी है, जो विभिन्न वित्तीय गतिविधियों में शामिल होती है जैसे कि ऋण और अग्रिम प्रदान करना, शेयर, स्टॉक, बंधपत्र, डिबेंचर तथा सरकार अथवा स्थानीय अधिकारियों द्वारा जारी प्रतिभूतियों का अधिग्रहण करना। **अतः कथन 1 सही है।**
- NBFC में मुख्य रूप से निम्नलिखित कार्यों में संलग्न संस्थान शामिल नहीं हैं:
  - कृषि अथवा औद्योगिक गतिविधियाँ
  - वस्तु के क्रय अथवा विक्रय (प्रतिभूतियों के अतिरिक्त)
  - सेवाएँ उपलब्ध कराना
  - अचल संपत्ति का व्यापार। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

13. **कृषि लागत और मूल्य आयोग (CACP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) CACP की अनुशंसाओं पर आधारित है।
2. यह कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का एक संलग्न कार्यालय है।
3. CACP भारत में उगाई जाने वाली सभी फसलों के लिये MSP की सिफारिश करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**कृषि लागत और मूल्य आयोग (Commission for Agricultural Costs and Prices- CACP):**

- MSP वह गारंटीकृत राशि है जो किसानों को तब दी जाती है जब सरकार उनकी फसल खरीदती है।

MSP **कृषि लागत और मूल्य आयोग (Commission for Agricultural Costs and Prices- CACP)** की सिफारिशों पर आधारित है, जो उत्पादन लागत, मांग तथा आपूर्ति, बाज़ार मूल्य रुझान, अंतर-फसल मूल्य समानता आदि जैसे विभिन्न कारकों पर विचार करता है। **अतः कथन 1 सही है।**

CACP कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का एक संलग्न कार्यालय है। इसका गठन जनवरी 1965 में किया गया। **अतः कथन 2 सही है।**

CACP, **22 अधिदिष्ट फसलों (Mandated Crops)** के लिये MSP और गन्ने के लिये **उचित तथा लाभकारी मूल्य (FRP)** की सिफारिश करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

14. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मंदी के कारण GDP में लगातार दो तिमाहियों में गिरावट आती है।
2. तकनीकी मंदी तब होती है जब आर्थिक गतिविधि में निरंतर गिरावट बनी रहती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**नेशनल ब्यूरो ऑफ इकोनॉमिक रिसर्च** (एक अमेरिकी NGO) मंदी को "कुछ महीनों से अधिक समय तक अर्थव्यवस्था में फैली आर्थिक गतिविधियों में एक महत्त्वपूर्ण कमी के रूप में परिभाषित करता है जो सामान्य रूप से उत्पादन, रोज़गार, वास्तविक आय और अन्य संकेतकों में दिखाई देती है।"

मंदी तब होती है जब आर्थिक गतिविधियों में निरंतर कमी बनी रहती है। यह लंबी अवधि की होती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

तकनीकी मंदी में विशेष रूप से सकल घरेलू उत्पाद में लगातार दो तिमाहियों में कमी शामिल होती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

15. **पेमेंट बैंकों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पेमेंट बैंक वर्ष 2014 में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा शुरू किये गए एक विशेष प्रकार के बैंक हैं।
2. इन्हें बैंकिंग सुविधाओं से वंचित और कम बैंकिंग सेवाओं वाली आबादी को बुनियादी बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करके वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिये अभिकल्पित किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**पेमेंट बैंक:**

पेमेंट बैंक वर्ष 2014 में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा शुरू किये गए एक विशेष प्रकार के बैंक हैं। **अतः कथन 1 सही है।**

इन्हें बैंकिंग सुविधाओं से वंचित और कम बैंकिंग सेवाओं वाली आबादी को बुनियादी बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करके वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिये अभिकल्पित किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

इन्हें छोटे व्यवसायों और कम आय वाले परिवारों के लिये वित्तीय सेवाओं की जाँच हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा गठित नचिकेत मोर समिति की सिफारिशों के आधार पर स्थापित किया गया था।

**उदाहरण:** एयरटेल पेमेंट्स बैंक, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, आदि।

16. **निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन- I:** भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) लक्ष्यों के अनुसार, भारत 2005 के स्तर से 2030 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद (सकल घरेलू उत्पाद) की उत्सर्जन तीव्रता को 45% तक कम करने का वादा करता है।

**कथन-II:** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, एक छत सौर योजना का लक्ष्य हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करके 1 करोड़ घरों को सौर ऊर्जा से संपन्न करना है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है**

A. कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं, कथन 2 कथन 1 की सही व्याख्या है।

B. कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं, कथन 2 कथन 1 की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन 1 सही है, किंतु कथन 2 गलत है।

D. कथन 1 गलत है, किंतु कथन 2 सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वर्ष 2030** के लिये भारत के **राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC)** अथवा **पेरिस समझौते** के तहत इसकी जलवायु संबंधी प्रतिज्ञाओं की पूर्ति के लिये 30 लाख करोड़ रुपए के निवेश की आवश्यकता होगी।

- भारत के NDC लक्ष्यों के अनुसार भारत वर्ष 2005 के स्तर से वर्ष 2030 तक अपने **सकल घरेलू उत्पाद (GDP)** की उत्सर्जन तीव्रता को 45% तक कम करने और वर्ष 2030 तक **गैर-जीवाश्म ईंधन**-आधारित ऊर्जा स्रोतों से **विद्युत उत्पादन की लगभग 50% संचयी स्थापित क्षमता** हासिल करने के लिये प्रतिबद्ध है। **अतः कथन I सही है।**

IREDA ने वेबिनार में रूफ टॉप सोलर योजना **"PM सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना"** के महत्त्व पर प्रकाश डाला। उक्त दूरदर्शी परियोजना में 75,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया गया है। जिसका लक्ष्य प्रत्येक माह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करके 1 करोड़ घरों को सौर ऊर्जा से लैस करना है। **अतः कथन II सही है।**

- यह योजना लोगों को न केवल पर्याप्त लाभ प्रदान करती है अपितु अक्षय ऊर्जा के बारे में उनकी जागरूकता भी बढ़ाती है जो **वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन** और वर्ष 2047 तक ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के भारत के महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य में योगदान देती है। **अतः विकल्प B सही है क्योंकि, कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं, कथन 2 कथन 1 की सही व्याख्या नहीं है।**

**17. निम्नलिखित में से कौन यूरोपीय मुक्त व्यापार संगठन (EFTA) का सदस्य है?**

1. आइसलैंड
2. लिकटेंस्टीन
3. नॉर्वे
4. स्विट्ज़रलैंड

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 1, 2 और 3

D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**यूरोपीय मुक्त व्यापार संगठन (EFTA):**

- **यूरोपीय मुक्त व्यापार संगठन (EFTA) आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्ज़रलैंड** (ये चारों यूरोपीय यूनियन का हिस्सा नहीं हैं) का अंतर-सरकारी संगठन है।
- इसकी स्थापना वर्ष 1960 में **स्टॉकहोम कन्वेंशन द्वारा** की गई थी।
- इसका उद्देश्य अपने चार सदस्य देशों और विश्व भर में उनके व्यापारिक भागीदारों के लाभ के लिये **मुक्त व्यापार तथा आर्थिक एकीकरण** को बढ़ावा देना है।
- **अतः विकल्प D सही है।**

**18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारत 'समयपूर्व वि-औद्योगीकरण' का सामना कर रहा है।

**कथन II:** भारतीय अर्थव्यवस्थाएँ सेवा क्षेत्र में समय से पहले बदलाव का सामना कर सकती हैं, जिससे विनिर्माण विकास में बाधा आ सकती है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **महामारी के बाद** तेज़ी से सुधार होने के बावजूद, भारत '**समयपूर्व वि-औद्योगीकरण**' का सामना कर रहा है, जिससे असमानता बढ़ गई है क्योंकि तेज़ी से विकास का लाभ एक छोटे से अल्पसंख्यक वर्ग को मिलता है, जिससे मौजूदा असमानताएँ बढ़ जाती हैं। **अतः कथन I सही है।**
- भारतीय अर्थव्यवस्थाएँ सेवा क्षेत्र में समय से पहले बदलाव का सामना कर सकती हैं, जिससे विनिर्माण विकास में बाधा आ सकती है। **अतः कथन II सही है। अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I के लिये सही स्पष्टीकरण है।**

**19. भारतीय रबर बोर्ड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह रबर अधिनियम, 1947 के तहत गठित एक वैधानिक संगठन है।

2. इसका नेतृत्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**रबर बोर्ड:**

- रबर बोर्ड, **रबर अधिनियम, 1947** की धारा (4) के तहत गठित एक वैधानिक संगठन है, साथ ही यह **वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत कार्य** करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- बोर्ड का **अध्यक्ष**, केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है और इसमें प्राकृतिक रबर उद्योग के विभिन्न हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले **28 सदस्य** होते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- बोर्ड रबर से संबंधित अनुसंधान, विकास, विस्तार के साथ-साथ प्रशिक्षण गतिविधियों को सहायता एवं प्रोत्साहित करके देश में रबर उद्योग के विकास के लिये ज़िम्मेदार है।

**20. निम्नलिखित एजेंसियों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)
2. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI)
3. भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI)

**उपर्युक्त में से कितने भारत में फिनटेक के लिये प्रमुख नियामक निकाय हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **फिनटेक (Fintech):**
  - फिनटेक, एक वित्तीय प्रौद्योगिकी, भुगतान, उधार, बीमा, धन प्रबंधन तथा अन्य **वित्तीय सेवाएँ प्रदान करने** अथवा उनको अधिक सुविधाजनक बनाने के लिये डिजिटल प्लेटफॉर्म, सॉफ्टवेयर एवं सेवाओं का उपयोग है।
- **भारत में फिनटेक के विनियमन के लिये प्रमुख निकाय:**
  - भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI):
    - RBI, बैंकों, NBFC, PSP तथा क्रेडिट ब्यूरो को विनियमित करता है।
    - भारत के मुद्रा बाज़ार तथा विदेशी मुद्रा बाज़ार को विनियमित करने के लिये ज़िम्मेदार है।
    - डिजिटल भुगतान जैसे फिनटेक क्षेत्रों की निगरानी करता है,
    - डिजिटल ऋण तथा डिजिटल अथवा नव-बैंक (नियोबैंक)।
  - भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI):
    - प्रतिभूति बाज़ारों एवं स्टॉकब्रोकरों तथा निवेश सलाहकारों जैसे मध्यस्थों को विनियमित करता है।
    - प्रतिभूति, बाज़ारों और स्टॉकब्रोकरों तथा निवेश सलाहकारों जैसे मध्यस्थों को नियंत्रित करता है।
    - स्टॉकब्रोकिंग और निवेश सलाहकार जैसी सेवाएँ इसके अधिकार क्षेत्र में आती हैं।
  - भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI):
    - बीमाकर्त्ताओं, कॉर्पोरेट एजेंटों, बीमा के लिये वेब एग्रीगेटर्स और तीसरे पक्ष के एजेंटों को विनियमित करता है।
    - बीमा क्षेत्र में अनुपालन और अखंडता सुनिश्चित करता है।

    अत: विकल्प C सही है।

**21. भारत में डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (DPI) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. DPI लोगों, धन और सूचना के प्रवाह में मध्यस्थता करते हैं।
2. भारत तीनों मूलभूत DPI विकसित करने वाला पहला देश बन गया: डिजिटल पहचान (आधार), रियल टाइम फास्ट पेमेंट (UPI) और डेटा एम्पावरमेंट प्रोटेक्शन आर्किटेक्चर (DEPA) पर निर्मित अकाउंट एग्रीगेटर।
3. डेटा एम्पावरमेंट एंड प्रोटेक्शन आर्किटेक्चर (डीईपीए) एक डिजिटल ढाँचा स्थापित करता है जो उपयोगकर्त्ताओं को किसी तीसरे पक्ष इकाई द्वारा परिभाषित शर्तों के तहत अपना डेटा साझा करने में सक्षम बनाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (DPI):** DPI **डिजिटल पहचान, भुगतान बुनियादी ढाँचे एवं डेटा एक्सचेंज समाधान जैसे ब्लॉक या प्लेटफॉर्म को संदर्भित** करता है जो देशों को अपने

लोगों को आवश्यक सेवाएँ प्रदान करने, नागरिकों को सशक्त बनाने के साथ-साथ डिजिटल समावेशन को सक्षम करके जीवन में सुधार करने में सहायता प्रदान करता है।

- **DPI पारिस्थितिकी तंत्र:** DPI **लोगों, धन एवं सूचना के प्रवाह में मध्यस्थता** करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - ये तीन सेट एक प्रभावी DPI पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की नींव का भी निर्माण करते हैं:
    - पहला, डिजिटल ID सिस्टम के माध्यम से लोगों का प्रवाह।
    - दूसरा, वास्तविक समय में त्वरित भुगतान प्रणाली के माध्यम से धन का प्रवाह।
    - और तीसरा, DPI के लाभों को वास्तविक बनाने तथा नागरिकों को डेटा को नियंत्रित करने की वास्तविक क्षमता के साथ सशक्त बनाने के लिये सहमति-आधारित डेटा साझाकरण प्रणाली के माध्यम से व्यक्तिगत जानकारी का प्रवाह।
- **इंडियास्टैक:** यह **API (एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस)** का एक सेट है जो सरकारों, व्यवसायों, स्टार्टअप के साथ-साथ डेवलपर्स को उपस्थिति-रहित, कागज़ रहित और कैशलेस सेवा वितरण की दिशा में भारत की कठिन समस्याओं को हल करने के लिये एक अद्वितीय डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करने की अनुमति देता है।
  - भारत, इंडिया स्टैक के माध्यम से, डेटा एम्पावरमेंट प्रोटेक्शन आर्किटेक्चर (DEPA) पर निर्मित सभी तीन मूलभूत DPI, डिजिटल पहचान (आधार), रियल-टाइम फास्ट पेमेंट (UPI) एवं अकाउंट एग्रीगेटर विकसित करने वाला पहला देश बन गया। **अतः कथन 2 सही है।**
  - DEPA एक डिजिटल ढाँचे का निर्माण करते है जो उपयोगकर्त्ताओं को तीसरे पक्ष की इकाई के माध्यम से अपनी शर्तों पर अपना डेटा साझा करने की अनुमति देता है, जिन्हें सहमति प्रबंधक के रूप में जाना जाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत वर्तमान में वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ा अग्रणी है, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) वैश्विक स्तर पर सभी अंतरिक्ष एजेंसियों में शीर्ष पर है।
2. भारत में अंतरिक्ष क्षेत्र में 100% FDI की अनुमति है, जिसका उद्देश्य संभावित निवेशकों को भारतीय अंतरिक्ष कंपनियों में आकर्षित करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी 2-3% (यूएस: 40%, यूके: 7%)** है और साथ ही यह भी आशा है कि **वर्ष 2030 तक इसकी हिस्सेदारी 10% से अधिक** हो जाएगी। **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (Indian Space Research Organisation- ISRO),** विश्व की छह सबसे बड़ी अंतरिक्ष एजेंसियों में से एक है।**अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **100% FDI की अनुमति:** संशोधित नीति के तहत, अंतरिक्ष क्षेत्र में **100% FDI** की अनुमति है, जिसका उद्देश्य संभावित निवेशकों को भारतीय अंतरिक्ष कंपनियों में आकर्षित करना है।**अतः कथन 2 सही है।**
- **उदारीकृत प्रवेश मार्ग:** विभिन्न अंतरिक्ष गतिविधियों के लिये प्रवेश मार्ग इस प्रकार हैं:
  - **स्वचालित मार्ग के अंतर्गत 74% तक:** उपग्रह-विनिर्माण और प्रचालन, सैटेलाइट डेटा उत्पाद तथा ग्राउंड सेगमेंट तथा यूज़र सेगमेंट।
    - 74% के बाद ये गतिविधियाँ सरकारी मार्ग के अंतर्गत आती हैं।

**23. भारतीय मसाला बाज़ार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत विश्व का सबसे बड़ा मसाला उत्पादक, उपभोक्ता और मसालों का निर्यातक है।
2. भारत अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (ISO) द्वारा सूचीबद्ध 109 किस्मों में से लगभग 75 का उत्पादन करता है।

**ऊपर दिये गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारतीय मसाला बाज़ार:**

- भारत, **विश्व का सबसे बड़ा मसाला उत्पादक** है और साथ ही **यह मसालों का सबसे बड़ा उपभोक्ता तथा निर्यातक** भी है। **अतः कथन 1 सही है।**

- भारत, **अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन ( ISO )** द्वारा **सूचीबद्ध 109 किस्मों में से लगभग 75 का उत्पादन** करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- सबसे अधिक **उत्पादित एवं निर्यात किये जाने वाले मसाले** काली मिर्च, इलायची, मिर्च, अदरक, हल्दी, धनिया, जीरा, अजवायन, सौंफ, मेथी, लहसुन, जायफल तथा जावित्री, करी पाउडर, मसाला तेल एवं ओलियोरेसिन हैं।

**24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बिटकॉइन एक प्रकार की डिजिटल मुद्रा है जो किसी को भी त्वरित भुगतान करने में सक्षम बनाती है।
2. भारत में क्रिप्टोकरेंसी वर्चुअल डिजिटल एसेट्स श्रेणी में आती है और कराधान के अधीन नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- बिटकॉइन एक प्रकार की डिजिटल मुद्रा है जो किसी को भी त्वरित भुगतान करने में सक्षम बनाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत में क्रिप्टोकरेंसी **वर्चुअल डिजिटल एसेट्स** श्रेणी में आती है और **कराधान के अधीन है। अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - क्रिप्टोक्यूरेंसी ट्रेडिंग से उत्पन्न मुनाफे पर अतिरिक्त 4% उपकर **( केंद्रीय बजट 2022-23 )** के साथ 30% की दर से कर लगाया जाता है।
- वर्ष 2022 में, RBI ने अपनी स्वयं की **सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी** लॉन्च की, जिसे ई-रुपी (e-Rupee) के नाम से जाना जाता है, जो ब्लॉकचेन तकनीक पर आधारित है।

**25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस्तांबुल सहयोग पहल (ICI) व्यापक मध्य-पूर्व क्षेत्र में गैर-नाटो देशों को क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ाने के उद्देश्य से नाटो के साथ सहयोग करने का अवसर प्रदान करती है।
2. "नाटो प्लस" एक सुरक्षा गठबंधन को दर्शाता है जिसमें नाटो तथा पाँच अमेरिकी संधि सहयोगी यथा ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड, जापान, इज़रायल एवं दक्षिण कोरिया शामिल हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **इस्तांबुल सहयोग पहल ( ICI )** व्यापक **मध्य पूर्व क्षेत्र में गैर-नाटो देशों को क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ाने के उद्देश्य से नाटो के साथ सहयोग** करने का अवसर प्रदान करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **"नाटो प्लस" एक सुरक्षा गठबंधन** को दर्शाता है जिसमें **नाटो तथा पाँच अमेरिकी संधि सहयोगी** यथा **ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड, जापान, इज़रायल एवं दक्षिण कोरिया** शामिल हैं जिसका **उद्देश्य वैश्विक रक्षा सहयोग को मज़बूत करना और साथ ही चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के विरुद्ध रणनीतिक प्रतिस्पर्द्धा** में प्रबल होना है। **अतः कथन 2 सही है।**

**26. 'पश्चिम अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समूह ( ECOWAS )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ECOWAS ने वर्ष 1990 में अपना मुक्त व्यापार क्षेत्र स्थापित किया और बाद में इसने एक सामान्य बाह्य/विदेशी टैरिफ अपनाया।
2. इसने क्षेत्र में संघर्षों को नियंत्रित करने के लिये शांति सैन्य व्यवस्था विकसित करके कुछ सुरक्षा मुद्दों का हल करने के लिये भी कार्य किया है।
3. भारत का ECOWAS के साथ दीर्घकालिक संबंध है और वर्ष 2004 में इसे निकाय के पर्यवेक्षक का दर्जा दिया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **'इकोनॉमिक कम्युनिटी ऑफ वेस्ट अफ्रीकन स्टेट्स ( ECOWAS )'** एक क्षेत्रीय समूह है जिसका उद्देश्य **पश्चिम अफ्रीकी उप-क्षेत्र** के आर्थिक एकीकरण और साझा विकास को बढ़ावा देना है।
- ECOWAS ने **वर्ष 1990 में अपना मुक्त व्यापार क्षेत्र** स्थापित किया और जनवरी 2015 में एक सामान्य बाह्य/विदेशी टैरिफ अपनाया। **अतः कथन 1 सही है।**

- इसकी **स्थापना मई 1975 में** 15 पश्चिम अफ्रीकी देशों द्वारा **नाइजीरिया के लागोस में** की गई थी।
- **संस्थापक सदस्य राष्ट्र:** बेनिन, बुर्किना फासो, कोटे डी'आइवर, गाम्बिया, घाना, गिनी, गिनी बिसाऊ, लाइबेरिया, माली, मॉरिटानिया, नाइजर, नाइजीरिया, सियेरा लियोन, सेनेगल और टोगो।
- **मुख्यालय:** अबुजा, नाइजीरिया
- इसने क्षेत्र में **संघर्षों को नियंत्रित करने के लिये शांति सैन्य व्यवस्था** विकसित करके कुछ सुरक्षा मुद्दों का हल करने के लिये भी कार्य किया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- प्रारंभ में **वर्ष 1990 में** गृह युद्ध के दौरान **लाइबेरिया** और **वर्ष 1997 में** लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार को सत्ताहीन करने के बाद **सैनिकों को सियेरा लियोन भेजा गया** था।
- भारत का ECOWAS के साथ दीर्घकालिक संबंध है और **वर्ष 2004 में इसे निकाय के पर्यवेक्षक का दर्जा** दिया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

**27. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक सरकारी संगठन है जो भारत में संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों से जुड़े कर्मचारियों के लिये भविष्य निधि एवं पेंशन खातों का प्रबंधन करता है।
2. यह श्रम और रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रशासित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**कर्मचारी भविष्य निधि संगठन:**

- यह एक सरकारी संगठन है जो भारत में केवल संगठित क्षेत्रों से जुड़े कर्मचारियों के लिये **भविष्य निधि और पेंशन खातों** का प्रबंधन करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह **कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952** को लागू करता है।
- यह श्रम और **रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार** द्वारा प्रशासित है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यह ग्राहकों और किये गए वित्तीय लेनदेन की मात्रा के मामले में दुनिया के सबसे बड़े सामाजिक सुरक्षा संगठनों में से एक है।

**28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** खाद्य प्रणाली अर्थशास्त्र आयोग ने "इकोनॉमिक्स ऑफ फूड सिस्टम ट्रांसफॉर्मेशन" शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की जिसमें वर्तमान खाद्य प्रणालियों में स्थाई तत्काल परिवर्तन पर ज़ोर दिया गया जिसकी अनुमानित लागत वार्षिक रूप से 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर है।

**कथन-II:** खाद्य प्रणाली अर्थशास्त्र आयोग (FSEC) एक निजी संघ है जिसमें कई राष्ट्र तथा शैक्षणिक क्षेत्रों के वैज्ञानिक शामिल हैं और इसका उद्देश्य खाद्य प्रणाली सुरक्षा की चुनौतियों की पहचान करना एवं उन्हें समाधान करने के लिये आवश्यक नीतिगत परिवर्तन करना है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **खाद्य प्रणाली अर्थशास्त्र आयोग (FSEC)** ने **"इकोनॉमिक्स ऑफ फूड सिस्टम ट्रांसफॉर्मेशन"** शीर्षक से एक रिपोर्ट प्रकाशित की है जिसके अनुसार **प्रति वर्ष 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर** की अनुमानित कुल लागत के साथ मौजूदा खाद्य प्रणालियों के स्थायी परिवर्तन की तत्काल आवश्यकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **खाद्य प्रणाली अर्थशास्त्र आयोग (FSEC)** एक निजी संघ है जिसमें कई राष्ट्र तथा शैक्षणिक क्षेत्रों के **वैज्ञानिक** शामिल हैं और इसका उद्देश्य **खाद्य प्रणाली सुरक्षा की चुनौतियों** की पहचान करना एवं उन्हें समाधान करने के लिये आवश्यक **नीतिगत परिवर्तन** करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- दोनों कथन सही हैं। **कथन 2** मात्र **खाद्य प्रणाली आर्थिक आयोग** से संबंधित जानकारी प्रदान करता है। यह कथन 1 की व्याख्या नहीं करता है।

अत:, विकल्प B सही है।

**29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भुगतान करने और किसी निवेशक/ऋणदाता को उधारकर्त्ता द्वारा डिफॉल्ट के जोखिम से बचाने के लिये 'गारंटी' राज्य हेतु एक कानूनी दायित्व है।

**कथन-II:** भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के अनुसार, एक गारंटी, किसी तीसरे व्यक्ति के डिफॉल्ट के मामले में "वादा पूरा करने या दायित्व का निर्वहन करने" का एक अनुबंध है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भुगतान करने और किसी **निवेशक/ऋणदाता को उधारकर्त्ता द्वारा डिफॉल्ट के जोखिम** से बचाने के लिये 'गारंटी' राज्य हेतु एक कानूनी दायित्व है। **अतः कथन I सही है।**
- **भारतीय संविदा अधिनियम, 1872** के अनुसार, एक गारंटी, किसी तीसरे व्यक्ति के डिफॉल्ट के मामले में "वादा पूरा करने या दायित्व का निर्वहन करने" का एक अनुबंध है। इसमें तीन पक्ष शामिल हैं: **प्रमुख देनदार, लेनदार और ज़मानतदार। अतः कथन II सही है।**
  - **लेनदार:** वह संस्था जिसे गारंटी दी गई है। यह वह पक्ष है जिसे **भुगतान देय** है और वे गारंटी द्वारा सुरक्षित हैं।
  - **प्रमुख देनदार:** वह **संस्था जिसकी ओर से गारंटी दी गई है। यह वह पार्टी है जिस पर कर्ज़ बकाया या देनदारी** है।
  - **ज़मानतदार: गारंटी प्रदान करने वाली इकाई** (इस संदर्भ में राज्य सरकारें), जो वादा पूरा करने या **डिफॉल्ट के मामले में मुख्य देनदार की देनदारी का निर्वहन** करने का वादा करती है।
- अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।

**30. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उर्वरक ग्रेड डि-अमोनियम फॉस्फेट (DAP) में 18% नाइट्रोजन और 46% फॉस्फोरस होता है तथा इसे फॉस्फोरिक एसिड के साथ अमोनिया से प्रतिक्रिया द्वारा निर्मित किया जाता है।
2. भारतीय किसान उर्वरक सहकारी (IFFCO) ने नैनो DAP लॉन्च किया, जिसमें मात्रा के आधार पर 8% नाइट्रोजन और 16% फास्फोरस है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **DAP (डाई-अमोनियम फॉस्फेट):**
  - DAP, भारत में यूरिया के बाद दूसरा सर्वाधिक इस्तेमाल किया जाने वाला उर्वरक है।
  - DAP को भारत में अधिक वरीयता दी जाती है क्योंकि इसमें **नाइट्रोजन और फॉस्फोरस** दोनों शामिल होते हैं। उल्लेखनीय है कि ये दोनों ही तत्त्व **मैक्रोन्यूट्रिएंट्स** हैं और **पौधों के लिये आवश्यक 18 पोषक तत्त्वों का हिस्सा** हैं।
  - उर्वरक ग्रेड DAP में **18% नाइट्रोजन और 46% फॉस्फोरस** होता है। इसका निर्माण उर्वरक संयंत्रों में नियंत्रित परिस्थितियों में **फॉस्फोरिक एसिड के साथ अमोनिया की अभिक्रिया** द्वारा किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **नैनो DAP:**
  - **नैनो DAP, DAP का एक विशेष रूप** है जिसे पौधों की वृद्धि एवं विकास को प्रोत्साहित करने में उर्वरक की प्रभावशीलता में सुधार लाने के लक्ष्य के साथ तैयार किया गया है।
  - वर्ष 2023 में **इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइज़र कोऑपरेटिव (IFFCO/इफको)** ने अपना नैनो DAP लॉन्च किया, जिसमें मात्रा के हिसाब से **8% नाइट्रोजन और 16% फॉस्फोरस** था। **अतः कथन 2 सही है।**
  - पारंपरिक DAP, जो दानेदार रूप में होता है, के विपरीत इफको का **नैनो DAP तरल रूप में प्राप्त होता है।**

**31. 'क्रेडिट प्रणाली' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विभिन्न पाठ्यक्रमों या सीखने की गतिविधियों को पूरा करने एवं विषयवस्तु में निपुणता प्रदर्शित करने के लिये आवश्यक समय तथा प्रयास के आधार पर संख्यात्मक मान प्रदान करता है, जिसे क्रेडिट के रूप में जाना जाता है।
2. इसका उद्देश्य व्यावसायिक और सामान्य शिक्षा के बीच शैक्षणिक समानता स्थापित करना है।
3. एक छात्र के क्रेडिट को एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में डिजिटल रूप से सहेजा जाएगा और उससे जुड़े डिजीलॉकर खाते के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- क्रेडिट प्रणाली शिक्षा में उपयोग की जाने वाली एक विधि है जिसका उपयोग किसी छात्र द्वारा **सीखने की क्षमता को मापने एवं उसका आकलन करने** के लिये किया जाता है।
  - यह विभिन्न पाठ्यक्रमों या सीखने की गतिविधियों को पूरा करने एवं विषयवस्तु में निपुणता प्रदर्शित करने के लिये **आवश्यक समय तथा प्रयास के आधार पर संख्यात्मक मान प्रदान** करता है, जिसे क्रेडिट के रूप में जाना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- क्रेडिट प्रणाली का उद्देश्य NEP 2020 द्वारा प्रस्तावित, व्यावसायिक तथा सामान्य शिक्षा के बीच अकादमिक समानता स्थापित करना और साथ ही दो शिक्षा प्रणालियों के बीच गतिशीलता को सुविधाजनक बनाना है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - एक छात्र के क्रेडिट को **एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट** में डिजिटल रूप से सहेजा जाएगा और उससे जुड़े **डिजीलॉकर** खाते के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। **अतः कथन 3 सही है।**
  - अपने संबद्ध स्कूलों में इसे लागू करने के लिये CBSE ने वर्ष 2022 में एक उपसमिति का गठन किया जिसने सुझाव दिया कि वर्तमान शैक्षणिक ढाँचे को NCrF के साथ संरेखित करने के लिये कैसे फिर से डिज़ाइन किया जाना चाहिये।

**32. सकल मूल्य वर्द्धित (GVA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GVA उत्पादकों द्वारा उत्पादन के दौरान वस्तुओं और सेवाओं में जोड़े गए मूल्य (संवर्द्धन) को मापता है।
2. इसकी गणना समग्र आउटपुट में इनपुट की लागत जोड़कर की जाती है।
3. यदि हम GVA से मूल्यह्रास को घटाते हैं तो हमें निवल वर्धित मूल्य (NVA) प्राप्त होता है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सकल मूल्य वर्द्धित (GVA):**

- उत्पादन के दौरान **उत्पादक द्वारा वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य में किया संवर्द्धन** GVA द्वारा आँका जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसकी गणना **कुल आउटपुट से इनपुट (मध्यवर्ती खपत) की लागत घटाकर** की जाती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह **सकल घरेलू उत्पाद (GDP)** का एक प्रमुख घटक है, जो आर्थिक विकास को दर्शाता है। **GVA वृद्धि दरें क्षेत्रीय प्रदर्शन में अंतर्दृष्टि प्रदान करती हैं** जो आर्थिक विश्लेषण तथा नीति निर्माण में सहायता करती हैं।
  - GVA = GDP + उत्पादों पर सब्सिडी - उत्पादों पर कर।
- GVA से मूल्यह्रास घटाने पर **निवल वर्द्धित मूल्य (Net Value Added- NVA)** प्राप्त होता है।
  - NVA मध्यवर्ती खपत तथा स्थिर पूंजी की खपत दोनों के मूल्यों को घटाकर आउटपुट का मूल्य है। **अतः कथन 3 सही है।**

**33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत कार्य करते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) भारत में खाद्य सुरक्षा तथा गुणवत्ता का विनियमन व पर्यवेक्षण करके सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा एवं प्रोत्साहन के लिये उत्तरदायी है।

**कथन- II:** वर्ष 2006 के अधिनियम में खाद्य पदार्थों से संबंधित विभिन्न कानून शामिल हैं, जैसे कि खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954, फल उत्पाद आदेश, 1955, मांस खाद्य उत्पाद आदेश, 1973 और विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा प्रबंधित अन्य अधिनियम।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय** के तहत कार्य करते हुए FSSAI भारत में खाद्य सुरक्षा तथा गुणवत्ता का विनियमन व

पर्यवेक्षण करके **सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा एवं प्रोत्साहन** के लिये उत्तरदायी है। **अत: कथन 1 सही है।**

- वर्ष 2006 के अधिनियम में खाद्य पदार्थों से संबंधित विभिन्न कानून शामिल हैं, जैसे कि **खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954**, **फल उत्पाद आदेश, 1955**, **मांस खाद्य उत्पाद आदेश, 1973** और विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा प्रबंधित अन्य अधिनियम। **अत: कथन 2 सही है।**
- कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं। कथन 2 खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के संबंध में है न कि FSSAI के कार्य के बारे में।

अत: विकल्प B सही है।

**34. CAR-T सेल थेरेपी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक प्रकार की इम्यूनोथेरेपी है जिसमें रोगी की प्रतिरक्षा प्रणाली की सहायता से कैंसर का इलाज किया जाता है।
2. इस थेरेपी को ल्यूकेमिया और लिम्फोमा के लिये अनुमोदित किया गया है।
3. CAR-T थेरेपी का उपयोग अत्यधिक किफायती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपर्युक्त से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**CAR-T सेल थेरेपी:**

- CAR T-सेल थेरेपी, जिसे **काइमेरिक एंटीजेन रिसेप्टर T-सेल थेरेपी** के रूप में भी जाना जाता है, एक प्रकार की इम्यूनोथेरेपी है जो कैंसर से लड़ने के लिये मरीज़ की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली का उपयोग करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- CAR T-सेल थेरेपी को **ल्यूकेमिया** (श्वेत रक्त कोशिकाओं का उत्पादन करने वाली कोशिकाओं से उत्पन्न होने वाला कैंसर) और **लिम्फोमा** (लसीका प्रणाली से उत्पन्न होने वाला कैंसर) के लिये अनुमोदित किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- CAR-T थेरेपी के गंभीर दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं, जिसमें **साइटोकिन रिलीज़ सिंड्रोम** (प्रतिरक्षा प्रणाली की व्यापक सक्रियता और शरीर की सामान्य कोशिकाओं को संपार्श्विक क्षति) तथा न्यूरोलॉजिकल लक्षण (गंभीर भ्रम, दौरे एवं वाक् असमर्थता) शामिल हैं।
- CAR-T थेरेपी के तहत इलाज काफी महँगान है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**35. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** उदार रुख का मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिये मुद्रा आपूर्ति का विस्तार करने के लिये तैयार है।

**कथन-II:** मौद्रिक नीति समिति (MPC) का लक्ष्य विकास का समर्थन करते हुए मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप करने के लिये चरणबद्ध रूप से समायोजन को वापस लेना है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, किंतु कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **मौद्रिक नीति समिति** के उदार रुख का मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिये धन आपूर्ति का विस्तार करने के लिये तैयार है। **अत: कथन I सही है।**
- MPC ने **निभाव (Accommodation) को वापस लेने** पर ध्यान केंद्रित रखने का भी निर्णय लिया। **अत: कथन II सही है।**
  - **कथन I और कथन II दोनों सही हैं किंतु कथन II कथन I की सही व्याख्या नहीं है। अत: विकल्प B सही है।**

**36. RuPay के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) द्वारा विकसित एक भुगतान प्रणाली और वित्तीय सेवा उत्पाद है।
2. यह एक घरेलू कार्ड भुगतान नेटवर्क है जिसका उपयोग पूरे भारत में स्वचालित टेलर मशीन (ATMs), पॉइंट ऑफ सेल/बिक्री का एक बिंदु (PoS) उपकरणों और ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**RuPay:**

- **रुपे कार्ड भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (National Payments Corporation of India- NPCI)** द्वारा विकसित एक भुगतान प्रणाली और वित्तीय सेवा उत्पाद है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह एक **घरेलू कार्ड भुगतान नेटवर्क** है जिसका उपयोग पूरे भारत में **स्वचालित टेलर मशीन (automated teller machines- ATMs), पॉइंट ऑफ सेल/बिक्री का एक बिंदु (PoS)** उपकरणों और ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007** के तहत प्रावधान, **भारतीय रिज़र्व बैंक** तथा **भारतीय बैंक संघ (Indian Banks' Association-IBA)** को भारत में एक सुरक्षित इलेक्ट्रॉनिक भुगतान एवं निपटान प्रणाली बनाने का अधिकार देता है।

**37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** नीति आयोग और दूतावास साम्राज्य ने 'मध्यम और भारी वाणज्यिकि वाहनों में परविहन ईंधन के रूप में तरलीकृत प्राकृतकि गैस (LNG)' शीर्षक से एक रपिोर्ट जारी की।

**कथन-II:** प्राकृतकि गैस को लगभग -260°F तक ठंडा कयिा जाता है, जसिसे एक स्पषट, रंगहीन और गैर-वषिैला तरल बनता है, जसि LNG एनजी के रूप में जाना जाता है, इसे लंबी दूरी तक आसानी से ले जाया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या करता है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, एवं कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।
C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, किंतु कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **नीति आयोग और नीदरलैंड दूतावास** ने भारत ऊर्जा सप्ताह के दौरान **'मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों में परिवहन ईंधन के रूप में तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG)' शीर्षक से एक रिपोर्ट** जारी की। **अतः कथन I सही है।**
- **प्राकृतिक गैस** को लगभग **-260°F** तक ठंडा किया जाता है, जिससे एक **स्पष्ट, रंगहीन और गैर-विषाक्त तरल** निर्मित होता है जिसे प्राकृतिक गैस की बड़ी आपूर्ति वाले क्षेत्रों से उन क्षेत्रों में ले जाया जा सकता है जहाँ प्राकृतिक गैस की मांग अधिक होती है। **अतः कथन II सही है।**
  - **विभिन्न श्रेणियों में स्वर्ण कमल पुरस्कार विजेताओं को अब 3 लाख रुपये तथा रजत कमल विजेताओं को 2 लाख रुपए प्रदान किये जाएंगे।**

इसलिये, विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, और कथन-II कथन-I का सही व्याख्या है।

**38. 'निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (IEPFA)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. IEPFA की स्थापना वर्ष 2016 में निवेशक शिक्षा सुरक्षा कोष (IEPF) के प्रशासन के लिये भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के तत्त्वावधान में की गई थी।
2. नई दिल्ली में IEPFA और डेवलपमेंट बैंक ऑफ सिंगापुर लिमिटेड (DBS) के बीच एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किये गए हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (IEPFA) की स्थापना 7 सितंबर 2016 को कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के तत्त्वावधान में अन्य बातों के अलावा निवेशकों को शेयरों, बिना दावे वाले लाभांश तथा परिपक्व जमा/डिबेंचर के रिफंड के संदर्भ में निवेशक शिक्षा सुरक्षा कोष के प्रबंधन के लिये की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- निवेशक जागरूकता और सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम में, नई दिल्ली में निवेशक शिक्षा तथा संरक्षण निधि प्राधिकरण (Investor Education and Protection Fund Authority- IEPFA) एवं डेवलपमेंट बैंक ऑफ सिंगापुर लिमिटेड (DBS) के बीच एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किये गए। **अतः कथन 2 सही है।**
  - IEPF जागरूकता को बढ़ावा देता है और निवेशकों के हितों की रक्षा करता है।
  - IEPFA ने वित्तीय साक्षरता बढ़ाने और निवेशकों को वित्तीय धोखाधड़ी से बचाने के लिये सशक्त बनाने के उद्देश्य से कई निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये हैं।

39. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** मौद्रिक नीति समिति (MPC) के उदार रुख का अर्थ है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिये धन आपूर्ति के लिये तैयार है।

**कथन-II:** MPC का लक्ष्य विकास को समर्थन देते हुए मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप करने के लिये धीरे-धीरे समायोजन वापस लेना है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन- I और कथन- II दोनों सही हैं तथा कथन-I के लिये कथन- II सही व्याख्या है।

B. कथन- I और कथन- II दोनों सही हैं तथा कथन-I के लिये कथन- II सही व्याख्या नही है।

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है, किंतु कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **मौद्रिक नीति समिति (MPC)** के उदार रुख का अर्थ है कि केंद्रीय बैंक **आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिये धन आपूर्ति के विस्तार** के लिये तैयार है। **अत: कथन-I सही है।**
- **MPC** का लक्ष्य विकास को समर्थन देते हुए मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप करने के लिये धीरे-धीरे समायोजन वापस लेना है। **अत: कथन-II सही है।**
- **इसलिये विकल्प A सही है क्योंकि कथन- I और कथन- II दोनों सही हैं तथा कथन-I के लिये कथन- II सही व्याख्या है।**

40. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) से आशय स्टॉक, बंधपत्र और म्यूचुअल फंड जैसे भारत की वित्तीय आस्तियों में विदेशी व्यक्तियों, निगमों एवं संस्थानों द्वारा किये गए निवेश से है।
2. FPI मुख्य रूप से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI), जिसमें अल्पकालिक लाभ शामिल होता है, के विपरीत दीर्घकालिक लाभ के उद्देश्य से किया गया निवेश है।
3. मॉरीशस को पीछे छोड़ते हुए लक्ज़मबर्ग भारत में FPI के लिये तीसरा सबसे बड़ा क्षेत्र बन गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **विदेशी पोर्टफोलियो निवेश** (FPI) से आशय स्टॉक, बंधपत्र और म्यूचुअल फंड जैसे भारत की वित्तीय आस्तियों में **विदेशी व्यक्तियों, निगमों एवं संस्थानों द्वारा किये गए निवेश** से है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - ये निवेश मुख्य रूप से **प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI)**, जिसमें आस्तियों का दीर्घकालिक स्वामित्त्व शामिल होता है, के विपरीत **अल्पकालिक लाभ** और **पोर्टफोलियो विविधीकरण** के उद्देश्य से किये जाते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- मॉरीशस को पीछे छोड़ लक्ज़मबर्ग अब **भारत में FPI के मामले में तीसरे स्थान पर** है। जिसकी **अभिराक्षधीन आस्तियाँ (Assets Under Custody- AUC)** 30% बढ़कर ₹4.85 लाख करोड़ हो गई। **अत: कथन 3 सही है।**

41. **'राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (NMP)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NMP में केंद्र सरकार की मुख्य आस्तियों को पट्टे पर देने के माध्यम से 6 लाख करोड़ रुपये की कुल मुद्रीकरण क्षमता की परिकल्पना की गई है।
2. इस पाइपलाइन का उद्देश्य राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (NIP) के तहत वित्त वर्ष 2015 तक छह वर्षों में 111 ट्रिलियन रुपये के निवेश का समर्थन करना है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (NMP) **चार वर्ष की अवधि (वित्त वर्ष 2022-25) में** सड़कों, रेलवे, बिजली, तेल और गैस पाइपलाइन, दूरसंचार, नागरिक उड्डयन जैसे क्षेत्रों में **केंद्र सरकार की मुख्य आस्तियों को पट्टे पर देकर 6 लाख करोड़ रुपए की कुल मुद्रीकरण क्षमता की परिकल्पना करता है। अत: कथन 1 सही है।**
  - NMP के माध्यम से **मुद्रीकरण में गैर-प्रमुख आस्तियों के विनिवेश के माध्यम से मुद्रीकरण** को छोड़कर केवल मुख्य आस्तियाँ शामिल हैं। वर्तमान में अवसंरचनात्मक क्षेत्रों में केवल **केंद्र सरकार के संबंधित मंत्रालयों और CPSE** की आस्ति को शामिल किया गया है।

- इस पाइपलाइन का उद्देश्य **राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (National Infrastructure Pipeline- NIP)** के तहत वित्त वर्ष 2015 तक छह वर्षों में 111 ट्रिलियन रुपए के निवेश का समर्थन करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - **NMP के लिये समय-सीमा** को **रणनीतिक रूप से राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन** के तहत शेष अवधि में समाप्त करने के लिये निर्धारित किया गया है।

**42. भौगोलिक संकेतक (GI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह बौद्धिक संपदा अधिकार के व्यापार-संबंधित पहलुओं (TRIPS) पर विश्व व्यापार संगठन (WTO) समझौते द्वारा विनियमित एवं निर्देशित है।
2. GI प्रमाणीकरण केवल कृषि उत्पादों तक ही विस्तारित है, गैर-कृषि उत्पादों तक नहीं।
3. विश्व स्तर पर, चीन GI पंजीकरण में सबसे आगे है और उसके बाद जर्मनी का स्थान है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमे से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- यह बौद्धिक संपदा अधिकार के व्यापार-संबंधित पहलुओं (TRIPS) पर विश्व व्यापार संगठन (WTO) समझौते द्वारा विनियमित एवं निर्देशित है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **वस्तुओं से संबंधित 'वस्तुओं का भौगोलिक सूचक' (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999** भारत में वस्तुओं से संबंधित भौगोलिक संकेतकों के पंजीकरण तथा बेहतर संरक्षण प्रदान करने का प्रयास करता है।
- यह प्रमाणीकरण गैर-कृषि उत्पादों तक भी बढ़ाया जाता है, जैसे मानव कौशल पर आधारित हस्तशिल्प, कुछ क्षेत्रों में उपलब्ध सामग्री और संसाधन जो उत्पाद को अद्वितीय बनाते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- विश्व बौद्धिक संपदा संगठन के **2020 के आँकड़ों के अनुसार, 15,566 पंजीकृत उत्पादों के साथ जर्मनी GI** पंजीकरण में सबसे आगे है, इसके बाद चीन (7,247) का स्थान आता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**43. G77के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हालाँकि G-77 के सदस्यों की संख्या बढ़कर 134 देशों तक पहुँच गई है, लेकिन इसके ऐतिहासिक महत्त्व के कारण मूल नाम को बरकरार रखा गया है।
2. यह संयुक्त राष्ट्र में विकासशील देशों का सबसे बड़ा अंतरसरकारी संगठन है।
3. इसकी अध्यक्षता अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका और कैरेबियन के बीच क्षेत्रीय आधार पर घूमती है और एक वर्ष के लिये आयोजित की जाती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**G77:**

- **15 जून 1964** को 77 देशों का समूह (G77) तब अस्तित्व में आया जब इन देशों ने **जिनेवा** में **व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (United Nations Conference on Trade and Development - UNCTAD)** के पहले सत्र के दौरान एक संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर किये।
- G77 समूह में **चीन को छोड़कर 134 सदस्य हैं** क्योंकि चीनी सरकार खुद को सदस्य नहीं मानती है, बल्कि एक भागीदार मानती है जो समूह को राजनीतिक और वित्तीय सहायता प्रदान करती है। हालाँकि समूह (G 77) चीन को अपना सदस्य बताता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- G77 विकासशील देशों का **सबसे बड़ा अंतर-सरकारी संगठन** है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसकी अध्यक्षता, जो समूह 77 की संगठनात्मक संरचना के भीतर सर्वोच्च राजनीतिक निकाय है, क्षेत्रीय आधार पर (अफ्रीका, एशिया-प्रशांत, लैटिन अमेरिका और कैरेबियन के बीच) घूमती (rotate) है और चैप्टर **द्वारा एक वर्ष के लिये आयोजित की जाती है। अतः कथन 3 सही है।**
  - चैप्टर, जो **क्षेत्रीय प्रभागों** को संदर्भित करते हैं, **वर्तमान में, युगांडा अध्यक्ष है**, प्रवक्ता के रूप में कार्य करता है और **अफ्रीकी सम्मेलन के भीतर सदस्य देशों की ओर से जी77 के कार्यों का समन्वय** करता है।

**44. भारत में विदेशी निवेश के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) में लंबी अवधि में निवेश शामिल होता है।

2. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) में लघु से मध्यम अवधि में वित्तीय परिसंपत्तियों में निवेश शामिल है।
3. भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से FDIs के लिये सरकार की पूर्व मंजूरी अनिवार्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- विदेशी निवेश में दो व्यापक रूप से चुने गए निवेश मार्ग शामिल हैं, अर्थात् प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) और विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI)।
    - प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) में प्रत्यक्ष निवेश, नियंत्रण और दीर्घकालिक दृष्टिकोण की पेशकश शामिल है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
    - विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) में बिना नियंत्रण के वित्तीय परिसंपत्तियों में निवेश शामिल है, जो आमतौर पर अल्पकालिक से मध्यम अवधि के लिये होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों (चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्याँमार और अफगानिस्तान) से FDI के लिये सरकार की पूर्व मंजूरी अनिवार्य है। **अत: कथन 3 सही है।**

**45. भारत में मुद्रास्फीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लागत-प्रेरित मुद्रास्फीति तब होती है जब वस्तुओं और सेवाओं की मांग उनकी आपूर्ति से अधिक हो जाती है।
2. मांगजनित मुद्रास्फीति वस्तुओं और सेवाओं की उत्पादन लागत में वृद्धि से प्रेरित होती है।
3. भारत में थोक मूल्य सूचकांक (WPI) के माध्यम से हेडलाइन मुद्रास्फीति का आँकड़ा बताया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (International Monetary Fund- IMF)** द्वारा परिभाषित मुद्रास्फीति, एक निश्चित अवधि में कीमतों में वृद्धि की दर है, जिसमें **समग्र मूल्य वृद्धि या विशिष्ट वस्तुओं और सेवाओं की व्यापक माप** शामिल है।
    - **लागत-प्रेरित मुद्रास्फीति,** वस्तुओं और सेवाओं की उत्पादन लागत में वृद्धि से प्रेरित होती है। यह बढ़ी हुई आय, कच्चे माल की बढ़ी हुई लागत या आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान जैसे कारकों के कारण हो सकता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
    - **मांगजनित मुद्रास्फीति (Demand Pull Inflation)** तब होती है जब वस्तुओं और सेवाओं की मांग उनकी **आपूर्ति** से अधिक हो जाती है। जब अर्थव्यवस्था में समग्र मांग अधिक होती है, तो उपभोक्ता उपलब्ध वस्तुओं तथा सेवाओं के लिये अधिक भुगतान करने को तैयार होते हैं, जिससे **कीमतों में सामान्य वृद्धि** होती है।**अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - **हेडलाइन मुद्रास्फीति**, अर्थव्यवस्था की **कुल मुद्रास्फीति** की माप है, जिसमें **खाद्य एवं ऊर्जा की कीमतें** इत्यादि शामिल हैं, जो अधिक ***अस्थिर(volatile)*** होती हैं और इनसे **मुद्रास्फीति के बढ़ने की संभावना** होती है।
        - उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (Consumer Price Index- CPI), जो यह निर्धारित करता है कि वस्तुओं की एक निश्चित टोकरी (basket of goods) खरीदने की लागत की गणना करके पूरी अर्थव्यवस्था में कितनी मुद्रास्फीति हुई है, इसका उपयोग हेडलाइन मुद्रास्फीति के आँकड़े ज्ञात करने के लिये किया जाता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने हाल ही में वर्गीकरण तथा सक्रियण प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से निष्क्रिय खातों तथा अदावी जमा के संबंध में दिशा-निर्देशों को संशोधित किया है।

**कथन-II:** संशोधित निर्देश सभी वाणिज्यिक बैंकों पर लागू होते हैं किंतु सहकारी बैंकों पर नहीं।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II ग़लत है।
D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

**उत्तर: C**

**व्याख्याः**

- **भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)** ने हाल ही में वर्गीकरण तथा सक्रियण प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से निष्क्रिय खातों (Inoperative Account) तथा अदावी/दावा न किये गए जमा (Unclaimed Deposits) के संबंध में दिशा-निर्देशों को संशोधित किया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- संशोधित दिशा-निर्देश सभी **वाणिज्यिक बैंकों तथा सभी सहकारी बैंकों** पर लागू होंगे तथा **1 अप्रैल 2024** से क्रियान्वित किये जाएँगे। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**47. निम्नलिखित कथन पर विचार कीजियेः**

1. चीन के बाद भारत दुनिया में इस्पात का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।
2. भारत में, पश्चिम बंगाल सभी इस्पात उत्पादक राज्यों में अग्रणी है, इसके बाद झारखंड और छत्तीसगढ़ हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः A**

**व्याख्याः**

- इस्पात **विश्व में व्यापक रूप से उपयोग की जाने वाली सामग्रियों में से एक** है। लोहा और इस्पात उद्योग अन्य उत्पादक उद्योगों का आधार (bottom line producer) हैं।
- इस्पात उद्योग निर्माण, **बुनियादी ढाँचे**, **ऑटोमोबाइल**, **इंजीनियरिंग** और **रक्षा** जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में मुख्य भूमिका निभाता है।
- पिछले कुछ वर्षों में **इस्पात क्षेत्र में ज़बरदस्त वृद्धि देखी** गई है और भारत इस्पात उत्पादन में **एक वैश्विक ताकत व चीन के बाद विश्व में इस्पात का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक** बनकर उभरा है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत के प्रमुख इस्पात उत्पादक राज्यों में **ओडिशा** अग्रणी है, **इसके बाद झारखंड और छत्तीसगढ़ हैं।** इसमें कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात और पश्चिम बंगाल भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**48. लिक्विड नैनो यूरिया के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजियेः**

1. यह नैनो कण के रूप में यूरिया का एक प्रकार है।
2. इसका उपयोग केवल फसलों पर पत्तियाँ आने के बाद ही किया जाना चाहिये।
3. इसे भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ लिमिटेड (NAFED) में स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तरः B**

**व्याख्याः**

- यह नैनो कण के रूप में **यूरिया का एक प्रकार** है। यह यूरिया के परंपरागत विकल्प के रूप में **पौधों को नाइट्रोजन प्रदान करने वाला** एक पोषक तत्त्व (तरल) है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह उर्वरक एक **पत्तेदार स्प्रे** है, जिसका अर्थ है कि इसका **उपयोग केवल फसलों पर पत्तियाँ आने** के बाद ही किया जाना चाहिये। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसे स्वदेशी रूप से **IFFCO-नैनो बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर (कलोल, गुजरात) के आत्मनिर्भर भारत अभियान और आत्मनिर्भर कृषि** की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किया गया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**49. रिवर्स फ्लिपिंग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजियेः**

1. यह किसी भारतीय कंपनी के मुख्यालय को विदेश में स्थानांतरित करने के बाद उसके अधिवास को वापस भारत में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया है।
2. रिवर्स फ्लिपिंग भारतीय स्टार्टअप्स के बीच एक चलन बन गया है, खासकर फिनटेक सेक्टर में, क्योंकि वे आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (IPO) की योजना बना रहे हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तरः C**

**व्याख्याः**

- रिवर्स फ्लिपिंग **किसी भारतीय कंपनी के मुख्यालय को आमतौर पर कर या नियामक कारणों से विदेश में स्थानांतरित करने** के बाद उसके अधिवास को वापस भारत में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया है। इसे **'री-डोमिसाइलिंग'** भी कहा जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारतीय स्टार्टअप्स के बीच रिवर्स फ्लिपिंग एक चलन बन गया है, खासकर **फिनटेक सेक्टर** में, क्योंकि वे **इनिशियल पब्लिक**

ऑफर (Initial Public Offer-IPO) की योजना बनाते हैं या घरेलू बाज़ार में **दीर्घकालिक लाभ** की तलाश करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

- यह रणनीतिक कदम **भारत की समृद्ध अर्थव्यवस्था, विशाल बाज़ार, आशाजनक उद्यम पूंजी**, अनुकूल कर संरचना, मज़बूत **बौद्धिक संपदा** संरक्षण, युवा एवं शिक्षित आबादी और सहायक सरकारी नीतियों से प्रेरित है।

**50. भारतीय खिलौना उद्योग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय खिलौना उद्योग में हाल के वर्षों में निर्यात में काफी गिरावट देखी गई।
2. खिलौनों पर मूल सीमा शुल्क (BCD) में पर्याप्त वृद्धि का उद्देश्य घरेलू खिलौना उद्योग की रक्षा करना है।
3. वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने निम्न स्तरीय खिलौनों के आयात को रोकने के लिये प्रत्येक आयात खेप के लिये नमूना परीक्षण अनिवार्य कर दिया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारतीय खिलौना उद्योग ने **वित्त वर्ष 2014-15** तथा वित्त वर्ष 2022-23 के बीच **उल्लेखनीय वृद्धि** प्रदर्शित की जिसमें आयात में 52% की गिरावट एवं **निर्यात में 239% की उल्लेखनीय वृद्धि** दर्ज की गई। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **खिलौनों पर मूल सीमा शुल्क (Basic Customs Duty- BCD) में पर्याप्त वृद्धि** (फरवरी 2020 में 20% से 60% और उसके बाद मार्च 2023 में 70% तक) का उद्देश्य घरेलू **खिलौना उद्योग को सस्ते आयात से बचाना** तथा **स्थानीय विनिर्माण को प्रोत्साहित करना** है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय** के अधीन **विदेश व्यापार महानिदेशालय (Directorate General of Foreign Trade- DGFT)** ने निम्न स्तरीय खिलौनों के आयात को रोकने तथा बेहतर गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिये **प्रत्येक आयात खेप/प्रेषण के लिये नमूना परीक्षण अनिवार्य** किया है।। **अतः कथन 3 सही है।**

**51. न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत गठित NSIL का स्वामित्व अधिकतर निजी कंपनियों के पास है, जिनकी सरकारी हिस्सेदारी कम है।
2. यह भारतीय उद्योगों को उन्नत अंतरिक्ष गतिविधियों में शामिल होने में सहायता प्रदान करता है और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के उत्पादों और सेवाओं के उपयोग को बढ़ावा देता है।
3. यह वर्ष 2024 में स्पेस-एक्स के फाल्कन-9 के माध्यम से GSAT-20 (GSAT-N2) लॉन्च करने के लिये तैयार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL):**

- यह, **6 मार्च 2019** को **कंपनी अधिनियम, 2013** (under the Companies Act, 2013) के तहत निगमित, **अंतरिक्ष विभाग (Department of Space-DOS) के प्रशासनिक नियंत्रण** के तहत **भारत सरकार की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी** है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसकी प्राथमिक ज़िम्मेदारी भारतीय उद्योगों को **उच्च प्रौद्योगिकी अंतरिक्ष संबंधी गतिविधियों को करने** में सक्षम बनाना है और यह भारतीय अंतरिक्ष से संबंधित **अनुसंधान कार्यक्रमों तथा सेवाओं के प्रचार एवं वाणिज्यिक दोहन के लिये भी ज़िम्मेदार** है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)** की **वाणिज्यिक शाखा, न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL),वर्ष 2024** में स्पेस-एक्स के फाल्कन-9 के माध्यम से GSAT-20 (GSAT-N2) लॉन्च करने के लिये तैयार है।**अतः कथन 3 सही है।**
    - **फाल्कन-9** दुनिया का **पहला कक्षीय श्रेणी का पुनः प्रयोज्य, दो चरण वाला रॉकेट** है जिसे पृथ्वी की कक्षा तथा उससे आगे लोगों एवं पेलोड के विश्वसनीय और सुरक्षित परिवहन के लिये स्पेसएक्स द्वारा डिज़ाइन एवं निर्मित किया गया है।

52. **विनिमय दर प्रणाली के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एक स्थिर व्यवस्था में मुद्रा का मूल्य पूरी तरह से विदेशी मुद्रा बाज़ार में आपूर्ति और मांग से निर्धारित होता है।
2. अस्थायी विनिमय दर में केंद्रीय बैंक मुद्रा के लिएये लक्ष्य सीमा बनाए रखने हेतु विदेशी मुद्रा बाज़ार में हस्तक्षेप कर सकता है।
3. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) द्वारा एक विनिमय दर व्यवस्था को स्थिर माना जाता है जब विनिमय दर लगातार 6 महीने की अवधि के लिये 2% बैंड के भीतर रहती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **अस्थायी विनिमय दर:**
  - **बाज़ार-संचालित:** मुद्रा का मूल्य न्यूनतम सरकारी हस्तक्षेप के साथ विदेशी मुद्रा बाज़ार में पूरी तरह से आपूर्ति और मांग से निर्धारित होता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - **उच्च अस्थिरता:** आर्थिक समाचारों, घटनाओं या बाज़ार की धारणा के जवाब में विनिमय दर में काफी उतार-चढ़ाव हो सकता है।
  - **लचीलेपन को बढ़ावा देता है:** व्यवसाय और व्यक्ति बाज़ार-निर्धारित विनिमय दरों के माध्यम से बदलती आर्थिक स्थितियों को समायोजित कर सकते हैं।
- **स्थिर व्यवस्था:**
  - **पूरी तरह से फ्लोटिंग की तुलना में अधिक प्रबंधित:** सरकार या केंद्रीय बैंक अत्यधिक अस्थिरता को कम करने या मुद्रा के लिये लक्ष्य सीमा बनाए रखने हेतु कभी-कभी विदेशी मुद्रा बाज़ार में हस्तक्षेप कर सकता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - **मध्यम अस्थिरता:** शुद्ध फ्लोट की तुलना में अधिक स्थिरता का लक्ष्य, लेकिन फिर भी कुछ हद तक उतार-चढ़ाव स्वीकार करना।
  - **पूर्वानुमान की पेशकश:** व्यवसाय और व्यक्ति अधिक स्थिर विनिमय दर वातावरण के साथ योजना बना सकते हैं।
- **स्थिर व्यवस्था का IMF का वर्गीकरण:**
  - अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) **विनिमय दर व्यवस्था को एक स्थिर व्यवस्था के रूप में वर्गीकृत करता है, जब यह निर्धारित होता है** कि **विनिमय दर 6 महीनों में 2% बैंड से आगे नहीं बढ़ी है** और यह स्थिरता बाज़ार की स्थितियों के बदले बाज़ार के हस्तक्षेप के परिणामस्वरूप हुई है। **अतः कथन 3 सही है।**

53. **वस्तु एवं सेवा कर (GST) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक व्यापक अप्रत्यक्ष कर है जिसे भारत में 106वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2016 के माध्यम से लागू किया गया था।
2. संशोधित संविधान के अनुच्छेद 279A (1) के अनुसार, GST परिषद का गठन राष्ट्रपति द्वारा किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वस्तु एवं सेवा कर (GST):**

- यह एक व्यापक अप्रत्यक्ष कर है जिसे **1 जुलाई, 2017 को 101वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2016** के माध्यम से **'एक राष्ट्र एक कर'** के नारे के साथ भारत में लागू किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- GST परिषद एक संवैधानिक निकाय है जो भारत में **GST के कार्यान्वयन से संबंधित मुद्दों पर सिफारिशें करने के लिये ज़िम्मेदार** है।
  - संशोधित संविधान के अनुच्छेद 279A (1) के अनुसार, **GST परिषद का गठन राष्ट्रपति द्वारा** किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**

54. **विश्व आर्थिक स्थिति और संभावना रिपोर्ट निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की जाती है?**

A. विश्व बैंक
B. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
C. विश्व आर्थिक मंच
D. आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (OECD)

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**विश्व आर्थिक स्थिति और संभावना रिपोर्ट:**

- हाल ही में **विश्व बैंक (WB)** ने अपनी **विश्व आर्थिक स्थिति और संभावना रिपोर्ट** जारी की, जिससे पता चलता है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था वर्ष 2024 के अंत तक खराब प्रदर्शन कर सकती है,

जो 30 वर्षों में GDP (सकल घरेलू उत्पाद) की आधे दशक की सर्वाधिक धीमी वृद्धि है।

अत: विकल्प A सही है।

**55. भौगोलिक संकेत ( GI ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह उन उत्पादों पर उपयोग किया जाने वाला एक संकेत है जिनकी एक विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति होती है और उनमें उस उत्पत्ति के कारण गुण या प्रतिष्ठा होती है।
2. यह पारंपरिक ज्ञान, संस्कृति की रक्षा के लिये एक शक्तिशाली उपकरण है और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा दे सकता है।
3. GI को विश्व व्यापार संगठन (WTO) में ट्रिप्स पर समझौते के तहत नियंत्रित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भौगोलिक संकेत ( GI ):**

- भौगोलिक संकेत (GI) उन उत्पादों पर उपयोग किया जाने वाला एक संकेत है जिनकी एक विशिष्ट **भौगोलिक उत्पत्ति** होती है और उनमें उस उत्पत्ति के कारण गुण या प्रतिष्ठा होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- GI पारंपरिक ज्ञान, संस्कृति की रक्षा के लिये एक शक्तिशाली उपकरण है और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा दे सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- GI को विश्व व्यापार संगठन (WTO) में **ट्रिप्स पर समझौते** के तहत नियंत्रित किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - **वस्तुओं का भौगोलिक संकेत ( पंजीकरण और संरक्षण ) अधिनियम, 1999** भारत में वस्तुओं से संबंधित भौगोलिक संकेतों के पंजीकरण तथा बेहतर सुरक्षा प्रदान करने का प्रयास करता है।

**56. विश्व आर्थिक मंच ( WEF ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. WEF सार्वजनिक-निजी सहयोग के लिये अंतर्राष्ट्रीय संगठन है।
2. यह नियमित रूप से विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त रिपोर्ट प्रकाशित करता है, जिसमें वैश्विक प्रतिस्पर्द्धात्मकता रिपोर्ट और वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**विश्व आर्थिक मंच ( WEF ):**

- WEF सार्वजनिक-निजी सहयोग के लिये अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। यह फोरम/मंच वैश्विक, क्षेत्रीय और उद्योग एजेंडा को आयाम देने के लिये समाज के अग्रणी **राजनीतिक, व्यावसायिक, सांस्कृतिक एवं अन्य अभिकर्त्ताओं** को शामिल करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसका मुख्यालय **जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड** में है।
- WEF नियमित रूप से विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त रिपोर्ट प्रकाशित करता है जिसमें वैश्विक **प्रतिस्पर्द्धात्मकता रिपोर्ट तथा वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट, ऊर्जा संक्रमण सूचकांक, वैश्विक जोखिम** रिपोर्ट, वैश्विक यात्रा एवं पर्यटन रिपोर्ट शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**57. व्यापार की शर्तों ( Terms of Trade - ToT ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें::**

1. भारतीय कृषि के लिये ToT का तात्पर्य गैर-कृषि वस्तुओं और सेवाओं के सापेक्ष कृषि वस्तुओं की कीमतों में उतार-चढ़ाव से है।
2. व्यापार की शर्तों में वृद्धि का तात्पर्य औद्योगिक वस्तुओं के मामले में कृषि क्षेत्र के लिये बेहतर क्रय शक्ति से है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारतीय कृषि के लिये **ToT का तात्पर्य** गैर-कृषि वस्तुओं और सेवाओं के सापेक्ष कृषि वस्तुओं की कीमतों में उतार-चढ़ाव से है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - व्यापार की शर्तें कृषि कीमतों और औद्योगिक कीमतों के अनुपात को संदर्भित करती हैं, जिसे मूल्य सूचकांक के रूप में निर्धारित किया जाता है।
- व्यापार की शर्तों में वृद्धि का तात्पर्य औद्योगिक वस्तुओं के मामले में कृषि क्षेत्र के लिये बेहतर क्रय शक्ति से है। **अत: कथन 2 सही है।**

- **एक (या 100%) से ऊपर का अनुपात किसानों द्वारा खरीदी** और बेची जाने वाली वस्तुओं में अंतर के संदर्भ में अनुकूल मूल्य निर्धारण शक्ति का संकेत देता है।
- **एक से नीचे TOT अनुपात विनिमय** की **प्रतिकूल परिस्थितियों** को इंगित करता है।

**58. भारतीय वित्त आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत स्थापित एक संवैधानिक निकाय है।
2. इसका प्राथमिक कार्य केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच वित्तीय संसाधनों के वितरण की सिफारिश करना है।
3. 16वें वित्त आयोग को आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत आपदा प्रबंधन वित्तपोषण व्यवस्था की समीक्षा करने का काम नहीं सौंपा गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत का वित्त आयोग भारतीय संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत स्थापित एक संवैधानिक निकाय है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका प्राथमिक कार्य केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच वित्तीय संसाधनों के वितरण की सिफारिश करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत के राष्ट्रपति ने **संविधान** के **अनुच्छेद 280(1)** के अनुपालन में **16वें वित्त आयोग** की स्थापना की है,
  - 16वें वित्त आयोग को आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत आपदा प्रबंधन वित्तपोषण व्यवस्था की समीक्षा करने का काम सौंपा गया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**59. विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZs) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. SEZ, ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ किसी देश के घरेलू कानूनों की तुलना में अधिक कठोर आर्थिक कानून हैं।
2. एशिया का पहला निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र वर्ष 1965 में गुजरात के कांडला में स्थापित किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ),** एक भौगोलिक क्षेत्र है जिसके आर्थिक नियम किसी देश के घरेलू कानूनों की तुलना में अधिक उदार होते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - भारत के सभी कानून SEZ में लागू होते हैं जब तक कि **SEZ अधिनियम, 2005** तथा **SEZ नियम, 2006** के अनुसार विशेष रूप से छूट न दी गई हो।
- SEZ श्रेणी के अंर्तगत, विभिन्न विशिष्ट क्षेत्र मौजूद हैं, **जैसे-** मुक्त व्यापार क्षेत्र (FTZ), निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (EPZ) एवं औद्योगिक संपदा (IE)।
- **भारत ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिये निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्रों को अपनाने में अग्रणी भूमिका** निभाई है। **वर्ष 1965 में कांडला, गुजरात में एशिया का पहला EPZ स्थापित** किया। **अतः कथन 2 सही है।**

**60. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (EPR) तंत्र अपशिष्ट प्रबंधन के वित्तीय बोझ को उत्पादक से सरकार पर स्थानांतरित कर देता है।
2. 'प्रदूषक भुगतान' सिद्धांत आम तौर पर स्वीकृत प्रथा है जिसके तहत जो लोग प्रदूषण फैलाते हैं उन्हें मानव स्वास्थ्य अथवा पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने के लिये इसके प्रबंधन की लागत वहन करनी चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **विस्तारित निर्माता उत्तरदायित्व (EPR) तंत्र:**
- **EPR** अपशिष्ट प्रबंधन में एक नीतिगत दृष्टिकोण है जो उत्पादकों को उनके संग्रह, पुनर्चक्रण और निपटान सहित उनके **उत्पादों के संपूर्ण जीवनचक्र** के लिये ज़िम्मेदार बनाता है।
  - इसका उद्देश्य अपशिष्ट प्रबंधन के वित्तीय और भौतिक बोझ को सरकारों तथा करदाताओं से उत्पादकों पर स्थानांतरित करके **उत्पादों के पर्यावरणीय प्रभाव** को कम करना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **'प्रदूषक भुगतान'** सिद्धांत आम तौर पर स्वीकृत प्रथा है जिसके तहत जो लोग प्रदूषण फैलाते हैं उन्हें मानव स्वास्थ्य अथवा पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने के लिये इसके प्रबंधन की लागत वहन करनी चाहिये। **अतः कथन 2 सही है।**

**61. भारत में दूरसंचार उद्योग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का दूरसंचार उद्योग विश्व का चौथा सबसे बड़ा उद्योग है।
2. यह प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) प्रवाह के मामले में चौथा सबसे बड़ा क्षेत्र है।
3. भारत की कुल टेली-घनत्व 100% है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **भारत में टेलीकॉम सेक्टर की स्थिति**
    - भारत में **दूरसंचार उद्योग** अगस्त 2023 तक 1.179 बिलियन (वायरलेस + वायरलाइन उपयोगकर्त्ता) के उपयोगकर्त्ता आधार के साथ **विश्व में दूसरा सबसे बड़ा उद्योग** है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - यह **FDI अंतर्वाह के मामले में चौथा सबसे बड़ा क्षेत्र** है, जो कुल FDI अंतर्वाह में 6% का योगदान देता है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - भारत में **कुल टेली-घनत्व 84.69%** है। टेली-घनत्व प्रति 100 जनसंख्या पर टेलीफोन की संख्या को दर्शाता है तथा दूरसंचार तक पहुँच का एक प्रमुख संकेतक है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**62. सोशल स्टॉक एक्सचेंज के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सोशल स्टॉक एक्सचेंज लाभांश-भुगतान करने वाली कंपनियाँ हैं जो किसी सामाजिक समस्या के समाधान के लिये बनाई और डिज़ाइन की गई हैं।
2. यह बाज़ार नियामक भारतीय सुरक्षा और विनिमय बोर्ड (SEBI) के तहत कार्य करता है।
3. यह ज़ीरो कूपन ज़ीरो प्रिंसिपल बॉण्ड (ZCZP) के माध्यम से धन जुटाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**सोशल स्टॉक एक्सचेंज (SSE):**

- **सोशल स्टॉक एक्सचेंज (SSE), केंद्रीय बजट वर्ष 2019-20** में पेश किया गया था जिसका उद्देश्य सामाजिक उद्यम, स्वैच्छिक तथा कल्याणकारी संगठनों को सूचीबद्ध कर एक मंच प्रदान करना था जिसकी सहायता से वे पूंजी जुटा सकें।
    - सामाजिक उद्यम से आशय ऐसे उद्यम से है जिसकी प्रकृति **हानि-रहित** है और यह **लाभांश का भुगतान नहीं** करता है तथा जिसकी स्थापना **सामाजिक मुद्दों को हल करने** के उद्देश्य से की गई है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह बाज़ार नियामक **भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI)** के तहत कार्य करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - इस पहल का उद्देश्य उन **सामाजिक एवं स्वैच्छिक संगठनों** की मदद करना है जो **इक्विटी** अथवा **ऋण** अथवा **म्यूचुअल फंड** की एक इकाई के रूप में पूंजी जुटाने के लिये **सामाजिक उद्देश्यों** से कार्य करते हैं।
- यह विदेशी सहायता से भारत की स्वतंत्रता को प्रदर्शित करते हुए, सामाजिक कल्याण परियोजनाओं के लिये वित्तपोषण के नवीन तथा किफायती स्रोत प्रदान करता है।
- **SEBI** ने **SSE** पर पंजीकृत सामाजिक उद्यमों को ज़ीरो कूपन ज़ीरो प्रिंसिपल बॉण्ड (ZCZP) के माध्यम से धन जुटाने की अनुमति दी थी। **अतः कथन 3 सही है।**
    - **ZCZP बॉण्ड** ऋण प्रदान नहीं करते हैं तथा निवेशकों को बॉण्ड की परिपक्वता पर कोई पूंजी प्रदत्त नहीं की जाती है।

**63. विशेष प्रयोजन वाहन (SPV) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. SPV को अक्सर दिवालियापन-दूरस्थ इकाई के रूप में जाना जाता है।
2. उद्यम पूंजीपति धन जुटाने तथा किसी स्टार्टअप में निवेश करने के लिये SPV का उपयोग करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**विशेष प्रयोजन वाहन (SPV):**

- एक विशेष प्रयोजन वाहन एक पृथक कानूनी इकाई है जिसमें एक निगम के सभी गुण होते हैं जैसे कि संपत्ति का मालिक होना, मुकदमा चलाने की क्षमता आदि।

- एक **SPV,** जिसे एक **विशेष प्रयोजन इकाई ( SPE ) के रूप में भी जाना जाता** है, **वित्तीय जोखिमों** से बचाने के लिये एक मुख्य कंपनी द्वारा बनाई गई एक अलग कंपनी की तरह है।
- भले ही मुख्य कंपनी **दिवालियापन** का सामना करती है, SPV की स्वतंत्र कानूनी स्थिति यह सुनिश्चित करती है कि उसके दायित्व सुरक्षित रहें।
    - यही कारण है कि **SPV** को अक्सर **दिवालियापन-दूरस्थ इकाई** के रूप में जाना जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **SPV** को एक **जोखिमपूर्ण परियोजना** पर कार्य करने के लिये नियोजित किया जा सकता है, जिससे मुख्य कंपनी एवं उसके निवेशकों को होने वाली किसी भी संभावित वित्तीय हानि को कम किया जा सकता है।
- उद्यम पूंजीपति धन जुटाने तथा किसी स्टार्टअप में निवेश करने के लिये SPV का उपयोग करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**64. पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन ( OPEC ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अस्ताना सम्मेलन द्वारा गठित एक अंतर-सरकारी संगठन है।
2. इसका मुख्यालय बगदाद में है।
3. ईरान, इराक, कुवैत, सऊदी अरब और वेनेजुएला इसके संस्थापक सदस्य हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन ( OPEC**) एक स्थायी, अंतर-सरकारी संगठन है, जिसका गठन **वर्ष 1960 में** बगदाद सम्मेलन में किया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
    - इसका उद्देश्य विश्व बाज़ार में तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित तथा तेल की आपूर्ति का प्रबंधन करना है। यह उत्पादक एवं खरीदार दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से पड़ने वाले प्रभाव को कम करता है।
- इसका मुख्यालय वियना, ऑस्ट्रिया में है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- **इसके संस्थापक सदस्य ईरान, इराक, कुवैत, सऊदी अरब और वेनेज़ुएला** हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**65. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन I:** रयिल एस्ट्टे इन्वेस्ट्मेंट ट्रस्ट् (REIT) नविश माध्यम हैं जो व्यक्तयों को संपत्तयों का सीधे प्रबंधन या स्वामत्वि कयि बनिा बड़े पैमाने पर आय-उत्पादक रयिल एस्ट्टे में नविश करने की अनुमत देते हैं।

**कथन II:** वे रयिल एस्ट्टे परसिंपत्तयों के ववधि पोर्ट्फोलयो में नविश करने के लयि कई नविशकों से पूंजी एकत्र् करते हैं, जसिमें आवासीय या वाणज्यिकि संपत्तयां, शॉपंगि सेंटर, कार्यालय भवन, होटल आद शामलि हो सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट् ( REIT ):** ये निवेश साधन हैं जो **व्यक्तियों को संपत्तियों का सीधे प्रबंधन या स्वामित्व किये बिना बड़े पैमाने पर आय-उत्पादक रियल एस्टेट में निवेश करने की अनुमति** देते हैं। **अत: कथन I सही है।**
    - REIT **रियल एस्टेट परिसंपत्तियों के विविध पोर्टफोलियो में निवेश करने के लिये कई निवेशकों से पूंजी एकत्र करता है,** जिसमें आवासीय या वाणिज्यिक संपत्तियाँ, शॉपिंग सेंटर, कार्यालय भवन, होटल आदि शामिल हो सकते हैं। **अत: कथन II सही है।**

**66. 'कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन ( CAC )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन (CAC) संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (FAO) तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित एक अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानक निकाय है।
2. संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ECOSOC) का स्वच्छता और पादप स्वच्छता उपायों (SPS) के अनुप्रयोग पर समझौता अंतर्राष्ट्रीय व्यापार तथा व्यापार विवाद निपटान के लिये संदर्भ मानकों के रूप में कोडेक्स मानकों, दिशा-निर्देशों एवं सिफारिशों को मान्यता देता है।
3. CAC को उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की रक्षा और खाद्य व्यापार में उचित व्यवहार सुनिश्चित करने के लिये स्थापित किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन (CAC)** संयुक्त राष्ट्र के **खाद्य और कृषि संगठन (FAO) तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित** एक अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानक निकाय है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत को रोम में खाद्य और कृषि संगठन (FAO) मुख्यालय में अपनी 46वीं बैठक के दौरान कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन (CAC) की कार्यकारी समिति में एशियाई क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्य के रूप में सर्वसम्मति से चुना गया है।
- **विश्व व्यापार संगठन (WTO)** के स्वच्छता और पादप स्वच्छता उपायों (SPS) के **अनुप्रयोग पर समझौता अंतर्राष्ट्रीय व्यापार तथा व्यापार विवाद निपटान के लिये** संदर्भ मानकों के रूप में कोडेक्स मानकों, दिशा-निर्देशों तथा सिफारिशों को मान्यता देता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्तमान में इस कमीशन में कुल 189 (188 देश और यूरोपीय संघ) सदस्य हैं।
- कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन (CAC) को उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की रक्षा और खाद्य व्यापार में उचित व्यवहार सुनिश्चित करने के लिये स्थापित किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

**67. चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे 2013 में लॉन्च किया गया था और इसका उद्देश्य दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य एशिया, खाड़ी क्षेत्र, अफ्रीका और यूरोप को भूमि तथा समुद्री मार्गों के नेटवर्क से जोड़ना है।
2. भारत शुरू में इस परियोजना में शामिल हुआ लेकिन संप्रभुता और पारदर्शिता के आधार पर वर्ष 2022 में इस परियोजना से पृथक हो गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**चीन की बेल्ट एंड रोड पहल:**

- **BRI, वैश्विक कनेक्टिविटी और सहयोग** को बढ़ाने के उद्देश्य से एक **बहुआयामी विकास रणनीति** का प्रतिनिधित्व करता है।
- इसे 2013 में लॉन्च किया गया था और इसका **उद्देश्य दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य एशिया, खाड़ी क्षेत्र, अफ्रीका और यूरोप को भूमि तथा समुद्री मार्गों** के नेटवर्क से जोड़ना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस परियोजना को पहले '**वन बेल्ट, वन रोड**' नाम दिया गया था, लेकिन चीनी प्रभुत्व के विपरीत अधिक खुली और समावेशी पहल को व्यक्त करने के लिये इसका नाम बदलकर BRI कर दिया गया।
- भारत **संप्रभुता और पारदर्शिता के आधार पर इस परियोजना का विरोध** करता है। भारत ने 2017 और 2019 में चीन द्वारा आयोजित BRI शिखर सम्मेलन का बहिष्कार किया है और शंघाई सहयोग संगठन (SCO) द्वारा जारी BRI संयुक्त बयानों का समर्थन नहीं किया है।
- भारत इस परियोजना में **कभी शामिल नहीं** हुआ। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**68. वैश्विक स्टॉकटेक ड्राफ्ट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्लोबल स्टॉकटेक (GST) 2015 में पेरिस समझौते के तहत स्थापित एक आवधिक समीक्षा तंत्र है।
2. COP28 में अनावरण किये गए GST पत्र के मसौदे में वैश्विक तापमान वृद्धि को 2.5 डिग्री सेल्सियस के दायरे में रखने के लिये दस कदमों का प्रस्ताव दिया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न हीं 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**वैश्विक स्टॉकटेक ड्राफ्ट:**

- **ग्लोबल स्टॉकटेक (GST)** वर्ष **2015 में पेरिस समझौते** के तहत स्थापित एक आवधिक समीक्षा तंत्र है। **अतः कथन 1 सही है।**
- GST टेक्स्ट के **चौथे प्रारूप** का अनावरण COP28 में किया गया।
- टेक्स्ट में वैश्विक तापमान वृद्धि को **1.5 डिग्री सेल्सियस के दायरे** में रखने के लिये आठ कदम प्रस्तावित हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**69. निम्नलिखित में से कौन-से खाद्य और कृषि संगठन की (अथवा FAO द्वारा प्रशासित) पहल हैं?**

1. विश्व भर में मरुस्थली टिड्डे की स्थिति की निगरानी
2. विश्व स्तरीय महत्त्वपूर्ण कृषि विरासत प्रणाली (GIAHS)
3. खाद्य एवं कृषि के लिये पादप आनुवंशिक संसाधनों पर अंतर्राष्ट्रीय संधि का अंगीकरण
4. विश्व के वनों की स्थिति (SOFO) रिपोर्ट जारी करना

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1, 2 और 4
C. केवल 2, 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **खाद्य एवं कृषि संगठन** (FAO) संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है जो भूखमरी के उन्मूलन हेतु अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों का नेतृत्त्व करती है।
  - प्रत्येक वर्ष 16 अक्तूबर को विश्व भर में **विश्व खाद्य दिवस** मनाया जाता है। यह दिवस वर्ष 1945 में इसकी स्थापना के वार्षिकोत्सव को चिह्नित करता है।
  - यह रोम (इटली) में स्थित संयुक्त राष्ट्र खाद्य सहायता संगठनों में से एक है।
- **की गई पहलें:**
  - **विश्व स्तरीय महत्त्वपूर्ण कृषि विरासत प्रणाली** (Globally Important Agricultural Heritage Systems- GIAHS)।
  - **विश्व भर में मरुस्थली टिड्डे की स्थिति की निगरानी।**
  - कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन (CAS) संयुक्त FAO/WHO खाद्य मानक कार्यक्रम के कार्यान्वयन से संबंधित सभी मामलों के लिये ज़िम्मेदार निकाय है।
  - **खाद्य एवं कृषि के लिये पादप आनुवंशिक संसाधनों पर अंतर्राष्ट्रीय संधि** का वर्ष 2001 में FAO के सम्मेलन के इकतीसवें सत्र में अंगीकरण।
- **प्रमुख प्रकाशन:**
  - विश्व मत्स्य पालन और जलकृषि राज्य (SOFIA)।
  - विश्व के वनों की स्थिति (SOFO)।
  - विश्व में खाद्य सुरक्षा एवं पोषण की स्थिति (SOFI)।
  - खाद्य और कृषि की स्थिति (SOFA)।
  - कृषि वस्तु बाज़ार की स्थिति (SOCO)।
- अत: विकल्प D सही है।

**70. एशियाई विकास बैंक (ADB) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ADB एक क्षेत्रीय विकास बैंक है जिसकी स्थापना वर्ष 1966 में विशेष रूप से एशियाई देशों के लिये की गई थी।
2. भारत ADB का संस्थापक सदस्य है।
3. बैंक के शीर्ष तीन सबसे बड़े शेयरधारक जापान, भारत और चीन हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**एशियाई विकास बैंक( ADB ):**

- **एडीबी एक क्षेत्रीय विकास बैंक है** जिसकी स्थापना **वर्ष 1966** में **एशिया और प्रशांत क्षेत्र** में सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - इसके 68 सदस्य हैं; 49 एशिया व प्रशांत क्षेत्र के भीतर से हैं और 19 बाहर से हैं।
- **भारत एक संस्थापक सदस्य है। अत: कथन 2 सही है।**
- **एडीबी** सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिये ऋण, तकनीकी सहायता, अनुदान तथा इक्विटी निवेश प्रदान करके अपने सदस्यों तथा भागीदारों की **सहायता करता है।**
- **31 दिसंबर 2022 तक, एडीबी के पाँच सबसे बड़े शेयरधारक जापान और अमेरिका** (प्रत्येक के पास कुल शेयरों का 15.6%), **चीन** (6.4%), **भारत** (6.3%) तथा **ऑस्ट्रेलिया** (5.8%) हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- इसका मुख्यालय मनीला, फिलीपींस में है।

**71. इथेनॉल उत्पादन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत ने वर्ष 2023 से 20% इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल की शुरुआत की है और इसे वर्ष 2025 तक पूरे देश में विस्तारित करने का लक्ष्य रखा है।
2. अनाज से इथेनॉल का उत्पादन, शीरा (Molasses) की तुलना में अधिक होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- हाल ही में भारतीय प्रधानमंत्री ने **G20 ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में घोषणा की है कि भारत ने वर्ष 2023 से 20% इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल की शुरुआत** की है और इसे वर्ष 2025 तक पूरे देश में विस्तारित करने का लक्ष्य रखा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत में इथेनॉल उत्पादन **गन्ने के शीरा से लेकर चावल, मक्का और अन्य अनाजों** से होता है।
- **अनाज से इथेनॉल का उत्पादन शीरा (Molasses) की तुलना में अधिक होता है।** चावल से 450-480 लीटर और अन्य अनाज से 380-460 लीटर प्रति टन **इथेनॉल** का उत्पादन होता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**72. प्रतिकारी कर्तव्य (काउंटरवेलिंग ड्यूटी-CVD) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CVD निर्यातित वस्तुओं पर लगाया जाने वाला शुल्क है।
2. विश्व व्यापार संगठन (WTO) अपने सदस्य देशों द्वारा CVD लगाने की अनुमति देता है।
3. व्यापार उपचार महानिदेशालय (DGTR) प्रतिकारी कर्तव्यों के प्रशासन के लिये एकल राष्ट्रीय प्राधिकरण है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **प्रतिकारी शुल्क:** CVD,आयातित वस्तुओं पर निर्यातक देश में इन वस्तुओं के उत्पादकों को दी जाने वाली सब्सिडी की भरपाई के लिये लगाए जाने वाले शुल्क हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - ◆ CVD, **एक उत्पाद के घरेलू उत्पादकों और एक ही उत्पाद के विदेशी उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्द्धा को समतुल्य करने के लिये** हैं, जो अपनी सरकार से प्राप्त सब्सिडी के कारण इसे कम कीमत पर बेच सकते हैं।
- **विश्व व्यापार संगठन (WTO),** अपने **सदस्य देशों द्वारा प्रतिकारी शुल्क लगाने की अनुमति** देता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **WTO का SCM समझौता: विश्व व्यापार संगठन (WTO) का सहायिकी तथा प्रतिकारी उपायों पर समझौता (Subsidies and Countervailing Measures- SCM समझौता) दो मुख्य पहलुओं का समाधान** करता है जिनमें सहायिकी के संबंध में बहुपक्षीय नियम एवं सहायिकी युक्त आयात से होने वाली क्षति से बचाव के लिये प्रतिकारी उपायों का उपयोग शामिल है। **अत: कथन 3 सही है।**

**73. वैकल्पिक निवेश कोष (AIF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका तात्पर्य भारत में स्थापित अथवा गठित एक निधि से है, जो निजी तौर पर एकत्रित निवेश तंत्र के रूप में कार्य करता है।
2. ये निवेश तंत्र SEBI (वैकल्पिक निवेश निधि) विनियम, 2012 का अनुपालन करते हैं।
3. श्रेणी III AIF वे हैं जो स्टार्टअप, शुरुआती चरण के उद्यमों, सामाजिक पहल, लघु और मध्यम उद्यमों (SME), आधारभूत अवसंरचना आदि में निवेश करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. सिर्फ दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वैकल्पिक निवेश कोष (AIF):**

- वैकल्पिक निवेश निधि (AIF) का तात्पर्य भारत में स्थापित अथवा गठित एक निधि से है, जो **निजी तौर पर एकत्रित निवेश तंत्र के रूप में कार्य** करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - ◆ यह एक विशेष निवेश नीति के अनुसार निवेश **(घरेलू हो या अंतर्राष्ट्रीय) करने के उद्देश्य से परिष्कृत निवेशकों से धन एकत्रित करता है,** जिससे अंतत: अपने निवेशकों को लाभ होता है।
- ये निवेश तंत्र **SEBI (वैकल्पिक निवेश निधि) विनियम, 2012** का अनुपालन करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
  - ◆ **दिसंबर, 2023 तक 1,220 AIF भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) के साथ पंजीकृत** थे।
- **श्रेणी-I:** AIF के माध्यम से **स्टार्टअप, शुरुआती चरण के उद्यमों, सामाजिक पहल, SME, आधारभूत अवसंरचना अथवा अधिकारियों द्वारा सामाजिक एवं आर्थिक रूप से लाभकारी** समझे जाने वाले क्षेत्रों में निवेश किया जाता है।
  - ◆ इसमें **उद्यम पूंजी (Venture Capital), सामाजिक उद्यम निधि (Social Venture Funds),** अवसंरचना निधि और कोई अन्य निर्दिष्ट वैकल्पिक निवेश निधि शामिल हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**74. पश्चिम अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय (ECOWAS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1975 में लागोस संधि के माध्यम से स्थापित, ECOWAS पश्चिम अफ्रीकी देशों का एक क्षेत्रीय अंतर-सरकारी संगठन है।
2. इसका उद्देश्य आर्थिक एकीकरण, लोगों और वस्तुओं की मुक्त आवाजाही एवं सभी क्षेत्रों में क्षेत्रीय सहयोग हासिल करना है।
3. इसका मुख्यालय नैरोबी, केन्या में स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1975 में लागोस संधि के माध्यम से स्थापित **ECOWAS (फ्रेंच में CEDEAO)** पश्चिम अफ्रीकी देशों के बीच आर्थिक एकीकरण और सहयोग को बढ़ावा देने वाला एक **क्षेत्रीय अंतर-सरकारी संगठन** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य **आर्थिक एकीकरण, लोगों और वस्तुओं की मुक्त आवाजाही** तथा सभी क्षेत्रों में क्षेत्रीय सहयोग हासिल करना है। इसके अतिरिक्त, इसका उद्देश्य लोकतांत्रिक सिद्धांतों द्वारा शासित एक सीमा रहित क्षेत्र स्थापित करना और सहयोगात्मक संघर्ष समाधान के माध्यम से सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- ECOWAS में 15 सदस्य देश शामिल हैं जिनके नाम बेनिन, बुर्किना फासो, केप वर्डे, कोटे डी आइवर, गाम्बिया, घाना, गिनी, गिनी बिसाऊ, लाइबेरिया, माली, नाइजर, नाइजीरिया, सिएरा लियोन, सेनेगल और टोगो हैं।
  - मुख्यालय: अबुजा, नाइजीरिया। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**75. MSME प्रदर्शन को बढ़ाने और तेज़ करने (RAMP) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक विश्व आर्थिक मंच (WEF) सहायता प्राप्त केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. यह सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (MoMSME) के विभिन्न कोरोना वायरस रोग 2019 लचीलेपन और रिकवरी हस्तक्षेपों का समर्थन करता है।
3. RAMP का महत्त्वपूर्ण घटक रणनीतिक निवेश योजनाओं (SIP) की तैयारी है, जिसमें सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को आमंत्रित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- MSME प्रदर्शन को बढ़ाना और तेज़ करना (RAMP) एक विश्व बैंक सहायता प्राप्त केंद्रीय क्षेत्र योजना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- RAMP सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (**Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises- MoMSME**) द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कोविड-19 संबंधित हस्तक्षेपों का समर्थन करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- RAMP का महत्त्वपूर्ण घटक रणनीतिक निवेश योजना (Strategic Investment Plans- SIPs) तैयार करना है जिसमें सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को आमंत्रित किया जाएगा। **अत: कथन 3 सही है।**
  - **RAMP की समग्र निगरानी और नीति** का अवलोकन एक शीर्ष राष्ट्रीय MSME परिषद द्वारा किया जाएगा।

**76. '2047 तक सभी के लिये बीमा' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) '2047 तक सभी के लिये बीमा' पहल के अनुरूप, ग्रामीण क्षेत्रों हेतु अनुकूलित उत्पाद प्रस्तुत कर रहा है।
2. वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के दृष्टिकोण के अनुरूप, ग्रामीण जनता तक अधिक-से-अधिक बीमा कवरेज बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।
3. LIC भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) द्वारा प्रस्तावित 'बीमा विस्तार' को स्वीकार करती है, जो जीवन, स्वास्थ्य तथा संपत्ति बीमा को कवर करने वाला एक समग्र उत्पाद है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) **'वर्ष 2047 तक सभी के लिये बीमा'** पहल के अनुरूप, ग्रामीण क्षेत्रों हेतु अनुकूलित उत्पाद

प्रस्तुत करके तथा डिजिटल परिवर्तन को अपनाकर एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिये तैयार है। **अतः कथन 1 सही है।**

- वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के दृष्टिकोण के अनुरूप, ग्रामीण जनता तक अधिक-से-अधिक बीमा कवरेज़ बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- LIC भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) द्वारा प्रस्तावित 'बीमा विस्तार' को स्वीकार करती है, जो जीवन, स्वास्थ्य तथा संपत्ति बीमा को कवर करने वाला एक समग्र उत्पाद है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - इन उत्पादों का वितरण चैनल, जिसे '**बीमा वाहक**' के नाम से जाना जाता है, ग्राम पंचायत स्तर पर समर्पित वितरण चैनलों के लिये प्रस्तावित दिशा-निर्देशों के अनुरूप, **महिला केंद्रित होगा**।

1. वित्तीय स्थिरता बोर्ड (FSB) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. FSB की स्थापना वर्ष 2005 में आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) के तत्त्वावधान में की गई थी।
2. भारत, FSB का एक सक्रिय सदस्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वित्तीय स्थिरता बोर्ड (FSB):**

- FSB एक **अंतर्राष्ट्रीय संस्था** है जो वैश्विक वित्तीय प्रणाली की **निगरानी** करती है तथा उससे संबंधित **अनुशंसाएँ** करती है।
- **FSB** की स्थापना **वर्ष 2009** में **G20** के तत्त्वावधान में की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **भारत, FSB** का एक सक्रिय सदस्य है, जिसके पूर्ण सत्र में तीन सीटों का **प्रतिनिधित्व** आर्थिक मामलों के सचिव, वित्त मंत्रालय, भारतीय रिज़र्व बैंक के उप-गवर्नर तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) के अध्यक्ष द्वारा किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**77. अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक स्वतंत्र संगठन है जो शिपिंग को विनियमित करने और जहाज़ों से होने वाले समुद्री प्रदूषण को रोकने के लिये ज़िम्मेदार है।
2. भारत IMO के संस्थापक सदस्यों में से एक है।
3. IMO सदस्यों की सभा द्वारा शासित होता है जो संगठन का सर्वोच्च शासी निकाय भी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO):**

- **परिचय:**
  - IMO संयुक्त राष्ट्र (UN) की एक विशेष एजेंसी है जो शिपिंग को विनियमित करने और जहाज़ों से समुद्री प्रदूषण को रोकने के लिये ज़िम्मेदार है।
  - IMO की स्थापना 1948 में जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के बाद हुई थी और 1958 में अस्तित्त्व में आया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **सदस्य:**
  - IMO में 175 सदस्य देश और तीन सहयोगी सदस्य हैं, इसका मुख्यालय लंदन, यूनाइटेड किंगडम में है।
    - भारत 1959 में IMO में शामिल हुआ। अतः कथन 2 सही है।
- **IMO की संरचना:**
  - **IMO सदस्यों की सभा (Assembly)** द्वारा शासित होता है, जिसकी बैठक द्विवार्षिक रूप से 40 सदस्यों की एक परिषद होती है, जिसे दो वर्ष की अवधि के लिये विधानसभा द्वारा चुना जाता है।
    - IMO की सर्वोच्च शासी निकाय असेंबली है। अतः कथन 3सही है।
  - यह परिषद IMO की इकाई है तथा संगठन के कार्य की निगरानी के लिये ज़िम्मेदार है। यह समुद्री सुरक्षा और प्रदूषण की रोकथाम पर सरकारों को सिफारिशें करने के अलावा असेंबली के कार्यों का निष्पादन करती है।

**78. पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (OPEC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ओपेक एक स्थायी, अंतर-सरकारी संगठन है, जिसका गठन वर्ष 1960 में बगदाद सम्मेलन में किया गया था।
2. वर्ष 2019 तक ओपेक में भारत सहित कुल 13 सदस्य देश हैं।
3. ओपेक+ में रूस सहित 11 अतिरिक्त सहयोगी प्रमुख तेल उत्पादक देश शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (OPEC):**

- **पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन (OPEC)** एक स्थायी **अंतर-सरकारी संगठन** है, जिसका गठन वर्ष 1960 में बगदाद सम्मेलन में ईरान, इराक, कुवैत, सऊदी अरब एवं वेनेज़ुएला द्वारा किया गया था। इसका मुख्यालय वियना, ऑस्ट्रिया में है। अत: कथन 1 सही है।
- ओपेक की **सदस्यता किसी भी ऐसे देश के लिये खुली है जो तेल का बड़ा निर्यातक है और जो संगठन** के आदर्शों को साझा करता है।
- **इक्वाडोर** ने दिसंबर 1992 में अपनी सदस्यता निलंबित कर दी तथा अक्तूबर 2007 में फिर से ओपेक में शामिल हो गया, लेकिन 1 जनवरी, 2020 से ओपेक ने अपनी सदस्यता को वापस लेने का फैसला किया। **इंडोनेशिया** ने जनवरी 2009 में अपनी सदस्यता निलंबित कर दी और जनवरी 2016 में इसे पुन: सक्रिय कर दिया, लेकिन 30 नवंबर, 2016 को इसने ओपेक सम्मेलन की 171वीं बैठक में एक बार फिर अपनी सदस्यता निलंबित करने का निर्णय लिया। **गैबॉन** ने जनवरी 1995 में ओपेक से अपनी सदस्यता समाप्त कर दी। हालाँकि यह जुलाई 2016 में संगठन में फिर से शामिल हो गया। **कतर** ने 1 जनवरी, 2019 को अपनी सदस्यता समाप्त कर दी। इसका मतलब यह है कि **वर्तमान में संगठन में कुल 13 सदस्य देश** हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- रूस सहित अन्य 11 सहयोगी प्रमुख तेल उत्पादक देशों को शामिल करने के साथ समूह को ओपेक+ के रूप में जाना जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**79. थोक मूल्य सूचकांक (WPI) के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. WPI सेवाओं के साथ-साथ वस्तुओं की कीमतों में बदलाव को भी दर्शाता है।
2. WPI को वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अधीन आर्थिक सलाहकार के कार्यालय द्वारा प्रकाशित किया जाता है।
3. WPI का आधार वर्ष 2011-2012 है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- CPI के विपरीत WPI सेवाओं की कीमतों में हुए परिवर्तन को नहीं दर्शाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत में WPI को वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) के आर्थिक सलाहकार के कार्यालय द्वारा प्रकाशित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- WPI का आधार वर्ष 2011-2012 है। **अत: कथन 3 सही है।**

**80. भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत स्थापित एक स्वायत्त वैधानिक निकाय है।
2. उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय FSSAI का प्रशासनिक मंत्रालय है।
3. हार्ट अटैक रिवाइंड FSSAI का पहला मास मीडिया अभियान है जिसका उद्देश्य वर्ष 2022 तक भारत को ट्रांस फैट मुक्त बनाने के FSSAI के लक्ष्य का समर्थन करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) **खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006** (FSS अधिनियम) के तहत स्थापित एक **स्वायत्त वैधानिक निकाय** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,** FSSAI का प्रशासनिक मंत्रालय है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इसका मुख्यालय दिल्ली में स्थित है।
- **हार्ट अटैक रिवाइंड** - यह FSSAI का पहला मास मीडिया अभियान है। इसका उद्देश्य वर्ष 2022 तक भारत को ट्रांस फैट मुक्त

बनाने के FSSAI के लक्ष्य का समर्थन करना है। **अत: कथन 3 सही है।**

**81. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अधिकांश OECD सदस्य उच्च आय वाली अर्थव्यवस्थाएँ हैं जिनका मानव विकास सूचकांक (HDI) बहुत उच्च है।
2. कोस्टा रिका 2021 में OECD का नवीनतम सदस्य बना।
3. OECD का मुख्यालय पेरिस, फ्राँस में है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD):**

- OECD एक अंतरसरकारी आर्थिक संगठन है जिसकी स्थापना आर्थिक प्रगति और विश्व व्यापार को प्रोत्साहित करने के लिये की गई है।
  - **अधिकांश OECD सदस्य राष्ट्र उच्च आय वाली अर्थव्यवस्थाएँ हैं जिनका मानव विकास सूचकांक (HDI) बहुत उच्च है** और उन्हें विकसित देश माना जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसके **मुख्यालय** की स्थापना वर्ष 1961 में **पेरिस, फ्राँस में** की गई थी और इसमें कुल 38 सदस्य देश हैं। **अत: कथन 3 सही है।**
  - OECD में शामिल होने वाले सबसे हालिया देश अप्रैल **2020 में कोलंबिया और मई 2021 में कोस्टा रिका थे। अत: कथन 2 सही है।**
  - भारत इसका सदस्य नहीं है, बल्कि एक प्रमुख आर्थिक भागीदार है।
- **OECD द्वारा रिपोर्ट और सूचकांक:**
  - सरकार एक नज़र में
  - बेहतर जीवन सूचकांक

**82. हाल के आयकर रिटर्न आँकड़ों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पिछले वर्ष की तुलना में आयकर रिटर्न दाखिल करने में वृद्धि हुई है।
2. हाल के वर्षों में करदाताओं की संख्या में उत्तरोत्तर कमी आई है।
3. भारत में अत्यधिक अमीरों और मध्यम वर्ग के बीच संपत्ति का अंतर कम हो रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **समग्र कर फाइलिंग:**
  - **मूल्यांकन वर्ष (AY) 2021-22** (वित्तीय वर्ष 2020-21) में कुल **6.75 करोड़ करदाताओं ने आयकर रिटर्न जमा किया,** जो **पिछले वर्ष की 6.39 करोड़ फाइलिंग से 5.6% की वृद्धि को दर्शाता है।**
    - हालाँकि देशभर में लगभग 2.1 करोड़ करदाताओं ने कर का भुगतान किया लेकिन रिटर्न दाखिल नहीं किया। अत: कथन 1 सही है।
- **करदाता आधार का विकास:**
  - **हाल के वर्षों में करदाताओं की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है: यह संख्या** मूल्यांकन **वर्ष 2018-19 में 5.87 करोड़ थी जो मूल्यांकन वर्ष 2021-22 में बढ़कर 6.75 करोड़** हो गई।
- हालाँकि शून्य कर का भुगतान करने वाले करदाताओं का प्रतिशत भी **मूल्यांकन वर्ष 2018-19 में 40.3% से बढ़कर मूल्यांकन वर्ष 2021-22 में 66%** हो गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **आलोचना:**
- आलोचक भारत में **अत्यधिक-अमीर और मध्यम वर्ग के बीच बढ़ते धन के अंतर को स्पष्ट करते हैं,** क्योंकि शीर्ष 1% आय अर्जित करने वालों की आय की कुल हिस्सेदारी **वर्ष 2013-14 से 2021-22 तक 17% से बढ़कर 23% हो गई है। अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**83. भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (NAFED) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वर्ष 1958 में स्थापित कृषि उत्पाद खरीद और विपणन हेतु एक अग्रणी भारतीय सहकारी संगठन है।
2. यह वर्ष 2002 के बहु-राज्य सहकारी सोसायटी अधिनियम के तहत पंजीकृत है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (National Agricultural Cooperative Marketing Federation of India Limited- NAFED):**

- NAFED वर्ष 1958 में स्थापित **कृषि उत्पाद खरीद और विपणन** हेतु एक अग्रणी भारतीय सहकारी संगठन है। **अत: कथन 1 सही है।**
- NAFED **वर्ष 2002 के बहु-राज्य सहकारी सोसायटी अधिनियम** के तहत पंजीकृत है। **अत: कथन 2 सही है।**
- 'भारत' ब्रांड आटा केंद्रीय भंडार, **भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (National Agricultural Cooperative Marketing Federation of India Limited- NAFED) और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (National Cooperative Consumer Federation- NCCF)** सहित विभिन्न आउटलेट्स के माध्यम से उपलब्ध होगा, ताकि भारत' ब्रांड आटे तक व्यापक स्तर पर उपभोक्ताओं की पहुँच सुनिश्चित हो सके।

**84. 'भारत-इथियोपिया संयुक्त व्यापार समिति' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत ने इथियोपिया के एथस्विच के साथ यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) को एकीकृत करने पर सहयोग के लिये इथियोपिया को आमंत्रित किया। एथस्विच इथियोपिया में एक भुगतान प्लेटफॉर्म बुनियादी ढाँचा है।
2. इथियोपिया ग्रामीण विद्युतीकरण, चीनी उद्योग और रेलवे जैसे क्षेत्रों के लिये भारत के लिये दीर्घकालिक रियायती ऋण के सबसे बड़े स्रोतों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत ने इथियोपिया के एथस्विच के साथ **यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI)** को एकीकृत करने पर सहयोग के लिये इथियोपिया को आमंत्रित किया। एथस्विच इथियोपिया में एक भुगतान प्लेटफॉर्म बुनियादी ढाँचा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत-इथियोपिया JTC एक **द्विपक्षीय मंच** है जो दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों की समीक्षा तथा उन्हें बढ़ाने के लिये समय-समय पर बैठक करता है।
- भारतीय पक्ष ने इथियोपिया से स्थानीय मुद्रा में **व्यापारिक लेन-देन के निपटान की संभावना** का पता लगाने का भी आग्रह किया।
- इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य और फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल्स, कपड़ा, बुनियादी ढाँचा परियोजनाएँ, खाद्य तथा कृषि प्रसंस्करण इत्यादि शामिल हैं।
- भारत **इथियोपिया के लिये दीर्घकालिक रियायती ऋण के सबसे बड़े स्रोतों** में से एक है, जिसमें ग्रामीण विद्युतीकरण, चीनी उद्योग और रेलवे जैसे क्षेत्रों के लिये 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का ऋण शामिल है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**85. गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (NBFC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NBFC को जनता से मांग जमा स्वीकार करने से प्रतिबंधित किया जाता है।
2. NBFC भुगतान और निपटान प्रणाली का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है।
3. NBFC मुख्य रूप से बाज़ार ऋण-ग्रहण एवं बैंक ऋण के माध्यम से अपने परिचालन को वित्तपोषित करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ (NBFC):**

- **गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) 'कंपनी अधिनियम, 1956'** के तहत पंजीकृत एक कंपनी है जो ऋण, प्रतिभूतियों में निवेश, पट्टे, बीमा जैसी विभिन्न वित्तीय गतिविधियों में संलग्न होती है।
- इसमें वे संस्थान **शामिल नहीं** हैं जिनका **प्राथमिक व्यवसाय कृषि, उद्योग, वस्तु व्यापार, सेवाएँ या अचल संपत्ति व्यापार के अंतर्गत आता** है।
- **बैंकों के विपरीत NBFC को जनता से मांग जमा** स्वीकार करने से प्रतिबंधित किया जाता है, जो आमतौर पर इस प्रकार की जमा स्वीकार करते हैं जिन्हें बिना किसी पूर्व सूचना के मांग पर निकाला जा सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- बैंकों के विपरीत **NBFC भुगतान और निपटान प्रणाली का हिस्सा नहीं बनते हैं।** वे स्वयं आहरित चेक जारी करने में असमर्थ हैं, जो बैंकों द्वारा प्रस्तावित एक मानक प्रथा है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

- NBFC मुख्य रूप से **बाज़ार ऋण-ग्रहण एवं बैंक ऋण** के माध्यम से अपने परिचालन को वित्तपोषित करते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**86. 'डी-डॉलरीकरण' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डी-डॉलरीकरण किसी देश या क्षेत्र द्वारा अपनी वित्तीय प्रणाली या अर्थव्यवस्था में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता को कम करने के लिये जान-बूझकर की गई या अनजान प्रक्रिया को संदर्भित करता है।
2. इसमें लेन-देन, भंडार, व्यापार या वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य निर्धारण के मानक के रूप में डॉलर के उपयोग को कम करने के उद्देश्य से विभिन्न उपाय शामिल हो सकते हैं।
3. डी-डॉलरीकरण की रणनीतियों में मुद्रा भंडार में विविधता लाना, व्यापार समझौतों में वैकल्पिक मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देना, मुद्रा स्वैप समझौते स्थापित करना आदि शामिल हो सकते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **डी-डॉलरीकरण** किसी देश या क्षेत्र द्वारा अपनी **वित्तीय प्रणाली या अर्थव्यवस्था** में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता को कम करने के लिये की गई एक जान-बूझकर या अनजान प्रक्रिया को संदर्भित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - ◆ इसमें **लेन-देन, भंडार, व्यापार या वस्तुओं** और सेवाओं के मूल्य निर्धारण के मानक के रूप में डॉलर के उपयोग को कम करने के उद्देश्य से विभिन्न उपाय शामिल हो सकते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- **संबंधित कारण:** सरकारें कई कारणों से डी-डॉलरीकरण का प्रयास कर सकती हैं, **जैसे अमेरिकी मौद्रिक नीति के प्रभाव को कम करना, आर्थिक संप्रभुता का दावा करना, डॉलर के उतार-चढ़ाव के प्रभाव को कम करना**, या वैश्विक वित्त में अधिक स्वतंत्रता की मांग करना।
- **डी-डॉलरीकरण के लिये रणनीतियाँ:** इसमें मुद्रा भंडार में विविधता लाना, **व्यापार समझौतों में वैकल्पिक मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देना, मुद्रा स्वैप समझौते स्थापित करना या वित्तीय लेन-देन में क्षेत्रीय मुद्राओं के उपयोग** को प्रोत्साहित करना शामिल हो सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**87. एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (APEC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग की स्थापना वर्ष 2009 में हुई थी।
2. भारत इस संगठन की स्थापना के समय से ही इसका सक्रिय सदस्य रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न ही 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (APEC):**

- एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग की स्थापना वर्ष 1989 में हुई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - ◆ **एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (APEC) के सदस्य राष्ट्र** ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, कनाडा, चिली, चीन, हॉन्गकॉन्ग, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, मैक्सिको, न्यूज़ीलैंड, पापुआ न्यू गिनी, पेरू, फिलीपींस, रूस, सिंगापुर, चीनी ताइपे, थाईलैंड, वियतनाम और संयुक्त राज्य अमेरिका हैं।
  - ◆ भारत APEC का सदस्य नहीं है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**88. भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. FSSAI उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत स्थापित एक स्वायत्त वैधानिक निकाय है।
2. कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय FSSAI का प्रशासनिक मंत्रालय है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- ◆ FSSAI खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम (FSS अधिनियम), 2006 के तहत स्थापित एक स्वायत्त वैधानिक निकाय है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- ◆ भारत सरकार का स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय FSSAI का प्रशासनिक मंत्रालय है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

- **मुख्यालय: इसका मुख्यालय दिल्ली** में स्थित है।
- FSSAI के कार्य:
  - खाद्य सुरक्षा मानकों एवं दिशा-निर्देशों को निर्धारित करने के लिये नियमों का निर्धारण।
  - FSSAI के खाद्य व्यवसायों के लिये लाइसेंस और प्रमाणन प्रदान करना।
  - खाद्य व्यवसायों में कार्यरत प्रयोगशालाओं हेतु प्रक्रिया एवं दिशा-निर्देश निर्धारित करना।
  - नीति निर्माण में सरकार को सलाह देना।
  - खाद्य उत्पादों में संदूषकों के बारे में डेटा एकत्र करना, उभरते जोखिमों की पहचान करना और त्वरित चेतावनी प्रणाली शुरू करना।

**89. सॉवरेन गोल्ड बॉण्ड (SGB) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये बॉण्ड भारत सरकार की ओर से भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी किये जाते हैं।
2. विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 के तहत परिभाषित भारत में निवासी व्यक्ति SGB में निवेश करने के पात्र हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सॉवरेन गोल्ड बॉण्ड (SGB):**

- SGB **सोने के ग्राम** में अंकित **सरकारी प्रतिभूतियाँ हैं।**
- वे **भौतिक रूप से सोना रखने के विकल्प हैं।** निवेशकों को निर्गम मूल्य नकद में चुकाना होगा और परिपक्वता पर बॉण्ड नकद में भुनाए जाएंगे।
- बॉण्ड भारत सरकार की ओर से **रिज़र्व बैंक द्वारा** जारी किया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999** के तहत परिभाषित **भारत में निवासी व्यक्ति** SGB में निवेश करने के पात्र हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- **योग्य** निवेशकों में **व्यक्ति, HUF, ट्रस्ट, विश्वविद्यालय और धर्मार्थ संस्थान** शामिल हैं। व्यक्तिगत निवेशक आवासीय स्थिति में बाद निवासी से अनिवासी में परिवर्तन पर मोचन/परिपक्वता तक SGB को अपने पास रखना जारी रख सकते हैं।

**90. अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (IFSC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. IFSC एक वित्तीय केंद्र है जो घरेलू अर्थव्यवस्था के अधिकार क्षेत्र से बाहर ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है।
2. भारत में IFSC को अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA) द्वारा विनियमित किया जाता है, जो एक वैधानिक प्राधिकरण है, जिसे IFSC अधिनियम, 2019 के तहत स्थापित किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- IFSC एक वित्तीय केंद्र है जो घरेलू अर्थव्यवस्था के अधिकार क्षेत्र से बाहर ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत में IFSC को अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA) द्वारा विनियमित किया जाता है, जो एक वैधानिक प्राधिकरण है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण अधिनियम, 2019 के तहत स्थापित किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इसका मुख्यालय गुजरात के GIFT सिटी, गांधीनगर में है।
- वर्तमान में GIFT, IFSC भारत में पहला IFSC है।
- IFSC में सभी लेन-देन विदेशी मुद्रा (INR को छोड़कर) में होने चाहिये। हालाँकि प्रशासनिक और वैधानिक व्ययों का संचालन INR में किया जा सकता है।

**91. वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 भारतीय खाद्य अर्थव्यवस्था का प्रवेश द्वार है, जो भारतीय और विदेशी निवेशकों के बीच साझेदारी की सुविधा प्रदान करता है।
2. कृषि मंत्रालय ने वर्ष 2017 में वर्ल्ड फूड इंडिया का पहला संस्करण लॉन्च किया।
3. इस पहल के तहत किसानों को बीज हेतु सीधे आर्थिक सहायता दी गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमे से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

- वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 **भारतीय खाद्य अर्थव्यवस्था** का प्रवेश द्वार है, जो भारतीय और विदेशी निवेशकों के बीच साझेदारी की सुविधा प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने वर्ष 2017 में वर्ल्ड फूड इंडिया का पहला संस्करण लॉन्च किया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इस पहल के तहत, भारत के प्रधानमंत्री ने **एक लाख** से अधिक **स्वयं सहायता समूह (SHG)** सदस्यों को बीज के लिये आर्थिक सहायता भी प्रदान की। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**92. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** FDI नीति के तहत, ई-कॉमर्स में डजिटिल और भौतकि दोनों तरह के उत्पाद एवं डजिटिल व इलेक्ट्रॉनकि नेटवर्क पर व्यापार की जाने वाली सेवाएँ शामलि हैं।

**कथन-II:** बजिनेस-टू-कंज़्यूमर(B2C) इंटरनेट पर ई-कॉमर्स के खुदरा व्यापार अर्थात डजिटिल माध्यम से अंतमि उपभोक्ता को वस्तुओं और/या सेवाओं की बक्रिी का हस्सिा है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **FDI नीति** के तहत, **ई-कॉमर्स** में **डिजिटल** और **भौतिक** दोनों प्रकार के उत्पाद के साथ **डिजिटल** एवं **इलेक्ट्रॉनिक नेटवर्क** पर व्यापार की जाने वाली सेवाएँ शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **बिजनेस-टू-कंज़्यूमर (B2C)** इंटरनेट पर **ई-कॉमर्स** के खुदरा व्यापार अर्थात **डिजिटल माध्यम** से **अंतिम उपभोक्ता** को वस्तुओं और/या सेवाओं की बिक्री का हिस्सा है। **अतः कथन 2 सही है।**

अतः विकल्प B सही है।

**93. नवरत्न कंपनियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2023 तक भारत में कुल 16 नवरत्न कंपनियाँ हैं।
2. नवरत्न का दर्जा प्राप्त करने के लिये एक फर्म को प्रारंभ में मिनीरत्न पदनाम धारण करना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**नवरत्न कंपनियाँ:**

- **नवरत्न का दर्जा** पहली बार **वर्ष 1997** में पेश किया गया था। वर्तमान में भारत में 16 नवरत्न कंपनियाँ हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- नवरत्न का दर्जा प्राप्त करने के लिये एक फर्म को प्रारंभ में **मिनीरत्न श्रेणी में शामिल होना** होगा और उसे **छह प्रदर्शन मानदंडों** के अनुसार **60 या अधिक (100 में से)** का स्कोर हासिल करना होगा, जिसमें नेट प्रॉफिट से लेकर नेट वर्थ, प्रति शेयर आय एवं अंतर-क्षेत्रीय प्रदर्शन जैसे मेट्रिक्स शामिल होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**94. क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (RCEP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. RCEP विश्व का सबसे बड़ा व्यापारिक ब्लॉक है।
2. RCEP के सदस्य राष्ट्र वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के 50% से अधिक का प्रतिनिधित्व करते हैं।
3. भारत RCEP के सदस्य के रूप में सक्रिय रूप से भाग लेता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (RCEP), आसियान सदस्यों और मुक्त व्यापार समझौते (FTA) के साझेदारों के बीच एक महत्त्वपूर्ण आर्थिक समझौता है। RCEP **विश्व का सबसे बड़ा व्यापारिक ब्लॉक** है। इसे सदस्य देशों के बीच **आर्थिक एकीकरण, व्यापार उदारीकरण तथा सहयोग को बढ़ावा** देने के लिये डिज़ाइन किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- RCEP के सदस्य राष्ट्र वैश्विक **सकल घरेलू उत्पाद (GDP)** के **30% से अधिक** का प्रतिनिधित्व करते हैं। व्यापारिक समझौता **विश्व की लगभग एक-तिहाई आबादी** को कवर करता है। इसमें वैश्विक व्यापार पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव डालने की क्षमता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

- **RCEP वार्ता वर्ष 2012 में शुरू हुई थी।** इस पर आधिकारिक तौर पर **नवंबर 2020 में हस्ताक्षर किये गए थे,** जो क्षेत्रीय व्यापार के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण निर्णय है। इसे 1 जनवरी, 2022 को लागू किया गया।
- भारत RCEP का संस्थापक सदस्य राष्ट्र था। वर्ष **2019 में भारत ने RCEP वार्ता से हटने का निर्णय** लिया। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**95. एंजेल टैक्स के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एंजेल टैक्स एक आयकर है जो 50% की दर से तब लगाया जाता है जब कोई असूचीबद्ध कंपनी किसी निवेशक को उसके उचित बाज़ार मूल्य से अधिक कीमत पर शेयर जारी करती है।
2. एंजेल टैक्स केवल निवासी निवेशकों द्वारा किये गए निवेश पर लागू होता है।
3. हाल ही में वित्त मंत्रालय ने 21 देशों के निवेशकों को भारतीय स्टार्ट-अप में अनिवासी निवेश के लिये एंजेल टैक्स लेवी से छूट दी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**एंजेल टैक्स:**

- एंजेल टैक्स **एक आयकर है जो 30.6% की दर से तब लगाया जाता है जब कोई असूचीबद्ध कंपनी किसी निवेशक को** उसके उचित बाज़ार मूल्य से अधिक कीमत पर **शेयर जारी करती है। अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- प्रारंभ में एंजेल टैक्स केवल निवासी निवेशकों द्वारा किये गए निवेश पर लागू था। **वित्त अधिनियम, 2023** ने विदेशी निवेशकों को भी इसमें शामिल करने के लिये इस प्रावधान का विस्तार किया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- मई 2023 में वित्त मंत्रालय ने **अमेरिका, ब्रिटेन और फ्राँस** जैसे **21 देशों के निवेशकों** को भारतीय स्टार्ट-अप में **अनिवासी निवेश के लिये एंजेल टैक्स लेवी** से छूट दी। **अतः कथन 3 सही है।**

**96. भारत में न्यूनतम समर्थन मूल्य के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कृषि लागत और मूल्य आयोग (CACP) भारत में विभिन्न फसलों के लिये MSP को मंज़ूरी देता है।
2. CACP 22 अनिवार्य फसलों के लिये MSP और गन्ने के लिये उचित और लाभकारी मूल्य (FRP) की सिफारिश करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- MSP वह गारंटीकृत राशि है जो किसानों को तब दी जाती है जब सरकार उनकी फसल खरीदती है। **MSP कृषि लागत और मूल्य आयोग (Commission for Agricultural Costs and Prices- CACP)** की सिफारिशों पर आधारित है, जो उत्पादन लागत, मांग तथा आपूर्ति, बाज़ार मूल्य रुझान, अंतर-फसल मूल्य समानता आदि जैसे विभिन्न कारकों पर विचार करता है।
    - CACP **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय** का एक संलग्न कार्यालय है। यह जनवरी 1965 में अस्तित्व में आया।
- भारत के प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में **आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (CCEA)** MSP के स्तर पर अंतिम निर्णय (अनुमोदन) लेती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **CACP, 22** अधिदिष्ट फसलों (Mandated Crops) के लिये MSP और गन्ने के लिये **उचित तथा लाभकारी मूल्य (FRP)** की सिफारिश करता है। अधिदिष्ट फसलों में खरीफ सीज़न की **14 फसलें, 6 रबी फसलें और 2 अन्य वाणिज्यिक फसलें शामिल हैं। अतः कथन 2 सही है।**

**97. निम्न पर विचार कीजिये:**

1. डीप ओशन मिशन
2. सागरमाला परियोजना
3. O-स्मार्ट
4. भारतमाला परियोजना

**उपर्युक्त में से कितनी पहलें नीली अर्थव्यवस्था से संबंधित हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**नीली अर्थव्यवस्था:**

- **विश्व बैंक** के अनुसार, **नीली अर्थव्यवस्था** "समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य को संरक्षित करते हुए आर्थिक विकास, बेहतर

आजीविका और नौकरियों के लिये समुद्री संसाधनों का संधारणीय उपयोग है।"

- नीली अर्थव्यवस्था से संबंधित प्रमुख सरकारी पहलें:
  - डीप ओशन मिशन
  - सागरमाला परियोजना
  - O-स्मार्ट
  - एकीकृत तटीय क्षेत्र प्रबंधन
  - नाविक (NavIC)
- हालाँकि **भारतमाला परियोजना** सड़क विकास का एक पारिस्थितिकी तंत्र है जिसमें कई स्थानों पर सबसे छोटी, जाम मुक्त और अनुकूलित कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिये सुरंगों, पुलों, एलिवेटेड कॉरिडोर, फ्लाईओवर, ओवरपास, इंटरचेंज, बाईपास, रिंग रोड आदि का विकास शामिल है, यह भारत सरकार की एक केंद्र प्रायोजित एवं वित्त पोषित सड़क व राजमार्ग परियोजना है।

**अत: विकल्प C सही है।**

**98. बहुपक्षीय विकास बैंकों (MDB) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये अंतर्राष्ट्रीय संस्थान हैं जिनमें विकसित और विकासशील दोनों देश शामिल हैं।
2. विकसित देश MDB ऋण देने में योगदान करते हैं, जबकि विकासशील देश आमतौर पर विकास परियोजनाओं के लिये उनसे उधार लेते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**बहुपक्षीय विकास बैंक (MDB):**

- MDB अंतर्राष्ट्रीय संस्थान हैं जिनमें विकसित और विकासशील देश शामिल हैं।**अत: कथन 1 सही है।**
- वे परिवहन, ऊर्जा, शहरी बुनियादी ढाँचे और अपशिष्ट प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में विभिन्न परियोजनाओं के लिये **वित्तपोषण तथा तकनीकी सहायता** प्रदान करते हैं।
- विकसित देश **MDB को ऋण देने में योगदान** करते हैं, जबकि **विकासशील देश** आमतौर पर विकास परियोजनाओं के लिये **उनसे उधार लेते** हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- MDB गरीबी में कमी, बुनियादी ढाँचे के विकास, मानव पूंजी निर्माण आदि जैसे मुद्दों को हल करके **निम्न-आय और मध्यम-आय वाले देशों (LIC तथा MIC) दोनों के विकास का समर्थन करने** में सहायक रहे हैं।
- MDB में **विश्व बैंक समूह, एशियाई विकास बैंक**, अफ्रीकी विकास बैंक, अंतर-अमेरिकी विकास बैंक आदि शामिल हैं।

**99. पूंजीगत व्यय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लंबी अवधि की परिसंपत्तियों या निवेशों को प्राप्त करने, सुधारने या विस्तारित करने से संबंधित व्यय, जिनसे एक वित्तीय वर्ष से अधिक के लिये लाभ होने की उम्मीद है।
2. इसमें नई मशीनरी प्राप्त करना, नियमित मशीनरी रखरखाव, कर्मचारी वेतन, विज्ञापन लागत, उपयोगिता बिल शामिल हैं।
3. यह मूल्यह्रास या परिशोधन के अधीन है, जिससे कर प्रभाव में देरी होती है और प्राय: खरीद के वर्ष में कर योग्य आय कम हो जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**पूंजीगत और राजस्व व्यय के बीच अंतर:**

| पहलू | पूंजीगत व्यय | राजस्व व्यय |
|---|---|---|
| **व्यय की प्रकृति** | **दीर्घकालिक परिसंपत्तियों** या निवेशों को **प्राप्त करने**, **सुधारने या विस्तारित** करने से संबंधित व्यय, जिनसे एक वित्तीय वर्ष से अधिक के लिये लाभ मिलने की उम्मीद है। | मौजूदा परिसंपत्तियों या सेवाओं के रखरखाव और समर्थन के लिये किये गए **दैनिक परिचालन व्यय**। |
| **लेखांकन व्यवहार** | **बैलेंस शीट पर पूंजीकृत करने के उपरांत** समय से परिशोधन या मूल्यह्रास के माध्यम से मान्यता प्राप्त है। | आय विवरण पर वर्ष में किये गए **व्यय के रूप में पूरी तरह से मान्यता प्राप्त है।** |
| **कर व्यवहार** | **मूल्यह्रास** या परिशोधन के अधीन, जिससे कर प्रभाव में देरी होती है और प्राय: खरीद के वर्ष में कर योग्य आय कम हो जाती है। | **कर योग्य आय** से तुरंत **कटौती योग्य**, कर दायित्व में तत्काल कमी प्रदान करता है। |

| | | |
|---|---|---|
| **लाभप्रदता पर प्रभाव** | आम तौर पर **अल्पकालिक लाभप्रदता पर बड़ा प्रभाव नहीं पड़ता** क्योंकि लागत कई वर्षों के लिये होती है। | इसका **लाभप्रदता पर तत्काल प्रभाव** पड़ता है, क्योंकि व्यय का आकलन निर्दिष्ट वर्ष में व्यय के आधार पर की जाती है। |
| **उदाहरण** | एक **नई विनिर्माण सुविधा** प्राप्त करना, एक नए उत्पाद, दीर्घकालिक लाइसेंस या फ्रेंचाइज़ी के लिये अनुसंधान और विकास। | नियमित मशीनरी रखरखाव, कर्मचारी वेतन, विज्ञापन लागत, उपयोगिता बिल। |

**100. स्वच्छता और पादप स्वच्छता (SPS) समझौता निम्नलिखित में से किस संगठन से जुड़ा है?**

A. विश्व व्यापार संगठन (WTO)

B. विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP)

C. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)

D. खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **विश्व व्यापार संगठन (WTO) का सैनिटरी और फाइटोसैनिटरी (SPS) समझौता** यह सुनिश्चित करता है कि **WTO सदस्यों के बीच विपणित उत्पाद बीमारियाँ नहीं फैलाते हैं**, तथा खाद्य उत्पादों में हानिकारक पदार्थ या रोगजनक नहीं होते हैं।
- **"SPS समझौता" 1 जनवरी, 1995** को विश्व व्यापार संगठन की स्थापना के साथ लागू हुआ।
  - WTO में **भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका** सहित कुल 164 सदस्य देश हैं।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**101. आर्थिक नीतियों के संबंध में बाइडनॉमिक्स शब्द कभी-कभी चर्चा में रहता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इसके अर्थ को सही ढंग से दर्शाता है?**

A. यह नीतियों का एक समूह है जो कर कटौती, विनियमन, घरेलू खर्च में कटौती और मुद्रास्फीति में कमी पर जोर देता है।

B. यह नीतियों का एक समूह है जो उच्च आय वाले व्यक्तियों और निगमों पर कर वृद्धि द्वारा वित्तपोषित राहत उपायों, बुनियादी ढाँचे में निवेश और सुरक्षा जाल को मज़बूत करने पर ज़ोर देता है।

C. यह नीतियों का एक समूह है जो व्यापार संरक्षणवाद, आप्रवासन प्रतिबंध और वैश्विक मामलों से अलगाववाद पर ज़ोर देता है।

D. यह नीतियों का एक समूह है जो वैश्विक संपत्ति कर द्वारा वित्तपोषित पर्यावरणीय स्थिरता, सामाजिक न्याय और मानवाधिकारों पर ज़ोर देता है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- बाइडनॉमिक्स, **रीगनॉमिक्स** पर एक शब्दों का खेल है, जो रीगन प्रशासन की आर्थिक नीतियों का उपनाम है, **जिसमें चार स्तंभों पर ज़ोर दिया गया है:** कर में कटौती, विनियमन, घरेलू खर्च में कटौती और मुद्रास्फीति में कमी।
- व्हाइट हाउस के अनुसार, **बाइडनॉमिक्स**, रीगनॉमिक्स को परिभाषित करने वाली ट्रिकल-डाउन आर्थिक नीतियों की अस्वीकृति है।
  - **यह तीन प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित** एक दृष्टिकोण है: **स्मार्ट सार्वजनिक निवेश करना; मध्यम वर्ग के विकास के लिये श्रमिकों को सशक्त बनाना और शिक्षित करना; लागत कम करने हेतु प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा देना तथा उद्यमियों व छोटे व्यवसायों को फलने-फूलने में मदद करना।**
- अतः विकल्प B सही है।

**102. पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी (NBS) व्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे उर्वरक विभाग द्वारा अप्रैल 2010 से लागू किया गया है।
2. इस व्यवस्था के तहत किसानों को रियायती दरों पर यूरिया उपलब्ध कराया जाता है।
3. इसका उद्देश्य फॉस्फेटिक और पोटैशिक (P&K) उर्वरकों की खपत को कम करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय** के **उर्वरक विभाग** द्वारा अप्रैल 2010 से पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी (Nutrient Based Subsidy- NBS) व्यवस्था लागू की गई है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **NBS व्यवस्था** के तहत किसानों को इन उर्वरकों में निहित **पोषक तत्त्वों (N, P, K और S)** के आधार पर रियायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराए जाते हैं। इसमें यूरिया शामिल नहीं है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

- **NBS** नीति का उद्देश्य **फॉस्फेटिक और पोटैशिक (P&K) उर्वरकों की खपत** को बढ़ाना है ताकि NPK उर्वरक का इष्टतम संतुलन (N:P:K= 4:2:1) प्राप्त किया जा सके। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**103. तस्करी और जालसाज़ी गतिविधियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विश्व के गोल्डन क्रिसेंट क्षेत्र में शामिल देश हैं - अफगानिस्तान, पाकिस्तान और इराक।
2. विश्व के गोल्डन ट्रायंगल भाग में शामिल देश हैं; म्याँमार, लाओस, थाईलैंड।
3. फिक्की कैस्केड भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (FICCI) की एक पहल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**स्वर्णिम त्रिकोण/गोल्डन ट्रायंगल :**

- **स्वर्णिम त्रिकोण/गोल्डन ट्रायंगल(म्याँमार, लाओस व थाईलैंड)** और **स्वर्णिम अर्द्धचंद्र/गोल्डन क्रिसेंट** (अफगानिस्तान, पाकिस्तान व ईरान) सहित प्रमुख ड्रग उत्पादक क्षेत्रों के पास का भारतीय क्षेत्र उन गतिविधियों से जुड़ा हुआ है जहाँ निषेध **पदार्थों का आवागमन तथा वितरण शामिल हो सकता है। अत: कथन 1 सही नहीं है और 2 सही है।**
- फिक्की कैस्केड/FICCI CASCADE (अर्थव्यवस्था को नष्ट करने वाली तस्करी और जालसाज़ी गतिविधियों के खिलाफ फिक्की की समिति), **भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (Federation of Indian Chambers of Commerce and Industry- FICCI) की एक पहल है। अत: कथन 3 सही है।**
- इसकी स्थापना 18 जनवरी, 2011 को भारत और विश्व स्तर पर **जाली, पास-ऑफ एवं तस्करी के सामानों के अवैध व्यापार के गंभीर मुद्दे** को उजागर करने हेतु की गई थी।

**104. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पेटेंट किसी आविष्कार के लिये एक सीमित अवधि के लिये दिया गया एक गैर-वैधानिक अधिकार है।
2. यदि पेटेंट संरक्षण भारत के भीतर प्रदान किया गया है तो यह केवल भारत के क्षेत्र के भीतर ही प्रभावी होता है।
3. पेटेंट योग्य होने के लिये, किसी आविष्कार का औद्योगिक अनुप्रयोग में सक्षम होना आवश्यक नहीं है, बल्कि वह नवीन होना चाहिये।
4. अनुदान-पश्चात विरोध के तहत पहले से ही जारी किये गए पेटेंट के प्रकाशन पर एक लिखित विरोध दर्ज किया जा सकता है, लेकिन इसे भारतीय पेटेंट जर्नल में पेटेंट के प्रकाशन के 12 महीने के भीतर नियंत्रक को सौंप दिया जाना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- पेटेंट किसी **आविष्कार के लिये एक वैधानिक अधिकार** है जो किसी व्यक्ति या संस्था को किसी विशेष खोज या नए आईडिया के लिये दिया जाता है। यह किसी भी प्रोडक्ट, डिज़ाइन या प्रोसेस के लिये दिया जा सकता है, जिससे कोई अन्य इस पेटेंट की नकल ना कर सके। **अत: कथन 1 सही नही है।**
  - पेटेंट संरक्षण एक **क्षेत्रीय अधिकार** है और इसलिये यह केवल भारत के क्षेत्र के अंदर ही प्रभावी है। वैश्विक पेटेंट की कोई अवधारणा नहीं है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - किसी आविष्कार के लिये पेटेंट योग्यता मानदंड:
    - यह नवीन होना चाहिये।
    - इसमें एक आविष्कारी कदम (तकनीकी उन्नति) शामिल होना चाहिये।
    - औद्योगिक अनुप्रयोग में सक्षम। अत: कथन 3 सही नही है।
- **पेटेंट प्रदान करने का विरोध :**
  - भारतीय पेटेंट अधिनियम, 1970 एक व्यक्ति को दो चरणों में पेटेंट के खिलाफ आपत्तियाँ दर्ज करने की अनुमति देता है: **अनुदान-पूर्व विरोध** और **अनुदान-पश्चात विरोध**।
  - अनुदान-पूर्व विरोध:
    - विरोध दर्ज करना: कोई भी व्यक्ति पेटेंट आवेदन प्रकाशन के बाद लेकिन अनुदान दिये जाने से पूर्व लिखित रूप में अनुदान-पूर्व विरोध दर्ज करा सकता है। इसके लिये अनुदान संबंधी संपूर्ण विशिष्टताओं की आवश्यकता होती है।
    - अनुदान-पश्चात विरोध: पहले से ही जारी किये गए पेटेंट के प्रकाशन पर एक लिखित विरोध दर्ज किया जा सकता है, लेकिन इसे भारतीय पेटेंट जर्नल में पेटेंट के प्रकाशन के

12 महीने के भीतर नियंत्रक को सौंप दिया जाना चाहिये। अतः कथन 4 सही है।

**105. उचित मूल्य की दुकान (FPS) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. FPS भारत में सरकार द्वारा संचालित एक विनियमित रिटेल आउटलेट या स्टोर है।
2. लाभार्थियों को सही मात्रा में राशन मिले यह सुनिश्चित करने के लिये e-PoS उपकरणों को इलेक्ट्रॉनिक वज़न मशीनों के साथ एकीकृत किया गया है।
3. इन दुकानों का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित एवं पिछड़े वर्गों पर आर्थिक बोझ को कम करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- FPS भारत में सरकार द्वारा संचालित एक **विनियमित रिटेल आउटलेट या स्टोर** है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - उचित मूल्य की दुकानों का प्राथमिक उद्देश्य जनता को आवश्यक वस्तुओं जैसे **खाद्यान्न, खाद्य तेल, चीनी और अन्य बुनियादी आवश्यकताओं को रियायती या उचित मूल्य पर वितरित** करना है।
  - ये दुकानें आमतौर पर **सरकारी कल्याण कार्यक्रमों** का हिस्सा हैं जिनका उद्देश्य **खाद्य सुरक्षा** सुनिश्चित करना और **कम आय वाले परिवारों पर आर्थिक बोझ को कम** करना है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
    - इस प्रणाली में आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से लाभार्थियों के सत्यापन के लिये एक मज़बूत तंत्र मौजूद है और इसमें इलेक्ट्रॉनिक प्वाइंट ऑफ सेल (e-POS) मशीनों की सहायता से ऑनलाइन लेनदेन की निगरानी करने की सुविधा है। अतः कथन 2 सही है।
    - लाभार्थियों को सही मात्रा में राशन मिले यह सुनिश्चित करने के लिये e-PoS उपकरणों को इलेक्ट्रॉनिक वज़न मशीनों के साथ एकीकृत किया गया है।
    - ये FPS और ePOS मशीनें वन नेशन वन राशन कार्ड योजना (ONORC) के कार्यान्वयन एवं निर्बाध कार्यान्वयन में सहायक साबित हुई हैं।

**106. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विलफुल डिफॉल्टर एक ऐसी स्थिति को संदर्भित करता है जिसमें एक उधारकर्त्ता, उधार चुकाने की क्षमता के बावजूद जानबूझकर ऋण नहीं चुकाता है जिसकी बकाया राशि 25 लाख रुपए या उससे अधिक है।
2. बड़े डिफॉल्टर्स से तात्पर्य 1 करोड़ रुपए या उससे अधिक की बकाया धनराशि वाले उधारकर्त्ताओं से है, जिसके खाते को संदिग्ध या हानि के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- विलफुल डिफॉल्टर एक ऐसी स्थिति को संदर्भित करता है **जिसमें एक उधारकर्त्ता, उधार चुकाने की क्षमता होने के बावजूद जानबूझकर ऋण नहीं चुकाता** है जिसकी **बकाया राशि 25 लाख रुपए या उससे अधिक है। अतः कथन 1 सही है।**
- **बड़े डिफॉल्टर्स से तात्पर्य 1 करोड़ रुपए या उससे अधिक की बकाया धनराशि वाले उधारकर्त्ताओं से है,** जिसके खाते को संदिग्ध या हानि के रूप में वर्गीकृत किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

**107. भौगोलिक संकेतक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भौगोलिक संकेतक टैग कुछ उत्पादों पर इस्तेमाल किया जाने वाला एक नाम अथवा चिह्न है जिसका संबंध किसी विशिष्ट भौगोलिक स्थान अथवा किसी उत्पाद के मूल स्थान से होता है।
2. विश्व व्यापार संगठन के सदस्य के रूप में भारत ने भौगोलिक संकेतक अधिनियम, 1999 को लागू किया है।
3. अरुणाचल प्रदेश को हाल ही में अरुणाचल याक चुरपी, खाव ताई (खामती चावल) और तांगसा वस्त्र के लिये भौगोलिक संकेतक (GI) टैग प्रदान किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भौगोलिक संकेतक (GI) टैग**

- भौगोलिक संकेतक टैग कुछ उत्पादों पर इस्तेमाल किया जाने वाला एक चिह्न है जिसका संबंध किसी विशिष्ट भौगोलिक स्थान अथवा किसी उत्पाद के मूल स्थान से होता है।
- भौगोलिक संकेतकों को **पेरिस अभिसमय के अनुच्छेद 1(2) और 10 के तहत बौद्धिक संपदा अधिकारों** के एक भाग के रूप में तथा **बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार-संबंधित पहलुओं (TRIPS) समझौते के अनुच्छेद 22 से 24** के तहत मान्यता प्राप्त है। **अतः कथन 1 सही है।**
- विश्व व्यापार संगठन (World Trade Organisation-WTO) के सदस्य के रूप में भारत ने इस प्रकार के संकेतको की सुरक्षा के लिये भौगोलिक संकेत अधिनियम, 1999 को लागू किया, जो 15 सितंबर, 2003 से प्रभावी हुआ। **अतः कथन 2 सही है।**
- अरुणाचल प्रदेश को हाल ही में **अरुणाचल याक चुरपी, खाव ताई (खामती चावल) और तांगसा वस्त्र के लिये भौगोलिक संकेतक (GI) टैग** प्रदान किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**108. वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे विश्व आर्थिक मंच द्वारा जारी किया जाता है।
2. इस रिपोर्ट में वर्ष 2023 में वैश्विक GDP वृद्धि 3% होने की उम्मीद है।
3. रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में चीन की GDP की अनुमानित आर्थिक वृद्धि दर भारत से अधिक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपर्युक्त में से कोई भी नही

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) द्वारा वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक, 2023 जारी किया गया है। जिसका शीर्षक 'नेविगेटिंग ग्लोबल डाइवर्जेंस' है। इसके अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था में पहले के अनुमान से अधिक तीव्रता से वृद्धि होगी। **अतः कथन 1 सही नही है।**
- IMF का अनुमान है कि वर्ष 2023 में 3% वैश्विक GDP (सकल घरेलू उत्पाद) की वृद्धि होगी। **अतः कथन 2 सही है।**
- रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की GDP के लिये अनुमानित आर्थिक विकास दर 6.3% है। हालाँकि वर्ष 2023 में चीनी अर्थव्यवस्था के 5% की दर से बढ़ने की उम्मीद है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**109. वैश्विक न्यूनतम कर (GMT) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GMT दुनिया भर में कॉर्पोरेट आय आधार को परिभाषित करने के लिये मानक न्यूनतम कर दर को लागू करता है।
2. GMT का उद्देश्य कम कर दरों के माध्यम से राष्ट्रों को कर प्रतिस्पर्द्धा से हतोत्साहित करना है, क्योंकि इसकी वजह से कॉर्पोरेट लाभ में बदलाव और कर आधार का क्षरण होता है।
3. वर्ष 2021 में भारत सहित 136 देशों ने अपने अधिकार क्षेत्रों में कर अधिकारों को पुनर्वितरित करने और बड़े बहुराष्ट्रीय निगमों पर 15% की न्यूनतम कर दर लागू करने की योजना पर सहमति व्यक्त की थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**वैश्विक न्यूनतम कर (Global Minimum Tax-GMT):**

- वैश्विक न्यूनतम कर (GMT) **दुनिया भर में कॉर्पोरेट आय आधार को परिभाषित करने के लिये** मानक न्यूनतम कर दर **को लागू करता है। अतः कथन 1 सही है।**
- **आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (Organization for Economic Cooperation and Development- OECD)** ने बड़े बहुराष्ट्रीय निगमों के विदेशी मुनाफे पर 15% कॉर्पोरेट न्यूनतम कर का प्रस्ताव किया है, जो देशों को 150 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नया वार्षिक कर राजस्व प्रदान करेगा।
- वर्ष 2021 में **भारत सहित 136 देशों** ने अपने अधिकार क्षेत्रों में कर अधिकारों को पुनर्वितरित करने और बड़े बहुराष्ट्रीय निगमों पर **15% की न्यूनतम कर दर** लागू करने की योजना पर सहमति व्यक्त की थी। **अतः कथन 3 सही है।**
- GMT का उद्देश्य कम कर दरों के माध्यम से राष्ट्रों को कर प्रतिस्पर्द्धा से हतोत्साहित करना है, क्योंकि इसकी वजह से कॉर्पोरेट **लाभ में बदलाव और कर आधार का क्षरण** होता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**110. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना के उपलक्ष्य में विश्व खाद्य दिवस मनाया जाता है।

2. वर्ष 2023 के लिये विश्व खाद्य दिवस का विषय है- "जल ही जीवन है, जल ही भोजन है। किसी को भी पीछे न छोड़ें" (Water is life, water is food. Leave no one behind)।
3. वैश्विक भुखमरी सूचकांक 2023 में भारत ने पाकिस्तान और श्रीलंका से बेहतर प्रदर्शन किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

16 अक्तूबर, 1945 को संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (Food and Agriculture Organisation- FAO) की स्थापना के उपलक्ष्य में विश्व खाद्य दिवस मनाया जाता है। अत: कथन 1 सही है।

- प्रत्येक वर्ष **विश्व खाद्य दिवस मनाए जाने का** मुख्य लक्ष्य **विश्व भर में खाद्य सुरक्षा को बेहतर बनाना** है।
- वर्ष 2023 के लिये विश्व खाद्य दिवस का विषय है- **"जल ही जीवन है, जल ही भोजन है। किसी को भी पीछे न छोड़ें" (Water is life, water is food. Leave no one behind)**। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह **सतत् विकास लक्ष्य 2** (SDG 2) यानी **ज़ीरो हंगर/भुखमरी का पूर्ण उन्मूलन** की प्राप्ति पर ज़ोर देता है।
- **वैश्विक भुखमरी सूचकांक/ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023** में **भारत 125 देशों में से 111वें** स्थान पर है, यह रैंक भुखमरी के गंभीर स्तर को दर्शाता है।
- **पाकिस्तान (102वें), बांग्लादेश (81वें), नेपाल (69वें) और श्रीलंका (60वें) जैसे पड़ोसी देशों ने ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 में भारत से बेहतर स्कोर** किया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**111. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (CTBT) पर वर्ष 1994 में वियना में आयोजित निरस्त्रीकरण सम्मेलन में वार्ता की गई थी।
2. भारत, इज़रायल, चीन और अमेरिका में से किसी ने भी CTBT की पुष्टि नहीं की है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- CTBT एक बहुपक्षीय संधि है **जिसका उद्देश्य सभी परमाणु विस्फोटों पर प्रतिबंध लगाना है, भले ही वे सैन्य अथवा शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिये हों।**
  - CTBT की जड़ें **शीत युद्ध** के युग में निहित हैं जब संयुक्त राज्य **अमेरिका और सोवियत संघ परमाणु हथियारों** को प्राप्त करने में लगे थे तथा कई परमाणु परीक्षण कर रहे थे।
- CTBT पर **वर्ष 1994 में जिनेवा में निरस्त्रीकरण सम्मेलन** में वार्ता की गई थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - वर्ष 1996 में **संयुक्त राष्ट्र ने CTBT को अपनाया,** जिसने पिछली संधियों द्वारा रिक्त अंतराल को समाप्त करते हुए परमाणु हथियारों के परीक्षण पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया।
- इस पर 187 देशों द्वारा हस्ताक्षर किये गए हैं और 178 देशों द्वारा अनुमोदित किया गया है। हालाँकि यह संधि तब तक औपचारिक रूप से लागू नहीं हो सकती, जब तक कि इसे **44 विशिष्ट देशों द्वारा अनुमोदित** नहीं किया जाता है। इनमें से आठ देशों ने अभी तक संधि का अनुमोदन नहीं किया है, ये हैं:
  - चीन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया, इज़रायल, ईरान, मिस्र व संयुक्त राज्य अमेरिका। **अत: कथन 2 सही है।**

**112. मौद्रिक नीति समिति (MPC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे संशोधित RBI अधिनियम, 1934 की धारा 45ZB के तहत प्रदान किया गया है।
2. यह मुद्रास्फीति लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये आवश्यक नीति दर निर्धारित करती है।
3. MPC केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में कार्य करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मौद्रिक नीति समिति (MPC):**

- संशोधित (2016 में) **आरबीआई अधिनियम, 1934 की धारा 45ZB** के तहत केंद्र सरकार को छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (MPC) का गठन करने का अधिकार है। **अत: कथन 1 सही है।**
- मौद्रिक नीति समिति मुद्रास्फीति लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये आवश्यक नीति दर निर्धारित करेगी। **अत: कथन 2 सही है।**

- MPC में **6 सदस्य होंगे:**
  - **अध्यक्ष** के रूप में **भारतीय रिज़र्व बैंक का गवर्नर**। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - मौद्रिक नीति के प्रभारी के रूप में उप राज्यपाल।
  - केंद्रीय बोर्ड द्वारा नामित बैंक का एक अधिकारी।
  - **केंद्र सरकार** द्वारा **नियुक्त तीन सदस्य।**

**113. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पेटेंट के मामले के विपरीत, कॉपीराइट अभिव्यक्ति की रक्षा करता है न कि विचारों की।
2. निषेधाज्ञा से तात्पर्य होता है जब एक पक्ष किसी विशेष व्यापार या व्यवसाय में दूसरे द्वारा स्थापित प्रतिष्ठा से लाभ उठाने का प्रयास करता है।
3. कैडिला हेल्थकेयर लिमिटेड बनाम में कैडिला फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड मामले, 2001 में सर्वोच्च न्यायलय ने निर्णय सुनाया कि पासिंग ऑफ अनुचित व्यापार प्रतिस्पर्धा का एक रूप है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमे से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **कॉपीराइट:**
  - **कॉपीराइट का तात्पर्य** साहित्यिक, नाटकीय, संगीतमय और कलात्मक कार्यों के रचनाकारों के साथ-साथ सिनेमैटोग्राफ फिल्मों एवं ध्वनि रिकॉर्डिंग **के निर्माताओं को प्रदान की गई कानूनी सुरक्षा से है। वर्ष 1957 के कॉपीराइट अधिनियम** का उद्देश्य इन रचनात्मक कार्यों को उनके रचनाकारों की बौद्धिक संपदा के रूप में सुरक्षित रखना है।
- पेटेंट के मामले के विपरीत, **कॉपीराइट अभिव्यक्ति की रक्षा करता है न कि विचारों की। अतः कथन 1 सही है।**
  - कॉपीराइट मालिकों को उल्लंघनकर्त्ताओं के खिलाफ **कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार है,** जिसमें **निषेधाज्ञा (Injunction)**, क्षति और खातों जैसे उपाय शामिल हैं।
- **निषेधाज्ञा:**
  - **निषेधाज्ञा एक न्यायालयी आदेश है** जो सामान्यतः किसी को किसी विशेष कार्रवाई को रोकने का निर्देश देता है।**अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - हालाँकि **निषेधाज्ञा प्राप्त करना इस बात की गारंटी नहीं है** कि दुरुपयोग के सभी मामलों को यथाशीघ्र हल कर दिया जाएगा क्योंकि इसे लागू करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।
- **पासिंग ऑफ:**
  - **पासिंग ऑफ: *कैडिला हेल्थकेयर लिमिटेड बनाम कैडिला फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड मामले, 2001*** में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि **पासिंग ऑफ अनुचित व्यापार प्रतिस्पर्द्धा का एक रूप है जिसके माध्यम से एक पक्ष किसी विशेष व्यापार या व्यवसाय में दूसरे** द्वारा स्थापित प्रतिष्ठा से लाभ उठाने का प्रयास करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**114. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय दवा उद्योग मात्रा की दृष्टि से विश्व का तीसरा सबसे बड़ा दवा उद्योग है।
2. हाल ही में सरकार ने भारत में फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान, विकास एवं नवाचार पर राष्ट्रीय नीति तथा इस क्षेत्र में अनुसंधान व नवाचार को बढ़ावा देने के लिये PRIP नामक पहल शुरू की है।

**उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग मात्रा की दृष्टि से विश्व का तीसरा सबसे बड़ा फार्मास्युटिकल उद्योग है,** जिसका वर्तमान बाज़ार आकार लगभग 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है। **अतः कथन 1 सही है।**
- हाल ही में रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने चिकित्सा तथा **फार्मास्युटिकल क्षेत्रों** में नवाचार, अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के लिये पहल शुरू की है।
  - ये पहल भारत में फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास और नवाचार पर राष्ट्रीय नीति तथा PRIP फार्मा मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान व नवाचार को बढ़ावा देने की योजना है। **अतः कथन 2 सही है।**

**115. प्रतिभूति बॉण्ड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. बीमा कंपनी द्वारा ठेकेदार की ओर से परियोजना प्रदान करने वाली इकाई को जमानती बॉण्ड प्रदान किया जाता है।
2. एक जमानती बॉण्ड को अपने सरलतम रूप में एक लिखित समझौते के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो किसी कार्य के अनुपालन, भुगतान या प्रदर्शन की गारंटी देता है।

**उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**प्रतिभूति बॉण्ड**

- एक प्रतिभूति बॉण्ड को उसके सरलतम रूप में **किसी अधिनियम के अनुपालन, भुगतान या प्रदर्शन की गारंटी के लिये एक लिखित समझौते के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।** यह **त्री-पक्षीय समझौते** वाला एक विशेष बीमा है। **अत: कथन 2 सही है।**
- बीमा कंपनी द्वारा **ठेकेदार की ओर से परियोजना प्रदान करने वाली इकाई को जमानती बॉण्ड** प्रदान किया जाता है। इससे **ठेकेदारों को केवल बैंक गारंटी पर निर्भर हुए बिना** अपनी परियोजनाओं के फाइनेंसियल क्लोज़र में मदद मिलेगी। **अत: कथन 1 सही है।**

**116. पाम ऑयल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पाम ऑयल एक खाद्य वनस्पति तेल है जो ताड़ के पेड़ों के बीजों से प्राप्त होता है।
2. कच्चे पाम ऑयल से बने बायोडीज़ल को 'ग्रीन डीज़ल' के रूप में ब्रांड किया जाता है।
3. अन्य वनस्पति तेल संयंत्रों की तुलना में पाम तेल की उच्च प्राथमिकता को इसकी सस्ती लागत और प्रति हेक्टेयर अधिक उत्पादन के लिये ज़िम्मेदार ठहराया जा सकता है।
4. वैश्विक पाम तेल उत्पादन का लगभग 90% अकेले इंडोनेशिया में होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- पाम ऑयल एक खाद्य वनस्पति ऑयल है जो पाम अर्थात् **ताड़ के फल के मेसोकार्प (लाल रंग का गूदा) से प्राप्त होता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
    - इसका उपयोग खाना पकाने के ऑयल के रूप में और सौंदर्य प्रसाधन, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, केक, चॉकलेट, स्प्रेड, साबुन, शैम्पू तथा सफाई उत्पादों से लेकर जैव ईंधन तक प्रत्येक वस्तु में किया जाता है।
- बायोडीज़ल बनाने में कच्चे पाम-ऑयल के उपयोग को 'ग्रीन डीज़ल' ब्रांड के रूप में उपयोग किया जा रहा है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **इंडोनेशिया और मलेशिया मिलकर** वैश्विक पाम ऑयल उत्पादन में लगभग 90% का योगदान देते हैं, जिसमें इंडोनेशिया ने वर्ष 2021 में सर्वाधिक 45 मिलियन टन से अधिक का उत्पादन किया। **अत: कथन 4 सही नहीं है।**
- पाम ऑयल कई व्यक्तियों द्वारा पसंद किया जाता है **क्योंकि यह सस्ता है, पाम का पौधा सोयाबीन जैसे कुछ अन्य वनस्पति ऑयल पौधों की तुलना में प्रति हेक्टेयर** अधिक ऑयल का उत्पादन करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

5. भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. IRDAI एक गैर वैधानिक निकाय है।
2. यह वाणिज्य मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आता है।
3. यह बीमा उद्योग के विकास को विनियमित और उसका अनुवीक्षण करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नही

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण(Insurance Regulatory and Development Authority of India- IRDAI):

- **यह IRDAI अधिनियम, 1999 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है** और वित्त मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आता है।
    - अत: कथन 1 और 2 सही नहीं हैं।
- वर्ष 1999 में स्थापित IRDAI बीमा ग्राहकों के हितों की रक्षा के उद्देश्य से स्थापित एक **विनियामक निकाय** है।
- यह बीमा-संबंधित गतिविधियों की निगरानी करते हुए बीमा उद्योग के विकास को विनियमित और निगरानी करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**117. वृद्धिशील पूंजी आउटपुट अनुपात (ICOR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ICOR हैरोड-डोमर ग्रोथ थ्योरी से विकसित हुआ है और नए निवेश तथा आर्थिक विकास के बीच संबंधों की जाँच करता है।
2. कम ICOR पूंजी की अधिक दक्षता और उत्पादक उपयोग का प्रतीक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो और 1 न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

वृद्धिशील पूंजी आउटपुट अनुपात (Incremental Capital Output Ratio- ICOR):

- **ICOR, हैरोड-डोमर ग्रोथ थ्योरी** से विकसित हुआ है और **नए निवेश एवं आर्थिक विकास के बीच संबंधों** की जाँच करता है, यह दर्शाता है कि **1% अधिक उत्पादन** के लिये कितनी अतिरिक्त पूंजी की आवश्यकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - अर्थशास्त्री **रॉय हैरोड और एवसी डोमर** द्वारा बनाया गया **हैरोड-डोमर मॉडल** दावा करता है कि **आर्थिक विकास निवेश के लिये पूंजी की उपलब्धता पर निर्भर करता** है तथा पूंजी संचय की दर सीधे बचत की दर से जुड़ी होती है।
- कम **ICOR पूंजी की अधिक दक्षता** और उत्पादक उपयोग का प्रतीक है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **SBI की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में बचत और निवेश में बढ़ोतरी का रुझान देखा जा रहा है, जिसके साथ-साथ ICOR में भी कमी आ रही है।**
  - भारत में **वर्तमान ICOR- 4.4 है,** जो पूंजी के कुशल उपयोग का संकेत देता है।

**118. एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत एडीबी के संस्थापक सदस्यों में से एक है।
2. इसका मुख्यालय मनीला, फिलीपींस में है।
3. यह दक्षिण एशिया उप-क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग (SASEC) के सचिवालय के रूप में कार्य करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**एशियाई विकास बैंक (एडीबी):**

- **बारे में :**
  - यह एक **क्षेत्रीय विकास बैंक है जिसकी स्थापना 1966** में एशिया और प्रशांत क्षेत्र में सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी।
    - इसमें 68 सदस्य देश हैं; जिसमें 49 एशिया और प्रशांत क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं और 19 इसके बाहर से हैं। भारत इसका संस्थापक सदस्य है। अतः कथन 1 सही है।
  - यह सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिये ऋण, तकनीकी सहायता, अनुदान और इक्विटी निवेश प्रदान करके अपने सदस्यों और भागीदारों की सहायता करता है।
  - 31 दिसंबर, 2022 तक, **इसके पाँच सबसे बड़े शेयरधारक जापान** और **अमेरिका** (प्रत्येक के पास कुल शेयरों का 15.6%), **चीन** (6.4%), **भारत** (6.3%), **तथा ऑस्ट्रेलिया** (5.8%) हैं।
  - इसका मुख्यालय **मनीला, फिलीपींस** में है। **अतः, कथन 2 सही है।**
  - यह **दक्षिण एशिया उप-क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग (SASEC) के सचिवालय** के रूप में कार्य करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**119. 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (GFF)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका आयोजन नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI), पेमेंट्स काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI) और फिनटेक कन्वर्जेंस काउंसिल (FCC) द्वारा किया गया है।
2. इसका उद्देश्य फिनटेक अधिनायकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने और उद्योग के भविष्य के लिये खाका विकसित करने हेतु एक अद्वितीय मंच प्रदान करना है।
3. GFF' 2023 की थीम "एक जिम्मेदार वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिये वैश्विक सहयोग" है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- यह एक **सबसे बड़ा फिनटेक सम्मेलन** है जो **नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया** (NPCI), **पेमेंट्स काउंसिल ऑफ**

**इंडिया** (PCI) और **फिनटेक कन्वर्जेंस काउंसिल** (FCC) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है**

- इसका उद्देश्य **फिनटेक अधिनायकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने और उद्योग के भविष्य के लिये खाका विकसित करने हेतु एक अद्वितीय मंच** प्रदान करना है। **अतः कथन 2 सही है**
- **GFF'23 की थीम** 'एक ज़िम्मेदार वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिये वैश्विक सहयोग' है। **अतः कथन 3 सही है।**

**120. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हिताची पेमेंट सर्विसेज़ वह कंपनी है जिसने भारत का पहला UPI-ATM लॉन्च किया था।
2. UPI-ATM एक व्हाइट लेबल ATM (WLA) है जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के सहयोग से विकसित किया गया है।
3. ATM को "निर्बाध नकदी निकासी" को सक्षम करने और भौतिक ATM कार्ड ले जाने की आवश्यकता को खत्म करने के लिये डिज़ाइन किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत का पहला UPI-ATM**

- **भारत का पहला UPI-ATM 5 सितंबर, 2023 को हिताची पेमेंट सर्विसेज़ द्वारा लॉन्च किया गया। अतः कथन 1 सही है।**
- यह एक **व्हाइट लेबल ATM (WLA)** है जिसे **भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (National Payments Corporation of India- NPCI)** के सहयोग से विकसित किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इस ATM को **"निर्बाध नकदी निकासी"** हेतु सक्षम बनाने और **भौतिक ATM कार्ड ले जाने** की आवश्यकता को खत्म करने के लिये डिज़ाइन किया गया था। इसका उद्देश्य सीमित पारंपरिक बैंकिंग बुनियादी ढाँचे वाले क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को अधिक सुलभ बनाकर वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना भी है। **अतः कथन 3 सही है।**

**121. हाल ही में चर्चा में रहा 'इम्पॉसिबल ट्रिनिटी' शब्द निम्नलिखित में से किस आर्थिक पहलू से संबंधित है?**

A. यह अवधारणा बताती है कि एक अर्थव्यवस्था की अपनी मौद्रिक नीति, एक निश्चित विनिमय दर तथा सीमाओं के विपरीत अप्रतिबंधित पूंजी प्रवाह एक साथ नहीं हो सकता है।

B. इस अवधारणा का अर्थ है कि किसी अर्थव्यवस्था की अपनी राजकोषीय नीति नहीं हो सकती है, वह अपनी मुद्रा का मूल्य निश्चित नहीं रख सकती है, तथा धन को एक ही समय में देश के अंदर एवं बाहर स्वतंत्र रूप से आने-जाने की अनुमति नहीं दे सकती है।

C. इस अवधारणा का अर्थ है कि एक अर्थव्यवस्था एक साथ चालू खाते के घाटे का प्रबंधन नहीं कर सकती, एक निश्चित विनिमय दर नहीं बनाए रख सकती तथा अप्रतिबंधित पूंजी प्रवाह की अनुमति नहीं दे सकती।

D. इस अवधारणा का तात्पर्य है कि एक अर्थव्यवस्था चालू खाते के घाटे को संभाल नहीं सकती है, एक निश्चित ब्याज दर बनाए नहीं रख सकती है, और एक ही समय में अप्रतिबंधित पूंजी प्रवाह की अनुमति नहीं दे सकती है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- इम्पॉसिबल ट्रिनिटी, या त्रिलम्मा, इस विचार को संदर्भित करता है कि **एक अर्थव्यवस्था स्वतंत्र मौद्रिक नीति, निश्चित विनिमय दर नहीं बनाए रख सकती है और** एक ही समय में अपनी सीमाओं के विपरीत **पूंजी के मुक्त प्रवाह की अनुमति नहीं दे सकती है।**
- एक निश्चित विनिमय दर व्यवस्था में घरेलू मुद्रा अन्य विदेशी मुद्राओं जैसे अमेरिकी डॉलर, यूरो, पाउंड स्टर्लिंग आदि की एक बास्केट से जुड़ी होती है।
- एक सक्षम नीति निर्माता, किसी भी समय, इन तीन उद्देश्यों में से दो को प्राप्त कर सकता है।

**122. सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (CBDC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. क्रिप्टोकरेंसी, जिसमें नियामक निरीक्षण का अभाव है, के विपरीत CBDC केंद्रीय बैंक द्वारा जारी और समर्थित आधिकारिक कानूनी निविदाएँ हैं।
2. यह फिएट मुद्रा से भिन्न है लेकिन इसके साथ वन-टू-वन विनिमय किया जा सकता है।
3. अल साल्वाडोर ने वर्ष 2020 में राष्ट्रव्यापी CBDC, जिसे सैंड डॉलर के नाम से जाना जाता है, पेश करने वाली पहली अर्थव्यवस्था बनकर इतिहास रच दिया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. सिर्फ दो
C. केवल तीन
D. इनमे से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- CBDC कागज़ी मुद्रा का डिजिटल रूप है और **किसी भी नियामक संस्था** द्वारा संचालित नहीं होने वाली **क्रिप्टोकरेंसी के विपरीत केंद्रीय बैंक** द्वारा जारी तथा समर्थित वैध मुद्रा है।
    - **अत: कथन 1 सही है।**
- यह **फिएट मुद्रा** के समान है और फिएट मुद्रा के साथ वन-टू-वन विनिमय करने में सक्षम है।
    - फिएट मुद्रा राष्ट्रीय मुद्रा है जो किसी वस्तु की कीमत जैसे सोने या चाँदी की कीमत पर नहीं आँकी जाती है।
    - **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **बहामास** वर्ष 2020 में अपना राष्ट्रव्यापी CBDC- सैंड डॉलर लॉन्च करने वाली पहली अर्थव्यवस्था रही है।
    - **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**123. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा इंडिया स्टैक का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. इंडिया स्टैक विशेष रूप से व्यवसायों के लिये डिजिटल भुगतान समाधानों का एक संग्रह है।

B. इंडिया स्टैक एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (Application Programming Interface- API) का एक सेट है जिसे भारत में पारंपरिक कागज़-आधारित सेवाओं को बढ़ाने के लिये डिज़ाइन किया गया है।

C. इंडिया स्टैक एक बुनियादी ढाँचा है जिसका उद्देश्य API के माध्यम से उपस्थिति-रहित, कागज़ रहित एवं कैशलेस सेवा वितरण की सुविधा प्रदान करना है।

D. इंडिया स्टैक मुख्य रूप से धनराशि के अंतर को पाटने पर केंद्रित है और इसमें डिजिटल लेन-देन शामिल नहीं है।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**इंडिया स्टैक:**

- **इंडिया स्टैक API (एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) का एक सेट है** जो सरकारों, व्यवसायों, स्टार्टअप और डेवलपर्स को **उपस्थिति-रहित, कागज़ रहित एवं कैशलेस सेवा वितरण** की दिशा में भारत की कठिन समस्याओं को हल करने के लिये एक अद्वितीय डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करने की अनुमति देता है।
- इसका उद्देश्य जनसंख्या पैमाने पर पहचान, डेटा और भुगतान की आर्थिक प्राथमिकताओं को अनलॉक करना है।
- **अत: विकल्प C सही है।**

**124. प्रतिभूति बॉण्ड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रतिभूति बॉण्ड कानूनी रूप से बाध्यकारी एक अनुबंध है जिसमें तीन पक्ष- प्रमुख, उपकृतकर्ता और ज़मानतदार शामिल होते हैं।
2. प्रतिभूति बॉण्ड मुख्य रूप से बुनियादी ढाँचे के विकास से संबंधित है, यह आपूर्तिकर्ताओं और कार्य-ठेकेदारों के लिये अप्रत्यक्ष लागत को कम करने हेतु उनके विकल्पों में विविधता लाने व बैंक गारंटी के विकल्प के रूप में कार्य करता है।
3. बजट 2022-23 में सरकार ने सरकारी खरीद और सोने के आयात के मामले में बैंक गारंटी के विकल्प के रूप में प्रतिभूति बीमा बॉण्ड के उपयोग की अनुमति दी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**ज़मानती बॉण्ड (Surety Bonds):**

- **प्रतिभूति बॉण्ड कानूनी रूप** से बाध्यकारी एक अनुबंध है **जिसमें तीन पक्ष- प्रमुख, उपकृतकर्ता और ज़मानतदार शामिल होते हैं। अत: कथन 1 सही है।**
- प्रतिभूति बॉण्ड **मुख्य रूप से बुनियादी ढाँचे के विकास से संबंधित है,** यह आपूर्तिकर्ताओं और कार्य-ठेकेदारों के लिये **अप्रत्यक्ष लागत को कम करने** हेतु उनके विकल्पों में विविधता लाने व बैंक गारंटी के विकल्प के रूप में कार्य करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- बजट 2022-23 में सरकार ने सरकारी खरीद और सोने के आयात के मामले में **बैंक गारंटी के विकल्प के रूप में** प्रतिभूति बीमा बॉण्ड के उपयोग की अनुमति दी है। **अत: कथन 3 सही है।**

1. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक व्यावसायिक रणनीति है जिसमें एक घरेलू फर्म अपने परिचालन का विस्तार विदेश में करती है।
2. FDI विभिन्न प्रकार का हो सकता है, जैसे- शेयर खरीदना, सहायक कंपनी अथवा संयुक्त उद्यम स्थापित करना या ऋण प्रदान करना अथवा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण करना।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (Foreign Direct Investment-FDI)**

- FDI एक प्रकार का **सीमा पार निवेश है** जिसमें एक देश का निवेशक दूसरे देश में उद्यम स्थापित करता है/निवेश करता है।
  - **आउटवर्ड डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (ODI)** एक व्यावसायिक रणनीति है जिसमें एक घरेलू फर्म अपने परिचालन का विस्तार किसी बाह्य देश में करती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- FDI विभिन्न प्रकार का हो सकता है, **जैसे- शेयर खरीदना,** सहायक कंपनी अथवा संयुक्त उद्यम स्थापित करना या ऋण प्रदान करना अथवा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण करना। **अत: कथन 2 सही है।**
  - FDI को **आर्थिक विकास का एक प्रमुख चालक माना** जाता है, क्योंकि यह मेज़बान देश में पूंजी, प्रौद्योगिकी, कौशल, बाज़ार तक पहुँच और रोज़गार के अवसर प्रदान कर सकता है।

**125. 'यशोभूमि' के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. इसे प्रधानमंत्री द्वारा बंगलूरू, कर्नाटक में लॉन्च किया गया था।

B. यह उपचारित अपशिष्ट-जल के 50% पुन: उपयोग के साथ संधारणीयता के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है।

C. इसमें जल संचयन तंत्र शामिल नहीं है।

D. इसे भारतीय उद्योग परिसंघ इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (IGBC) से प्लैटिनम प्रमाणन प्राप्त हुआ है।

**उत्तर: D.**

**व्याख्या:**

- प्रधानमंत्री ने हाल ही में **द्वारका, नई दिल्ली** में **'यशोभूमि'** नामक **इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (IICC)** के प्रथम चरण का उद्घाटन किया।
- यह संधारणीयता के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित करता है क्योंकि यह **अपशिष्ट जल के 100% पुन: उपयोग,** वर्षा जल संचयन के प्रावधानों के साथ **अत्याधुनिक अपशिष्ट जल उपचार प्रणाली** से सुसज्जित है और इसके परिसर को **भारतीय उद्योग परिसंघ** के **इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (IGBC)** से **प्लैटिनम प्रमाणन** प्राप्त हुआ है।

**126. सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नॉमिनल GDP को मुद्रास्फीति के लिये समायोजित किया जाता है और इसे देश की आर्थिक प्रगति का अधिक सटीक प्रतिनिधित्व माना जाता है।
2. व्यय विधि का उपयोग करके GDP की गणना करने का सूत्र GDP = वास्तविक GDP (स्थिर कीमतों पर GDP) - कर + सब्सिडी है।
3. आय पद्धति के आधार पर गणना की गई GDP को GDI के रूप में जाना जाता है, जो सकल घरेलू निवेश के लिये है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **नॉमिनल GDP को मुद्रास्फीति के लिये समायोजित नहीं किया जाता है** और इसे देश की आर्थिक प्रगति का **अधिक सटीक प्रतिनिधित्व नहीं माना जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - **नॉमिनल GDP एक समयावधि में मौजूदा बाज़ार कीमतों पर उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य है,** जिसमें मुद्रास्फीति या अपस्फीति के प्रभाव भी शामिल हैं।
  - **वास्तविक GDP स्थिर कीमतों पर उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं के योग का अधिक सटीक माप है,** जो इसे मुद्रास्फीति-समायोजित बनाता है।
- व्यय पद्धति का उपयोग करके GDP की गणना करने का सूत्र : GDP = वास्तविक GDP (स्थिर कीमतों पर GDP) - कर + सब्सिडी नहीं है।
  - सही सूत्र इस प्रकार है:

GDP = C + I + G + NX

जहाँ, C = Consumption (उपभोग), I = Investment (निवेश), G = Government Spending (सरकारी व्यय) और NX = Net Exports(शुद्ध निर्यात)। अत: कथन 2 सही नहीं है।

- आय पद्धति के आधार पर गणना की गई GDP को GDI के रूप में **नहीं** जाना जाता है, जो सकल घरेलू निवेश के लिये है। सही शब्द GDI है, जिसका अर्थ सकल घरेलू आय है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - सकल घरेलू निवेश, सकल घरेलू उत्पाद का एक अन्य घटक है जो व्यवसायों द्वारा पूंजीगत उपकरण, सूची और आवास पर खर्च को मापता है।

**127. "रोगी सुरक्षा अधिकार चार्टर" निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया जाता है?**

A. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD)

B. भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR)

C. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)

D. इंडिया मोबाइल कॉन्ग्रेस (IMC)

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **विश्व रोगी सुरक्षा दिवस ( 17 सितंबर, 2023 )** से पहले **विश्व स्वास्थ्य संगठन ( WHO )** ने स्वास्थ्य देखभाल के संदर्भ में रोगियों की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हुए **पहला रोगी सुरक्षा अधिकार चार्टर** जारी किया।
- WHO चिकित्सा देखभाल में अंतर्निहित प्रणालीगत त्रुटियों को समझने पर ध्यान केंद्रित करते हुए **दोष-उन्मुख दृष्टिकोण से सिस्टम-आधारित परिप्रेक्ष्य में** परिवर्तन का समर्थन करता है।
- विश्व रोगी सुरक्षा दिवस 2023 का विषय **'रोगी सुरक्षा के लिये रोगियों को शामिल करना'** ( **Engaging patients for patient safety** ) है।
- **अत: विकल्प C सही उत्तर है**

**128. नकद आरक्षित अनुपात ( CRR ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह बैंक की कुल जमा राशि के मुकाबले रिज़र्व में रखी जाने वाली आवश्यक नकदी का प्रतिशत है।
2. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRB) और स्थानीय क्षेत्र बैंकों (LAB) को छोड़कर भारत के सभी बैंकों को CRR का पैसा RBI को जमा करना होता है।
3. बैंक CRR का पैसा कॉरपोरेट्स या व्यक्तिगत उधारकर्ताओं को उधार नहीं दे सकते।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**नकद आरक्षित अनुपात ( Cash Reserve Ratio- CRR ):**

- **बैंक की कुल जमा राशि के मुकाबले रिज़र्व में रखी जाने वाली** नकदी का प्रतिशत **CRR कहलाता है। अत: कथन 1 सही है।**
- क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRB) और स्थानीय क्षेत्र बैंकों (LAB) **को छोड़कर भारत के सभी बैंकों को CRR का पैसा RBI को जमा करना होता है। अत: कथन 2 सही है।**
  - **RBI अधिनियम, 1934 के अनुसार,** RBI और LAB को RBI के साथ CRR बनाए रखने से छूट दी गई है। **हालाँकि, उन्हें नकदी या सोना या भार रहित अनुमोदित प्रतिभूतियों** के रूप में CRR अपने पास बनाए रखना होगा।
- बैंक **CRR का पैसा कॉरपोरेट्स या व्यक्तिगत उधारकर्ताओं को उधार नहीं दे सकते हैं,** बैंक उस पैसे का उपयोग निवेश उद्देश्यों के लिये नहीं कर सकते हैं और बैंक उस पैसे पर कोई ब्याज नहीं कमाते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**129. संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन ( UNWTO ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. UNWTO मैड्रिड, स्पेन में स्थित एक अंतर-सरकारी संगठन है तथा 159 देश इसके सदस्य हैं।
2. UNWTO पर्यटन को आर्थिक विकास, समावेशी विकास तथा पर्यावरणीय स्थिरता के चालक के रूप में बढ़ावा देता है एवं दुनिया भर में ज्ञान व पर्यटन नीतियों को आगे बढ़ाने में इस क्षेत्र को नेतृत्व तथा समर्थन प्रदान करता है।
3. विश्व पर्यटन संगठन की प्रमुख सभा जिसे महासभा कहते हैं, की बैठक प्रत्येक तीन वर्ष में होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन ( UNWTO ):**

- UNWTO **मैड्रिड, स्पेन में स्थित एक अंतर-सरकारी संगठन** है तथा **159 देश** इसके **सदस्य** हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- UNWTO पर्यटन को **आर्थिक विकास, समावेशी विकास तथा पर्यावरणीय स्थिरता के चालक** के रूप में बढ़ावा देता है एवं दुनिया भर में ज्ञान व पर्यटन नीतियों को आगे बढ़ाने में इस क्षेत्र को नेतृत्व और समर्थन प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- महासभा, विश्व पर्यटन संगठन की प्रमुख सभा है। बजट तथा कार्यक्रम को मंज़ूरी देने एवं पर्यटन क्षेत्र के लिये महत्त्वपूर्ण विषयों पर बहस करने हेतु इसकी **प्रत्येक दो वर्ष में बैठक** होती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**130. T+1 निपटान चक्र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. T+1 में T, व्यापार दिनांक को दर्शाता है।
2. इस चक्र का अर्थ है कि व्यापार-संबंधित निपटान वास्तविक लेन-देन के एक घंटे के भीतर होता है।
3. भारत शीर्ष-सूचीबद्ध प्रतिभूतियों में T+1 निपटान चक्र लागू करने वाला पहला देश बन गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

हाल ही में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) ने घोषणा की है कि उसका लक्ष्य व्यापार निपटान प्रक्रियाओं की दक्षता बढ़ाने के लिये मार्च 2024 तक ट्रेडों का वन-आवर ट्रेड सेटलमेंट अर्थात् एक घंटे का निपटान शुरू करना है।

- SEBI जनवरी 2024 तक **सेकेंडरी मार्केट** में ट्रेडिंग के लिये **एप्लीकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड अमाउंट (ASBA)** जैसी सुविधा लॉन्च करेगा।

**व्यापार समझौता:**

**परिचय:**

- व्यापार निपटान वित्तीय बाज़ारों में एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसमें व्यापार में शामिल पक्षों के बीच धन और प्रतिभूतियों का हस्तांतरण शामिल होता है।
- इससे यह सुनिश्चित होता है कि खरीदार को खरीदी गई प्रतिभूतियाँ और विक्रेता को संविदित धनराशि प्राप्त हो।
- प्रतिभूति व्यापार के संदर्भ में यह निपटान प्रक्रिया लेन-देन को अंतिम रूप देती है।

T+1 निपटान चक्र:

- जनवरी 2023 में भारत ने T+1 निपटान चक्र अपनाया, जहाँ T व्यापार तिथि का प्रतिनिधित्व करता है।
- इसका तात्पर्य यह है कि व्यापार-संबंधी निपटान वास्तविक लेन-देन के 1 व्यावसायिक दिवस या 24 घंटों के भीतर होता है।
- शीर्ष-सूचीबद्ध प्रतिभूतियों में T+1 निपटान चक्र लागू करने वाला भारत, चीन के बाद दूसरा देश बन गया है।
- इस बदलाव से कई फायदे हुए, जिनमें परिचालन दक्षता में वृद्धि, द्रुत फंड ट्रांसफर, त्वरित शेयर डिलीवरी और शेयर बाज़ार में प्रतिभागियों के लिये बेहतर सुविधा शामिल है।

वन-आवर ट्रेड सेटलमेंट:

- इस योजना के तहत जब कोई निवेशक शेयर बेचता है, तो बिक्री की राशि वन-आवर अर्थात् एक घंटे के अंदर उसके खाते में जमा कर दी जाएगी और खरीदार को उसी समय-सीमा के अंदर अपने डीमैट खाते में खरीदे गए शेयर प्राप्त होंगे।
- यह मौजूदा T+1 चक्र की तुलना में निपटान समय में कमी को दर्शाता है।

**131. बिज़नेस 20 (B20) शिखर सम्मेलन के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. B20, नामित G20 संवाद मंच के रूप में कार्य करता है जो विश्वव्यापी व्यापार समुदाय को जोड़ता है।
2. वार्षिक रूप से G20 प्रेसीडेंसी एक B20 अध्यक्ष को नामित करती है जिसे कार्यवाही की निगरानी के लिये B20 शेरपा (प्रतिनिधि) और सचिवालय द्वारा सहायता प्रदान की जाती है।
3. B20 इंडिया 2023 के लिये व्यापक थीम को संक्षिप्त नाम R.I.S.E द्वारा समझाया गया है जो व्यवसायों के लिये जिम्मेदार (Responsible), अभिनव (Innovative), टिकाऊ (Sustainable) और न्यायसंगत (Equitable) होने की अनिवार्यता को दर्शाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

a. केवल 1 और 2

b. केवल 2 और 3

c. केवल 1 और 3

d. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- B20 वैश्विक **व्यापार समुदाय को शामिल करने वाला आधिकारिक G20 संवाद मंच है।**
  - **अत: कथन 1 सही है।**
- B20, वैश्विक आर्थिक एवं व्यापार नियंत्रण पर वैश्विक व्यापार नेताओं के दृष्टिकोण को संगठित करने में अग्रणी भूमिका निभाता है।
- यह संपूर्ण G20 व्यापारिक समुदाय की एकीकृत आवाज़ का प्रतिनिधित्व करता है।
- प्रत्येक वर्ष **G20 प्रेसीडेंसी द्वारा एक B20 अध्यक्ष की नियुक्ति की जाती है** जिसे B20 शेरपा (प्रतिनिधि) और सचिवालय द्वारा समर्थन प्रदान किया जाता है।
  - **अत: कथन 2 सही है।**
- B20 इंडिया की थीम 'R.A.I.S.E' है यानी ज़िम्मेदार (Responsible), त्वरित (Accelerated), नवोन्मेषी (Innovative),टिकाऊ (Sustainable),न्यायसंगत व्यवसाय(Equitable Businesses)।
  - अत: कथन 3 सही नहीं है।

**132. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. लेनदारों के लिये लाभ
2. स्टॉक की कीमतों का कम मूल्यांकन
3. निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता में कमी
4. पारिश्रमिक-मूल्य चक्र

**उपर्युक्त में से कितने बढ़ती मुद्रास्फीति के प्रभाव हो सकते हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारतीय अर्थव्यवस्था पर बढ़ती मुद्रास्फीति का प्रभाव:**

- जब मुद्रास्फीति अधिक होती है **तो स्टॉक की कीमतें कम आँकी जाती हैं** और सोने का मूल्य बढ़ जाता है।
- देनदारों से प्राप्त धन का मूल्य घटने से **लेनदारों को नुकसान** हो सकता है।
    - इसके विपरीत देनदारों को उन पैसों से ऋण चुकाने से लाभ हो सकता है जिनकी कीमत उनके उधार लेने के समय की कीमत से कम है।
- किसी देश में **उच्च मुद्रास्फीति उसकी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धात्मकता** को कम कर सकती है।
- मुद्रास्फीति के कारण कभी-कभी बढ़ी हुई पारिश्रमिकी और मूल्य चक्र की शुरुआत हो सकती है। बढ़ती लागत के साथ समन्वय बनाने के लिये श्रमिक उच्च मज़दूरी की मांग करते हैं और व्यवसायों में लगने वाली उच्च लागतों के कारण कीमतें उच्च होती हैं जिनका दबाव उपभोक्ताओं पर पड़ता है।

अत: विकल्प C सही है।

**133. भारत में पेमेंट बैंकों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नचिकेत मोर समिति ने निम्न आय वर्ग और छोटे व्यवसायों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिये 'पेमेंट्स बैंक' स्थापित करने की सिफारिश की।
2. वे अपने ग्राहकों से मांग जमा और सावधि जमा दोनों स्वीकार कर सकते हैं।
3. उन्हें अनिवासी भारतीयों (NRIs) से जमा स्वीकार करने की अनुमति नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**पेमेंट बैंक:**

- पेमेंट बैंक विभेदित बैंकिंग लाइसेंस प्रदान करने की **भारतीय रिज़र्व बैंक (Reserve Bank of India)** की रणनीति का हिस्सा थे।
- **डॉ. नचिकेत मोर की अध्यक्षता वाली एक समिति** ने निम्न आय वर्ग और छोटे व्यवसायों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये **'पेमेंट्स बैंक'** स्थापित करने की सिफारिश की। **अत: कथन 1 सही है।**
    - पेमेंट बैंक एक विभेदित बैंक है, जो उत्पादों की सीमित शृंखला पेश करता है।
    - यह केवल **बचत और चालू खातों में मांग जमा** स्वीकार कर सकता है, **सावधि जमा नहीं। अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - प्रत्येक ग्राहक पेमेंट्स बैंक खाते में अधिकतम 2,00,000 रुपए की शेष राशि रख सकता है।
    - पेमेंट्स बैंक **अनिवासी भारतीय (Non-Resident Indian-NRI)** जमा स्वीकार नहीं कर सकते। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
    - पेमेंट्स बैंक **गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवा गतिविधियाँ शुरू करने के लिये सहायक कंपनियाँ** स्थापित नहीं कर सकते हैं।

**134. उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (PLI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस योजना के तहत घरेलू और विदेशी दोनों कंपनियों को भारत में विनिर्माण के लिये वित्तीय पुरस्कार मिलता है, जो पाँच वर्षों तक उनके राजस्व के प्रतिशत के आधार पर होता है।
2. योजना के तहत दिये जाने वाले प्रोत्साहन की गणना पाँच वर्षों की अवधि में की गई वृद्धिशील बिक्री और स्थानीय मूल्यवर्धन दोनों के आधार पर की जाती है।
3. मोबाइल और संबद्ध कंपोनेंट विनिर्माण योजना में सब्सिडी का भुगतान केवल भारत में फोन के विनिर्माण के लिये किया जाता है, न कि इस पर कि भारत में विनिर्माण द्वारा कितना मूल्य जोड़ा जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या: उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (PLI):**

- PLI योजना की **कल्पना घरेलू विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने** के साथ-साथ **उच्च आयात प्रतिस्थापन** और रोज़गार सृजन के लिये की गई थी।
- मार्च 2020 में शुरू की गई इस योजना ने आरंभ में तीन उद्योगों को लक्षित किया:
    - मोबाइल और संबद्ध घटक विनिर्माण
    - विद्युत घटक विनिर्माण
    - चिकित्सा उपकरण
- बाद में इसे **14 सेक्टरों तक बढ़ा दिया गया।**
- PLI योजना में **घरेलू और विदेशी कंपनियों** को **भारत में विनिर्माण** के लिये पाँच वर्षों तक उनके राजस्व के प्रतिशत के आधार पर वित्तीय पुरस्कार मिलता है। **अत: कथन 1 सही है।**

- मोबाइल और **संबद्ध कंपोनेंट विनिर्माण** योजना में सब्सिडी का भुगतान केवल भारत में **फोन के विनिर्माण** के लिये किया जाता है, न कि इस पर कि भारत में विनिर्माण द्वारा कितना मूल्य जोड़ा जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**
- दिये गए प्रोत्साहन की **गणना वृद्धिशील बिक्री** के आधार पर की जाती है।
    - उन्नत रसायन विज्ञान सेल बैटरी, कपड़ा उत्पाद और ड्रोन उद्योग जैसे कुछ क्षेत्रों में दिये जाने वाले प्रोत्साहन की **गणना** पाँच वर्षों की अवधि में की गई **बिक्री**, प्रदर्शन और स्थानीय मूल्यवर्द्धन के आधार पर की जाएगी। **अत: कथन 2 सही है।**

**135. पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिये प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसे केंद्रीय बजट 2022-23 में पेश किया गया था।
2. इसका क्रियान्वयन सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा किया जाता है।
3. इसका उद्देश्य पीएम गति शक्ति के उद्देश्यों के अनुरूप पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में निर्बाध कनेक्टिविटी और पहुँच सुनिश्चित करते हुए बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं को वित्तपोषित करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- पीएम-डिवाइन योजना एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, इसे **केंद्रीय बजट 2022-23** के एक हिस्से के रूप में पेश किया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- 12 अक्तूबर, 2022 को कैबिनेट ने पीएम-डिवाइन योजना को मंज़ूरी दी थी। **यह पूर्णत: अर्थात् 100% केंद्र द्वारा वित्तपोषित है,** ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संसाधन सीधे-सीधे विकास पहलों के लिये आवंटित किये जाएँ।
- इसका क्रियान्वयन **पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय** द्वारा किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - **अवसंरचना विकास:** पीएम **गति-शक्ति** की भावना के अनुरूप, पीएम-डिवाइन का लक्ष्य संपूर्ण NER में निर्बाध कनेक्टिविटी और पहुँच सुनिश्चित करते हुए एक समेकित तरीके से अवसंरचना परियोजनाओं को वित्तपोषित करना है। **अत: कथन 3 सही है।**
    - **सामाजिक विकास परियोजनाओं का समर्थन:** NER की विशिष्ट ज़रूरतों और चुनौतियों की पहचान करते हुए **यह योजना उन सामाजिक विकास परियोजनाओं का समर्थन करने का प्रयास करती है** जो महत्त्वपूर्ण मुद्दों का समाधान कर क्षेत्र के निवासियों के जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार करती हैं।
- **युवाओं और महिलाओं का सशक्तीकरण:** पीएम-डिवाइन **विशेष रूप से NER के युवाओं और महिलाओं को लक्षित करके आजीविका के अवसर उत्पन्न करने में मदद करती है,** जिससे वे क्षेत्र के विकास और प्रगति में सक्रिय रूप से भाग लेने में सक्षम होंगे।

**136. निम्नलिखित में से कौन-से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार का हिस्सा हैं?**

1. विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति।
2. स्वर्ण भंडार।
3. भारतीय व्यक्तियों अथवा व्यवसायों द्वारा धारित विदेशी परिसंपत्ति।
4. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के पास आरक्षित स्थिति।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1, 2 और 4
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2, 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में विभिन्न परिसंपत्तियाँ शामिल हैं जो भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के पास और विदेशी मुद्राओं में मूल्यवर्गित हैं। ये भंडार देश की अर्थव्यवस्था को स्थिरता प्रदान करते हैं तथा भुगतान संतुलन व मुद्रा विनिमय दरों के प्रबंधन में मदद करते हैं।

निम्नलिखित को सामान्यत: भारत के विदेशी मुद्रा भंडार का अंग माना जाता है:

- **विदेशी मुद्रा**
- **विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति (FCA)**
- **स्वर्ण भंडार**
- **विशेष आहरण अधिकार (Special Drawing Rights) और**
- **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (International Monetary Fund- IMF) के पास आरक्षित स्थिति।**

भारतीय व्यक्तियों अथवा व्यवसायों द्वारा रखी गई विदेशी परिसंपत्ति भारत के विदेशी मुद्रा का हिस्सा नहीं है। अत: विकल्प A सही उत्तर है।

**137. यूरिया गोल्ड उर्वरक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नियमित यूरिया में 46% नाइट्रोजन होता है, जबकि यूरिया गोल्ड में नाइट्रोजन की मात्रा 67% अधिक होती है।
2. इसका उद्देश्य दो मुख्य लक्ष्यों को प्राप्त करना है, भारतीय मृदा में सल्फर की अवश्यकता को पूरा करना तथा नाइट्रोजन उपयोग दक्षता (NUE) में सुधार करना।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न ही 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **यूरिया गोल्ड को यूरिया में सल्फर मिलाकर, 37% नाइट्रोजन (N) और 17% सल्फर (S) के साथ एक मिश्रित उर्वरक** बनाया जाता है। **सामान्य यूरिया में एकल पौधे के पोषक तत्त्व का 46% नाइट्रोजन** होता है।
  - **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **यूरिया गोल्ड दो प्राथमिक उद्देश्यों को पूरा करता है:** भारतीय मृदा में सल्फर की आवश्यकताओं को पूरा करना और साथ ही नाइट्रोजन उपयोग दक्षता (NUE) को बढ़ाना।
  - **अत: कथन 2 सही है।**

**138. फ्लोटिंग रेट ऋणों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इन ऋणों की ब्याज दर बेंचमार्क दर या आधार दर के आधार पर समय-समय पर बदलती रहती है।
2. वे क्रेडिट कार्ड, बंधक और अन्य उपभोक्ता ऋणों के लिये आम हैं।
3. वे निश्चित ब्याज ऋण की तुलना में कम-से-कम 1-2% अधिक महँगे हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- फ्लोटिंग रेट ऋण ऐसे ऋण होते हैं जिनकी ब्याज दर **बेंचमार्क दर या आधार दर/बेस रेट के आधार पर समय-समय पर बदलती** रहती है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - **आधार दर/बेस रेट** वह दर है जिस पर **भारतीय रिज़र्व बैंक** वित्तीय संस्थानों को पैसा उधार देता है, यह दर बाज़ार द्वारा प्रभावित होती है और **रेपो रेट** इसका सबसे सामान्य उदाहरण है।
- फ्लोटिंग रेट ऋण को **परिवर्तनीय** अथवा **समायोज्य-दर ऋण** के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि ये ऋण की अवधि के अनुसार भिन्न-भिन्न हो सकते हैं।
- **क्रेडिट कार्ड, बंधक/गिरवी रखी वस्तुओं और अन्य उपभोक्ता ऋणों** के लिये फ्लोटिंग रेट ऋण बहुत आम हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- **यदि भविष्य में ब्याज दरों में गिरावट का अनुमान है तो उधारकर्त्ताओं को फ्लोटिंग रेट ऋण से लाभ** होता है।
  - इसके विपरीत **एक निश्चित ब्याज दर वाले ऋण** के लिये उधारकर्त्ता को ऋण अवधि के दौरान निर्धारित किश्तों का भुगतान करना पड़ता है। यह अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव के समय अधिक **सुरक्षा और स्थिरता** सुनिश्चित करता है।
- वे **निश्चित ब्याज ऋण की तुलना में कम से कम 1-2% सस्ते हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**139. 'नामकरण की सामंजस्यपूर्ण प्रणाली' के बारे में कभी-कभी निम्नलिखित में से किसके संदर्भ में बात की जाती है?**

A. वह प्रणाली जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापार किये जाने वाले प्रत्येक उत्पाद हेतु एक अद्वितीय कोड निर्दिष्ट करती है।
B. इस प्रणाली का उपयोग पशुओं और पौधों को उनकी आनुवंशिक विशेषताओं के आधार पर वर्गीकृत करने के लिये किया जाता है।
C. वह प्रणाली जो पुस्तकों और प्रकाशनों को उनकी विषय-वस्तु के आधार पर वर्गीकृत करती है।
D. इस प्रणाली का उपयोग किसी विशिष्ट देश में वाहनों के लाइसेंस प्लेट नंबर निर्दिष्ट करने के लिये किया जाता है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

हाल ही में भारत के विदेश व्यापार महानिदेशालय (DGFT) ने घोषणा की है कि वह 1 नवंबर, 2023 से हार्मोनाइज़्ड सिस्टम ऑफ नॉमेनक्लेचर ('नामकरण की सामंजस्यपूर्ण प्रणाली') कोड 8471 के तहत वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए लैपटॉप, कंप्यूटर और संबंधित उपकरणों (Components) के आयात को प्रतिबंधित कर देगा। यह प्रतिबंध बैगेज नियमों के तहत आयात पर लागू नहीं होगा।

- HSN एक ऐसी प्रणाली है जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कारोबार किये जाने वाले **प्रत्येक उत्पाद** के लिये एक **अद्वितीय कोड** निर्दिष्ट करती है। **अत: विकल्प A सही है।**

- HSN कोड का उपयोग विश्व के **सीमा शुल्क अधिकारियों** द्वारा आयातित **वस्तुओं पर टैरिफ की पहचान एवं आकलन करने के लिये** किया जाता है।
    - इसका उपयोग व्यापारियों तथा निर्यातकों द्वारा अपने उत्पाद की घोषणा एवं उत्पत्ति के नियमों का अनुपालन करने के लिये भी किया जाता है.
- HSN कोड **विश्व सीमा शुल्क संगठन (WCO)** द्वारा वर्ष 1988 में विकसित किया गया था, साथ ही इसे प्रत्येक पाँच वर्ष में अद्यतन किया जाता है।

**140. कथन -I: सामरिक पेट्रोलियम भंडार (SPR) कच्चे तेल के वे भंडार हैं जिन्हें भू-राजनीतिक अनिश्चितता या आपूर्ति व्यवधान के समय में कच्चे तेल की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु देशों द्वारा बनाए रखा जाता है।**

**कथन-II:** वशि्व का सबसे बड़ा वैश्वकि सामरकि पेट्रोलयिम भंडार चीन में स्थति है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या करता है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- सामरिक पेट्रोलियम भंडार (SPR) कच्चे तेल के वे भंडार हैं जिन्हें भू-राजनीतिक अनिश्चितता या आपूर्ति व्यवधान के समय में कच्चे तेल की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु देशों द्वारा बनाए रखा जाता है। **अतः कथन-I सही है।**
- देश की वृद्धि और विकास के लिये ऐसी भूमिगत भंडारण सुविधाएँ ऊर्जा संसाधनों के निरंतर प्रवाह को बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।
- विश्व में सबसे बड़े वैश्विक सामरिक पेट्रोलियम भंडार हैं:
    - संयुक्त राज्य अमेरिका- 714 मिलियन बैरल
    - चीन- 475 मिलियन बैरल
    - जापान- 324 मिलियन बैरल

  अत: कथन-II सही नहीं है।

**141. विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (EEZ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रत्येक तटवर्ती राज्य अपने क्षेत्रीय समुद्र से परे और उसके निकट एक EEZ का दावा कर सकता है जो उसकी समुद्री सीमा रेखा से 200 समुद्री मील तक विस्तृत होता है।
2. एक तटवर्ती राज्य को अपने EEZ के भीतर जल, धाराओं और वायु से ऊर्जा उत्पादन जैसी गतिविधियाँ करने का अधिकार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (EEZ):**
    - प्रत्येक तटवर्ती राज्य अपने क्षेत्रीय समुद्र से परे और उसके **निकट एक EEZ का दावा कर सकता है जो उसकी समुद्री सीमा रेखा से 200 समुद्री मील तक विस्तृत होता है। अतः कथन 1 सही है।**
    - एक तटवर्ती राज्य को अपने EEZ में:
        - समुद्री तल और उपमृदा के प्राकृतिक संसाधन चाहे वे जीवित हों या निर्जीव की खोज, दोहन, संरक्षण और प्रबंधन का संप्रभु अधिकार है।
        - जल, धाराओं और वायु से ऊर्जा उत्पादन जैसी गतिविधियाँ करने का अधिकार है। अत: कथन 2 सही है।
    - **क्षेत्रीय समुद्र और सन्निहित क्षेत्र** के विपरीत **EEZ** केवल उपर्युक्त **संसाधन पर अधिकारों की अनुमति** देता है। यह किसी तटीय राज्य को बहुत सीमित अपवादों के अधीन **नेविगेशन या ओवरफ्लाइट की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित या सीमित करने का अधिकार नहीं** देता है।

**142. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कृषि अवसंरचना कोष (AIF) ब्याज छूट और क्रेडिट गारंटी समर्थन के माध्यम से फसल कटाई के बाद प्रबंधन अवसंरचना एवं सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों के लिये व्यवहार्य परियोजनाओं में निवेश के लिये एक मध्यम-दीर्घकालिक ऋण वित्तपोषण सुविधा है।
2. खाद्य तेल-ऑयल पाम पर राष्ट्रीय मिशन (NMEO-OP) भारत में पाम ऑयल की खेती को बढ़ावा देने के लिये शुरू की गई एक योजना है, जिसमें हरित क्रांति के तहत चयनित क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **कृषि अवसंरचना कोष (AIF):**
  - आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत जुलाई 2020 में 1 लाख करोड़ रुपए का कृषि अवसंरचना कोष बनाया गया था।
  - AIF, क्रेडिट गारंटी और ब्याज अनुदान के माध्यम से सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों एवं फसल की कटाई के बाद कृषि प्रबंधन की सतत् परियोजनाओं में निवेश की एक **मध्यम-दीर्घकालिक ऋण वित्तपोषण सुविधा** है। **अत: कथन 1 सही है।**

खाद्य तेल-ऑयल पाम पर राष्ट्रीय मिशन (NMEO-OP):

- यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसे **पाम ऑयल की खेती** को बढ़ावा देने के लिये वर्ष 2021 में शुरू किया गया था। इसे मूलत: **उत्तर-पूर्वी राज्यों और अंडमान-निकोबार द्वीपों** पर ध्यान केंद्रित करने तथा **खाद्य तेलों में** भारत को **आत्मनिर्भर** बनाने के लिये शुरू किया गया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह अभियान **वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 तक संचालित किया जाएगा, जो अगले 5 वर्षों में** पाम ऑयल वृक्षारोपण के तहत उत्तर-पूर्वी राज्यों के 3.28 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल और शेष भारत के 3.22 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल अर्थात् कुल 6.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल को कवर करेगा।

**143. MSME के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सामान्यत: संयंत्र और मशीनरी/उपकरण में निवेश और वार्षिक व्यवसाय पर आधारित है।
2. सूक्ष्म श्रेणी के पात्रता मानदंड के अनुसार व्यवसाय 1 करोड़ से कम और 5 करोड़ रुपए के वार्षिक निवेश से अधिक नहीं होना चाहिये।
3. लघु श्रेणी में यह अनिवार्य है कि निवेश 10 करोड़ रुपये से कम और 50 करोड़ के वार्षिक व्यवसाय से अधिक नहीं होना चाहिये।
4. मध्यम श्रेणी के लिये निवेश सीमा 50 करोड़ से कम और 250 करोड़ रुपए के वार्षिक व्यवसाय से अधिक नहीं होना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2 B. केवल 2 और 3
C. केवल 3 और 4 D. उपरोक्त सभी

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- MSME से तात्पर्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम से है। भारत का MSME क्षेत्र **देश की कुल GDP में लगभग 33% का** योगदान देता है, हालाँकि **वर्ष 2028 तक इसका भारत के कुल निर्यात में 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर** का योगदान करने का अनुमान है।

What's MSME

Revised Classification applicable w.e.f 1st July 2020

Composite Criteria: Investment in Plant & Machinery/equipment and Annual Turnover

| CLASSIFICATION | MICRO | SMALL | MEDIUM |
|---|---|---|---|
| Manufacturing Enterprises and Enterprises rendering Services | Investment in Plant and Machinery or Equipment: Not more than Rs.1 crore and Annual Turnover ; not more than Rs. 5 crore | Investment in Plant and Machinery or Equipment: Not more than Rs.10 crore and Annual Turnover ; not more than Rs. 50 crore | Investment in Plant and Machinery or Equipment: Not more than Rs.50 crore and Annual Turnover ; not more than Rs. 250 crore |

- **अत: सभी कथन सही हैं।**

**144. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. AMC रेपो क्लियरिंग लिमिटेड (ARCL) कॉरपोरेट बॉण्ड में रेपो लेन-देन की सुविधा के लिये त्रिपक्षीय रेपो सेवाएँ प्रदान करता है, जो संपार्श्विक के रूप में प्रतिभूतियों द्वारा समर्थित दीर्घकालिक उधार हैं।
2. त्रिपक्षीय रेपो सेवाओं को वित्तीय लेन-देन के रूप में संदर्भित किया जाता है जहाँ एक तीसरा पक्ष, प्राय: एक संरक्षक या समाशोधन एजेंट, रेपो समझौते में शामिल दो पक्षों के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 1 और 2

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

AMC रेपो क्लियरिंग लिमिटेड (AMC Repo Clearing Limited- ARCL)

- ARCL एक **सीमित प्रयोजन समाशोधन निगम (Limited Purpose Clearing Corporation)** है जो **नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (National Stock Exchange-NSE) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (Bombay Stock Exchange- BSE)** पर कॉर्पोरेट ऋण प्रतिभूतियों में किये गए सभी ट्रेडों के लिये समाशोधन और निपटान सेवाएँ प्रदान करता है।
- इसे **स्टॉक एक्सचेंज और क्लियरिंग कॉरपोरेशन (Stock Exchanges and Clearing Corporations-SECC) विनियम, 2018** के तहत **भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (Securities and Exchange Board of India- SEBI)** से सैद्धांतिक मंज़ूरी मिल गई है।
- ARCL **कॉरपोरेट बॉण्ड में रेपो लेन-देन** की सुविधा के लिये त्रिपक्षीय रेपो सेवाएँ और केंद्रीय प्रतिपक्ष सेवाएँ प्रदान करता है जो संपार्श्विक के रूप में **प्रतिभूतियों** द्वारा समर्थित **अल्पकालिक उधार** हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - **त्रिपक्षीय रेपो सेवाएँ:** त्रिपक्षीय रेपो सेवाएँ वित्तीय लेन-देन हैं जहाँ एक **तीसरा पक्ष, प्राय: एक संरक्षक या समाशोधन एजेंट, पुनर्खरीद समझौते (रेपो)** में शामिल दो पक्षों के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**145. अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड एक प्रकार का भोजन है जिसमें स्वाद, रंग और रसायन जैसे बहुत सारे तत्त्व शामिल किये जाते हैं।
2. ये खाद्य पदार्थ काफी पौष्टिक होते हैं क्योंकि इनमें आमतौर पर बहुत अधिक कैलोरी, चीनी और वसा होती है।
3. खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र अब स्वचालित मार्ग के माध्यम से 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की मंज़ूरी देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड क्या है?**

- प्रसंस्कृत भोजन में आमतौर पर नमक, चीनी और वसा मिलाया जाता है। यदि मूल उत्पाद में पाँच या अधिक सामग्री मिलाई गई हो तो भोजन को अल्ट्रा प्रोसेस्ड माना जाता है।
  - ये अन्य सामग्रियाँ आमतौर पर सुगंध और स्वाद बढ़ाने वाले, इमल्सीफायर और रंग हैं तथा इनका उपयोग उत्पाद को अधिक दिन तक टिकाऊ बनाए रखने और स्वाद को बेहतर बनाने के लिये किया जाता है।
  - उदाहरण के लिये कच्चा आटा असंसाधित होता है। दलिया, नमक और चीनी मिलाकर, प्रसंस्कृत भोजन है। अगर हम आटे से कुकीज़ बनाते हैं और उसमें कई अन्य वस्तुएँ मिलाते हैं, तो यह अल्ट्रा-प्रोसेस्ड होता है।
  - **अत: कथन 1 सही है।**
- नमक, चीनी और वसा आमतौर पर सभी प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों में मिलाया जाता है। **ऐसे खाद्य पदार्थों का नियमित या अधिक मात्रा में सेवन स्वास्थ्यवर्द्धक नहीं होता है।**
  - वे मोटापा, उच्च रक्तचाप, हृदय संबंधी समस्याएँ और जीवनशैली संबंधी बीमारियों का कारण बन सकते हैं। अल्ट्रा-प्रोसेस्ड भोजन में मिलाए जाने वाले कृत्रिम रसायन आँत के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं।
  - **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिये **स्वचालित मार्ग के तहत 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की मंज़ूरी दी गई है। अत: कथन 3 सही है।**

**146. अकाउंट एग्रीगेटर (AA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक ऐसा ढाँचा है जो विनियमित संस्थाओं के बीच वास्तविक समय और डेटा-ब्लाइंड (एन्क्रिप्टेड) माध्यम से वित्तीय जानकारी साझा करने की सुविधा प्रदान करता है।
2. AA वित्तीय सूचना प्रदाताओं (FIP) और वित्तीय सूचना उपयोगकर्त्ताओं (FIU) के बीच डेटा के प्रवाह को सक्षम बनाता है।

नीचे दिये गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अकाउंट एग्रीगेटर' (AA):**

- 'अकाउंट एग्रीगेटर' (Account Aggregator- AA) **का आशय एक ऐसे फ्रेमवर्क से है, जो विनियमित संस्थाओं (बैंकों और NBFCs) के बीच वास्तविक समय और 'डेटा-ब्लाइंड'** (इसके माध्यम से प्रवाहित डेटा पूर्णत: एन्क्रिप्टेड होता है) **के माध्यम से वित्तीय जानकारी साझा करने की सुविधा प्रदान करता है। अत: कथन 1 सही है।**

- 'भारतीय रिज़र्व बैंक' ने **वर्ष 2016 में** 'अकाउंट एग्रीगेटर' को **'गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों' (NBFCs) के एक नए वर्ग** के रूप में मंज़ूरी दी थी, जिसकी प्राथमिक ज़िम्मेदारी उपयोगकर्ता के वित्तीय डेटा को उसकी स्पष्ट सहमति से स्थानांतरित करने की सुविधा प्रदान करना है।
- यह वित्तीय सूचना प्रदाताओं (FIPs) और वित्तीय सूचना उपयोगकर्ताओं (FIUs) के बीच डेटा के प्रवाह को सक्षम बनाता है। अत: कथन 2 सही है।
- 'अकाउंट एग्रीगेटर' (AA) की संरचना **'डेटा एम्पावरमेंट एंड प्रोटेक्शन आर्किटेक्चर' (DEPA) फ्रेमवर्क पर आधारित है।**
  - DEPA एक ऐसा आर्किटेक्चर है, जो उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित रूप से अपने डेटा तक पहुँच प्रदान करता है और इसे तीसरे पक्ष के साथ साझा करने की सुविधा देता है।

**147. हाल ही में समाचारों में देखा गया शब्द 'प्रोजेक्ट वर्ल्डकॉइन' क्या है?**

A. एक वैश्विक डिजिटल मुद्रा जो केंद्रीय बैंकों के संघ द्वारा समर्थित है।

B. एक गैर-लाभकारी संगठन जो दूरदराज़ के क्षेत्रों में इंटरनेट तक पहुँच प्रदान करने की दिशा में काम कर रहा है।

C. एक ब्लॉकचेन-आधारित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जिसका लक्ष्य मौजूदा दिग्गजों के साथ प्रतिस्पर्द्धा करना है।

D. डिजिटल नेटवर्क बनाने की एक पहल है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति किसी-न-किसी तरह की हिस्सेदारी का दावा कर सकता है और डिजिटल अर्थव्यवस्था में शामिल हो सकता है।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**प्रोजेक्ट वर्ल्डकॉइन:**

- **परिचय:**
  - **वर्ल्डकॉइन डिजिटल नेटवर्क बनाने की एक पहल है** जिसमें प्रत्येक व्यक्ति किसी-न-किसी तरह की हिस्सेदारी का दावा कर सकता है और डिजिटल अर्थव्यवस्था में शामिल हो सकता है। **अत: विकल्प D. सही उत्तर है।**
- **वर्ल्डकॉइन कार्य प्रक्रिया:**
  - यह पहल **बायोमेट्रिक (आइरिस) डेटा एकत्र करने और प्रतिभागियों को वर्ल्ड एप के माध्यम से वर्ल्ड आईडी प्राप्त करने में मदद करने के लिये "ऑर्ब" नामक एक उपकरण** का उपयोग करती है।
    - एप के साथ प्रतिभागी वर्ल्डकॉइन (WLD) नामक एक क्रिप्टोकरेंसी एकत्र कर सकते हैं।
  - वर्ल्डकॉइन नेटवर्क केवल तभी कार्य कर सकता है जब उपयोगकर्ता आईरिस को स्कैन करने के इच्छुक हों और/या अपने स्वयं के आईरिस को स्कैन करवाएँ।
  - **वर्ल्ड आईडी धारक और ऐसे लोग जिन्होंने अपनी आँखों की पुतलियों को स्कैन करवा लिया है, वे इसका उपयोग डब्ल्यूएलडी क्रिप्टो (WLD Crypto) पर दावा करने के लिये कर सकते हैं,** जिससे वे लेन-देन कर सकते हैं (यदि संभव हो और कानूनी हो) या परिसंपत्ति को इस उम्मीद के साथ रख सकते हैं कि इसकी कीमत बढ़ सकती है।
  - वर्ल्डकॉइन का दावा है कि **प्रतिलिपिकरण से बचने के लिये बायोमेट्रिक जानकारी की मदद से इस नेटवर्क में सभी को सम्मिलित करने का एक वैध तरीका** है।
    - इस प्रक्रिया को "व्यक्तित्व का प्रमाण" कहा जाता है और यह लोगों को क्रिप्टो के बदले बार-बार नाम दर्ज करने से रोकने में मदद करता है।

**148. हाल ही में भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने एक पायलट कार्यक्रम शुरू किया है जिसका उद्देश्य 'ऋण सुलभता के लिये सार्वजनिक तकनीकी मंच' की व्यवहार्यता के मूल्यांकन के साथ ही ऋणदाताओं द्वारा निर्बाध और कुशल ऋण वितरण की सुविधा प्रदान करने की प्रक्रिया का मूल्यांकन करना है। इस कार्यक्रम के संभावित लाभ क्या होंगे:**

1. प्लेटफॉर्म के डेटा समेकन से क्रेडिट जोखिम मूल्यांकन और कम कुशल क्रेडिट पोर्टफोलियो प्रबंधन में भेद्यता बढ़ सकती है।
2. सटीक जानकारी तक पहुँच से सूचित और त्वरित क्रेडिट मूल्यांकन सहायता मिलती है।
3. यह प्लेटफॉर्म कई यात्राओं और व्यापक दस्तावेज़ीकरण की आवश्यकता को बढ़ाकर परिचालन चुनौतियों को बढ़ा देता है, जिसके परिणामस्वरूप ऋणदाताओं एवं उधारकर्ताओं दोनों के लिये लागत बढ़ जाती है।
4. प्लेटफॉर्म की सुव्यवस्थित प्रक्रियाएँ त्वरित संवितरण और स्केलेबिलिटी की ओर ले जाती हैं, जिसके परिणामस्वरूप एक अधिक कुशल क्रेडिट पारिस्थितिकी तंत्र बनता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने एक पायलट कार्यक्रम शुरू किया है जिसका उद्देश्य 'ऋण सुलभता के लिये सार्वजनिक तकनीकी मंच' की व्यवहार्यता के मूल्यांकन के साथ ही ऋणदाताओं द्वारा निर्बाध और कुशल

ऋण वितरण की सुविधा प्रदान करने की प्रक्रिया का मूल्यांकन करना है तथा भारत में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है।

- रिज़र्व बैंक इनोवेशन हब (Reserve Bank Innovation Hub- RBIH) द्वारा विकसित यह एक एंड-टू-एंड डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसमें एक ओपन आर्किटेक्चर, ओपन एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (Application Programming Interface- API) और मानक होंगे तथा सभी बैंक इस "प्लग एंड प्ले (Plug and Play)" मॉडल से जुड़ सकते हैं।

इसके लाभ और परिणाम:

- **उन्नत ऋण पोर्टफोलियो प्रबंधन:** यह प्लेटफॉर्म डेटा समेकन के माध्यम से बेहतर ऋण जोखिम मूल्यांकन और कुशल ऋण पोर्टफोलियो प्रबंधन सुनिश्चित करेगा।
  - **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **ऋण तक पहुँच में वृद्धि:** सटीक जानकारी तक पहुँच से सूचित और त्वरित ऋण मूल्यांकन में सहायता मिलती है। ऋण उपलब्धता के विस्तार से पूंजी तक पहुँच की लागत कम होगी तथा उधारकर्ताओं को इसका लाभ मिलेगा।
  - **अत: कथन 2 सही है।**
- **परिचालन लागत में कमी:** यह प्लेटफॉर्म परिचालन संबंधी चुनौतियों जैसे- बार बार बैंक का चक्कर लगाने और दस्तावेज़ संबंधी मांगों को संबोधित करता है, जिससे ऋणदाताओं तथा उधारकर्ताओं दोनों के लिये लागत में कमी आती है।
  - **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- **दक्षता और मापनीयता/स्केलेबिलिटी:** इस प्लेटफॉर्म की त्वरित संवितरण तथा स्केलेबिलिटी जैसी सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं की वजह से एक अधिक कुशल ऋण पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण होता है।
  - **अत: कथन 4 सही है।**

**149. निम्नलिखित में से कौन-सा अतिरिक्त तरलता का निहितार्थ हो सकता है?**

1. उच्च ब्याज दरें
2. निवेश में वृद्धि
3. आय असमानता में वृद्धि
4. मुद्रास्फीति का दबाव

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 2, 3 और 4
B. केवल 1, 3 और 4
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत में अतिरिक्त तरलता के प्रभाव:**

- **सकारात्मक प्रभाव:**
  - **कम ब्याज दरें:** अतिरिक्त तरलता से अर्थव्यवस्था में ब्याज दरें कम हो सकती हैं।
  - **निवेश को प्रोत्साहित करना:** कम ब्याज दरों पर ऋण मिलने से **व्यवसायों को अपने परिचालन का विस्तार करने,** नई परियोजनाएँ शुरू करने तथा रोज़गार सृजन करने में आसानी होगी।
- **नकारात्मक प्रभाव:**
  - **मुद्रास्फीति का दबाव:** अतिरिक्त तरलता अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति के दबाव को बढ़ा सकती है।
  - **एसेट प्राइस बबल (Asset Price Bubbles):** अतिरिक्त तरलता द्वारा परिसंपत्ति की कीमतों में वृद्धि होने से **स्पेकुलेटिव बबल्स (परिसंपत्तियों की कीमतों में तीव्र वृद्धि)** की स्थिति भी हो सकती है।
  - **आय असमानता:** जिन अमीरों का परिसंपत्तियों में अधिक निवेश है, **वे अतिरिक्त तरलता के लाभों, जैसे कि उच्च परिसंपत्ति मूल्यों से असंगत रूप से लाभ कमा सकते हैं।** इससे अर्थव्यवस्था में आय असमानता बढ़ सकती है।
- उच्च ब्याज दर का निहितार्थ अतिरिक्त तरलता नहीं है। अत: विकल्प A सही उत्तर है।

**150. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** वदिश व्यापार महानदिशालय (DGFT) ने कंप्यूटरों पर आयात प्रतबिंधों की घोषणा की है लेकनि उनके घटकों पर नहीं।

**कथन-II:** यह कदम IT हार्डवेयर के लयि पुनर्जीवति उत्पादन-लकि्ड प्रोत्साहन (PLI) योजना के माध्यम से घरेलू उत्पादन को मज़बूत करने के सरकार के प्रयासों के अनुरूप है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

हाल ही में भारत के विदेश व्यापार महानिदेशालय (Directorate General of Foreign Trade- DGFT) ने घोषणा की है कि 1 नवंबर, 2023 से वह हार्मोनाइज़्ड सिस्टम ऑफ नॉमेनक्लेचर

(Harmonised System of Nomenclature-HSN) कोड 8471 के तहत वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए लैपटॉप, कंप्यूटर और उनके घटकों के आयात को प्रतिबंधित कर देगा। बैगेज नियमों के तहत यह आयात पर लागू नहीं होगा। अत: कथन I सही नहीं है।

- इन प्रतिबंधों का उद्देश्य **घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना, विदेशी आयात,** विशेष रूप से चीन से आयात पर निर्भरता को कम करना और **भारत के प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आत्मनिर्भरता** को बढ़ाना है।
- यह **IT हार्डवेयर के लिये पुनर्जीवित उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (Production-Linked Incentive- PLI) योजना** के माध्यम से घरेलू उत्पादन को मज़बूत करने के सरकारी प्रयासों के अनुरूप है। **अत: कथन II सही है।**

**151. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सेबी अधिनियम, 1992 के माध्यम से यह एक स्वायत्त निकाय बना तथा इसे वैधानिक शक्तियाँ प्रदान की गई।
2. यह अर्द्ध-विधायी, अर्द्ध-न्यायिक और अर्द्ध-कार्यकारी निकाय के रूप में कार्य करता है।
3. सेबी के अध्यक्ष के पास "तलाशी/जाँच और ज़ब्ती संबंधी ऑपरेशन" का आदेश देने का अधिकार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI):**

- सेबी **भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992** के प्रावधानों के अनुसार 12 अप्रैल, 1992 को स्थापित एक **वैधानिक निकाय** (एक गैर-संवैधानिक निकाय जिसे संसद द्वारा स्थापित किया गया) है।
- **पृष्ठभूमि:**
  - सेबी के अस्तित्व में आने से पहले **पूंजीगत मुद्दों का नियंत्रक (Controller of Capital Issues) नियामक प्राधिकरण** था; इसे **पूंजी मुद्दे (नियंत्रण) अधिनियम, 1947** के तहत अधिकार प्राप्त थे।
  - अप्रैल 1988 में भारत सरकार के एक प्रस्ताव के तहत सेबी का गठन भारत में पूंजी बाज़ार के नियामक के रूप में किया गया था।
  - प्रारंभ में सेबी एक **गैर-वैधानिक निकाय था जिसे किसी भी तरह की वैधानिक शक्ति प्राप्त** नहीं थी।
  - **सेबी अधिनियम, 1992 के माध्यम से** यह एक स्वायत्त निकाय बना तथा इसे वैधानिक शक्तियाँ प्रदान की गई। **अत: कथन 1 सही है।**
- **कार्य:**
  - **सेबी एक अर्द्ध-विधायी और अर्द्ध-न्यायिक** निकाय है जो **विनियमों का मसौदा तैयार कर सकता है, पूछताछ कर सकता है, नियम पारित कर सकता है तथा जुर्माना लगा सकता** है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **प्रतिभूति कानून (संशोधन) अधिनियम, 2014** द्वारा सेबी अब 100 करोड़ रुपए या उससे अधिक राशि की किसी भी मनी पूलिंग योजना को विनियमित करने तथा गैर-अनुपालन के मामलों में संपत्ति को संलग्न करने में सक्षम है।
  - **सेबी के अध्यक्ष के पास "तलाशी/जाँच और ज़ब्ती संबंधी ऑपरेशन" का आदेश देने का अधिकार** है। सेबी बोर्ड किसी भी प्रकार के प्रतिभूति लेन-देन के संबंध में व्यक्ति या संस्थाओं से टेलीफोन कॉल डेटा रिकॉर्ड जैसी जानकारी भी मांग सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**152. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सिल्वर अर्थव्यवस्था वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन, वितरण और उपभोग की प्रणाली है जिसका उद्देश्य वृद्ध एवं उम्रदराज़ लोगों की क्रय क्षमता का उपयोग करना है।
2. सिल्वर अर्थव्यवस्था का विश्लेषण सामाजिक जेरोन्टोलॉजी (उम्र बढ़ने का अध्ययन) के क्षेत्र में मौजूदा आर्थिक प्रणाली के रूप में नहीं बल्कि उम्र बढ़ने की नीति के एक साधन के रूप में किया जाता है।
3. SACRED पोर्टल वरिष्ठ नागरिकों को सशक्त बनाता है और उन्हें पुन: रोज़गार के अवसर प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

a. केवल एक
b. केवल दो
c. सभी तीन
d. कोई भी नही

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**सिल्वर अर्थव्यवस्था:**

- सिल्वर अर्थव्यवस्था **वस्तुओं एवं सेवाओं के उत्पादन, वितरण और उपभोग की प्रणाली** है जिसका उद्देश्य **वृद्ध और उम्रदराज़ लोगों की क्रय क्षमता का उपयोग करना** तथा उनकी **खपत, जीवन और स्वास्थ्य** संबंधी ज़रूरतों को पूरा करना है। **अत: कथन 1 सही है।**

- Tसिल्वर अर्थव्यवस्था का विश्लेषण **सामाजिक जेरोन्टोलॉजी (उम्र बढ़ने का अध्ययन) के क्षेत्र** में एक मौजूदा आर्थिक प्रणाली के रूप में नहीं बल्कि **उम्र बढ़ने की नीति के एक साधन** तथा बढ़ती आबादी के लिये एक संभावित, आवश्यकता-उन्मुख आर्थिक प्रणाली बनाने के राजनीतिक विचार के रूप में किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसका मुख्य तत्त्व एक नए **वैज्ञानिक, अनुसंधान और कार्यान्वयन प्रतिमान** के रूप में **जेरोनटेक्नोलॉजी** (वृद्ध लोगों से संबंधित प्रौद्योगिकी) है।

SACRED पोर्टल:

- SACRED पोर्टल **वरिष्ठ नागरिकों को सशक्त बनाता है और उन्हें पुन: रोज़गार के अवसर प्रदान करता है। अत: कथन 3 सही है।**
- यह पोर्टल विशेष रूप से **60 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिकों को लक्षित करता है, इस आयु वर्ग की ज़रूरतों और आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित करता है।**
- यह पोर्टल वरिष्ठ नागरिकों को उनकी प्राथमिकताओं और कौशल से मेल **खाने वाले उपयुक्त रोज़गार और कार्य विकल्प खोजने के अवसर प्रदान करता है।**
- SACRED पोर्टल एक **आभासी मिलान प्रणाली** को नियोजित करता है जो अनुभवी व्यक्तियों की तलाश करने वाले निजी उद्यमों के साथ **वरिष्ठ नागरिकों की प्राथमिकताओं को संरेखित करता है।**
- रोज़गार के अवसरों के माध्यम से SACRED पोर्टल वरिष्ठ नागरिकों को वित्तीय **सुरक्षा प्राप्त करने में सहायता करता है और बाहरी समर्थन पर उनकी निर्भरता कम करता है।**

**153. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| ATM के प्रकार | उद्देश्य |
|---|---|
| ऑरेंज लेबल ATM | मुख्य रूप से निवेशकों और व्यापारियों द्वारा स्टॉक एवं प्रतिभूतियों को खरीदने तथा बेचने के लिये |
| ब्राउन लेबल ATM | ई-कॉमर्स के उद्देश्य से स्थापित |
| व्हाइट लेबल ATM | गैर-बैंकों द्वारा स्थापित, स्वामित्व और संचालन |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

| ATM के प्रकार | विवरण |
|---|---|
| ब्राउन लेबल ATM | ATM जहाँ हार्डवेयर और मशीन का पट्टा (Lease) एक सेवा प्रदाता के स्वामित्व में होता है, लेकिन नकदी प्रबंधन एवं बैंकिंग नेटवर्क से कनेक्टिविटी एक प्रायोजक बैंक द्वारा प्रदान की जाती है।<br>उनके पास बैंक की ब्रांडिंग है। |
| ऑरेंज लेबल ATM | शेयर लेन-देन के लिये ATM उपलब्ध कराए गए।<br>इनका उपयोग मुख्य रूप से निवेशकों और व्यापारियों द्वारा स्टॉक एवं प्रतिभूतियों को खरीदने तथा बेचने के लिये किया जाता है। |
| येलो लेबल ATM | ATM ई-कॉमर्स के उद्देश्य से स्थापित किये गए हैं।<br>इनका उपयोग मुख्य रूप से ऑनलाइन शॉपर्स और व्यापारियों द्वारा भुगतान एवं खरीदारी करने के लिये किया जाता है। |
| पिंक लेबल ATM | ATM की निगरानी गार्ड द्वारा की जाती है जो यह सुनिश्चित करते हैं कि केवल महिलाएँ ही इन ATM तक पहुँचें। इन्हें महिला ग्राहकों को सुरक्षा और सुविधा प्रदान करने हेतु स्थापित किया गया है। |

अत: विकल्प B सही है।

**154. फुल-रिज़र्व बैंकिंग और फ्रैक्शनल-रिज़र्व बैंकिंग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. फुल-रिज़र्व बैंकिंग के तहत, बैंकों को ग्राहकों से प्राप्त मांग जमा को उधार देने से सख्ती से प्रतिबंधित किया जाता है।
2. फ्रैक्शनल-रिज़र्व बैंकिंग प्रणाली बैंकों को उनकी रिज़र्व में रखी नकदी से अधिक धन उधार देने की अनुमति देती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न ही 1, न तो 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**फुल-रिज़र्व बैंकिंग बनाम फ्रैक्शनल-रिज़र्व बैंकिंग:**

- **फुल-रिज़र्व बैंकिंग: जमा की सुरक्षा**

- फुल-रिज़र्व बैंकिंग के तहत **बैंकों को ग्राहकों से प्राप्त मांग जमा को उधार देने से सख्ती से प्रतिबंधित** किया जाता है जिससे प्रतिबंध के जोखिम को कम किया जा सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसके बजाय उन्हें केवल संरक्षक के रूप में कार्य करते हुए इन जमाओं का 100% हमेशा अपने कक्ष (Vaults) में रखना चाहिये।
- बैंक इस **सेवा के लिये शुल्क लेकर जमाकर्ताओं** के पैसे के सुरक्षित रक्षक के रूप में कार्य करते हैं।
  - बैंक केवल सावधि जमा के रूप में प्राप्त धन को उधार दे सकते हैं।

- **फ्रैक्शनल-रिज़र्व बैंकिंग: क्रेडिट और जोखिम का विस्तार:**
  - फ्रैक्शनल-रिज़र्व बैंकिंग प्रणाली, जो वर्तमान में चलन में है, **बैंकों को उनकी रिज़र्व में रखी नकदी से अधिक धन उधार देने की अनुमति देती** है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - यह प्रणाली उधार देने के लिये इलेक्ट्रॉनिक मनी पर बहुत अधिक निर्भर करती है।
  - यदि कई जमाकर्ता एक साथ नकदी की मांग करते हैं तो **बैंक बंद** होना एक संभावित जोखिम है।
  - बैंक बंद होने से कई जमाकर्ताओं द्वारा एक साथ नकदी की मांग करने का संभावित जोखिम है।
    - हालाँकि केंद्रीय बैंक तत्काल संकट को टालने के लिये आपातकालीन नकदी प्रदान कर सकता है।

**155. तकनीकी-वाणिज्यिक तैयारी एवं बाज़ार परिपक्वता (TCRM) मैट्रिक्स ढाँचा एक अभिनव मूल्यांकन उपकरण है जिसका उद्देश्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन को बदलना, नवाचार को प्रोत्साहित करना और भारत में उद्यमशीलता का पोषण करना है। यह निम्नलिखित में से किसकी पहल है?**

A. WIPO (भारत) और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय
B. इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) तथा वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
C. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय तथा MeitY
D. नीति आयोग

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- हाल ही में **नीति आयोग** ने **तकनीकी-वाणिज्यिक तैयारी एवं बाज़ार परिपक्वता (TCRM) मैट्रिक्स** का फ्रेमवर्क पेश किया है। यह एक अभिनव मूल्यांकन उपकरण है जिसका **उद्देश्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन को बदलना, नवाचार को प्रोत्साहित करना और भारत में उद्यमशीलता का पोषण** करना है।
  - यह फ्रेमवर्क एक एकीकृत मूल्यांकन मॉडल प्रस्तुत करता है जो प्रौद्योगिकी विकास चक्र के प्रत्येक चरण में हितधारकों को गहन अंतर्दृष्टि और कार्रवाई योग्य बुद्धिमत्ता प्रदान करता है।
- **अत: विकल्प D सही है।**

**156. न्यूनतम गारंटीकृत आय का अधिकार यूनिवर्सल बेसिक इनकम (UBI) से किस प्रकार भिन्न है?**

a. UBI केवल नागरिकों को प्रदान की जाती है, जबकि न्यूनतम गारंटीकृत आय का अधिकार सभी निवासियों के लिये उपलब्ध है।
b. UBI को पूरी तरह से सरकार द्वारा वित्तपोषित किया जाता है, जबकि न्यूनतम गारंटीकृत आय का अधिकार निजी क्षेत्र के योगदान पर निर्भर करता है।
c. UBI सभी को एक निश्चित राशि प्रदान करता है, जबकि न्यूनतम गारंटीकृत आय का अधिकार मुद्रास्फीति समायोजित है।
d. UBI एक अस्थायी कार्यक्रम है, जबकि न्यूनतम गारंटीकृत आय का अधिकार स्थायी है।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

यूनिवर्सल बेसिक इनकम (UBI) और न्यूनतम गारंटीकृत आय (MGI) दोनों सामाजिक कल्याण अवधारणाएँ हैं जिनका उद्देश्य व्यक्तियों या परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। हालाँकि दोनों के बीच महत्त्वपूर्ण अंतर हैं:

**कवरेज और पात्रता:**

- **यूनिवर्सल बेसिक इनकम (UBI): यह एक विशिष्ट आबादी के सभी सदस्यों, आमतौर पर सभी वयस्क नागरिकों या निवासियों को उनकी आय या रोज़गार की स्थिति की परवाह किये बिना प्रदान किया जाने वाला एक शर्त रहित नकद हस्तांतरण है।**
  - इसे बिना किसी शर्त के सार्वभौमिक रूप से वितरित किया जाता है।
- **न्यूनतम गारंटीकृत आय (MGI):** यह एक लक्षित आय सहायता कार्यक्रम है जो उन लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिये डिज़ाइन किया गया है जो एक निश्चित आय सीमा से नीचे आते हैं या विशिष्ट पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं।
- इसका अच्छी तरह से परीक्षण किया गया है और केवल पूर्व निर्धारित न्यूनतम से कम आय वाले व्यक्ति या परिवार ही इसका लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र हैं। **अत: कथन C सही है।**

वित्तपोषण और लागत:

- UBI को सरकार या फंडिंग इकाई से एक महत्त्वपूर्ण वित्तीय प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है क्योंकि इसे प्रत्येक पात्र व्यक्ति या परिवार को वितरित किया जाता है, जिसमें उच्च आय वाले लोग भी शामिल हैं।
  - UBI कार्यक्रम की लागत पर्याप्त हो सकती है, जो प्रदान की गई राशि और कवर की गई जनसंख्या के आकार पर निर्भर करती है।
- MGI आमतौर पर UBI की तुलना में अधिक लागत प्रभावी है क्योंकि इसका लक्ष्य केवल ज़रूरतमंद लोगों को सहायता प्रदान करना है।
  - एक निश्चित आय सीमा से नीचे के व्यक्तियों या परिवारों को सहायता सीमित करके, समग्र व्यय को बेहतर ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है।

**157. धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वियना अभिसमय के जवाब में भारत में PMLA अधिनियमित किया गया था।
2. PMLA के प्रावधान RBI पर लागू नहीं होते हैं।
3. भारत में केंद्रीय जाँच ब्यूरो (CBI) PMLA को लागू करने के लिये ज़िम्मेदार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1  B. केवल 2
C. केवल 3  D. 1, 2 और 3

**उत्तर : A.**

**व्याख्या:**

- PMLA को धन शोधन के खतरे से निपटने के लिये भारत की वैश्विक प्रतिबद्धता (वियना अभिसमय) के जवाब में अधिनियमित किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- इस अधिनियम के प्रावधान सभी वित्तीय संस्थानों, बैंकों (RBI सहित), म्यूचुअल फंड, बीमा कंपनियों और उनके वित्तीय मध्यस्थों पर लागू होते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- प्रवर्तन निदेशालय (ED) PMLA के प्रावधानों को लागू करने और धन शोधन मामलों की जाँच के लिये ज़िम्मेदार है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**158. निम्न पर विचार कीजिये:**

1. खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)
2. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)
3. विश्व आर्थिक मंच
4. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)

**उपर्युक्त में से कितने हाल ही में लॉन्च किये गए वन हेल्थ दृष्टिकोण से संबंधित हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- क्वाड्रिपार्टाइट द्वारा एक नया वन हेल्थ दृष्टिकोण लॉन्च किया गया:
- खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)
- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)
- विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (WOAH)

अत: विकल्प B सही है।

**159. नकद आरक्षित अनुपात (CRR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक मौद्रिक नीति उपकरण है जिसका उपयोग केंद्रीय बैंकों द्वारा अर्थव्यवस्था में ऋण की उपलब्धता को विनियमित एवं नियंत्रित करने के लिये किया जाता है।
2. यह जमा का न्यूनतम प्रतिशत है जिसे एक वाणिज्यिक बैंक को नकदी, सोना या अन्य प्रतिभूतियों के रूप में बनाए रखना होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

नकद आरक्षित अनुपात (CRR) और वैधानिक तरलता अनुपात (SLR):

- CRR और SLR दोनों **मौद्रिक नीति उपकरण हैं** जिनका उपयोग केंद्रीय बैंकों द्वारा अर्थव्यवस्था में ऋण की उपलब्धता को विनियमित एवं नियंत्रित करने के लिये किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- CRR के तहत **वाणिज्यिक बैंकों को केंद्रीय बैंक के पास एक निश्चित न्यूनतम जमा राशि (NDTL)** आरक्षित रखनी होती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- SLR, जमा का न्यूनतम प्रतिशत है, **जिसे एक वाणिज्यिक बैंक को नकदी, सोना या अन्य प्रतिभूतियों के रूप में बनाए रखना होता है।**

**160. पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (OPEC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना वर्ष 1960 में बगदाद सम्मेलन में की गई थी।
2. वर्ष 2023 तक इसमें 13 सदस्य देश हैं।
3. इसका मुख्यालय वियना, ऑस्ट्रिया में स्थित है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन (OPEC):**
  - इसकी स्थापना **वर्ष 1960 में बगदाद सम्मेलन में** संस्थापक सदस्यों ईरान, इराक, कुवैत, सऊदी अरब और वेनेज़ुएला द्वारा की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
  - ओपेक का विस्तार हो चुका है और अब इसके 13 सदस्य देश हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
    - सदस्य देश अल्जीरिया, अंगोला, कांगो, इक्वेटोरियल गिनी, गैबॉन, ईरान, इराक, कुवैत, लीबिया, नाइजीरिया, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, वेनेज़ुएला हैं।
- **मुख्यालय: वियना, ऑस्ट्रिया** में स्थित है **अतः कथन 3 सही है।**
- ओपेक, **विश्व के लगभग 40% कच्चे तेल का उत्पादन** करता है और इसके सदस्यों का **निर्यात वैश्विक पेट्रोलियम व्यापार का लगभग 60%** है।

**161. भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत ने वर्ष 2005 के स्तर से वर्ष 2030 तक सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को 45% तक कम करने और वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से 50% बिजली उत्पन्न करने का संकल्प लिया है।
2. भारत ने अतिरिक्त कार्बन सिंक बनाने और वर्ष 2050 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन हासिल करने का संकल्प लिया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : A**

**व्याख्या :**

- **राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC):**
  - ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल होने के लिये भारत की प्रतिबद्धता।
  - वर्ष 2005 के स्तर से वर्ष 2030 तक **सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को 45% तक कम करने** और वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से **50% बिजली उत्पन्न करने का संकल्प। अतः कथन 1 सही है।**
  - अतिरिक्त कार्बन सिंक बनाने और **वर्ष 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन** हासिल करने का संकल्प। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**162. ग्रीडफ्लेशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्रीडफ्लेशन की स्थिति सामान्य अर्थ निगमों द्वारा लालच-प्रेरित मुद्रास्फीति में हुई वृद्धि से है।
2. वेतन-मूल्य सर्पिल के स्थान पर यह एक लाभ-मूल्य चक्र है।
3. लालच से उत्पन्न मुद्रास्फीति के दबाव के परिणामस्वरूप देशों के बीच भिन्न-भिन्न नीतियाँ बन सकती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**ग्रीडफ्लेशन:**

**परिचय:**

- ग्रीडफ्लेशन की स्थिति का सामान्य अर्थ **निगमों द्वारा लालच-प्रेरित मुद्रास्फीति में हुई वृद्धि से** है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वेतन-मूल्य सर्पिल के स्थान पर यह एक **लाभ-मूल्य चक्र** है जहाँ कंपनियाँ अपनी बढ़ी हुई लागत को प्राप्त करने और साथ ही **लाभ मार्जिन को अधिकतम करते हुए कीमतों में अत्यधिक वृद्धि** कर मुद्रास्फीति का लाभ उठाती हैं। ये मुद्रास्फीति की स्थिति में और अधिक वृद्धि करती हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
  - यूरोप और अमेरिका जैसे विकसित देशों में इस बात पर आम सहमति बन रही है कि ग्रीडफ्लेशन ही इसके लिये महत्त्वपूर्ण कारक है।
- **परिदृश्य:**
  - प्राकृतिक आपदाओं या महामारी जैसे संकटों के दौरान कीमतों में सामान्यत: वृद्धि हो जाती हैं क्योंकि इनपुट लागत बढ़ने के कारण व्यवसाय कीमतें बढ़ा देते हैं।

- ◆ हालाँकि कुछ मामलों में **अधिक मूल्य वृद्धि के माध्यम से** व्यापार में **अत्यधिक लाभ अर्जित** करके स्थिति का फायदा उठाते हैं।
- **प्रभाव:**
  - ◆ ग्रीडफ्लेशन **कम आय और मध्यम वर्ग के व्यक्तियों पर** असमान रूप से प्रभाव डालती है, यह उपभोग में कटौती कर जीवन स्तर को कम करता है।
    - ■ जबकि यह अधिक आय और उच्च वर्ग के व्यक्तियों को उनकी संपत्ति के मूल्य में वृद्धि करके आय असमानता को बढ़ाते हुए लाभ पहुँचाता है।
  - ◆ कीमतों में अधिक वृद्धि और लालच द्वारा संचालित अनुमानों से **इकोनॉमिक बबल (Economic Bubble) और अस्थिर बाज़ार की स्थिति** पैदा हो सकती है। इससे वित्तीय बाज़ार **दुर्घटनाओं और संकट के प्रति अधिक संवेदनशील** हो जाते हैं, जिससे समग्र आर्थिक स्थिरता के लिये जोखिम पैदा होता है।
  - ◆ लालच से उत्पन्न मुद्रास्फीति के दबाव के परिणामस्वरूप **देशों के बीच भिन्न-भिन्न नीतियाँ** बन सकती हैं। प्रत्येक राष्ट्र मुद्रास्फीति से निपटने के लिये अलग-अलग रणनीतियाँ अपना सकता है, जिससे परस्पर विरोधी दृष्टिकोण सामने आ सकते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
    - ■ इससे वैश्विक असंतुलन, व्यापार तनाव और भू-राजनीतिक संघर्ष बढ़ सकते हैं क्योंकि सभी देश प्रतिस्पर्द्धात्मकता के इस दौर में मात्र अपने हितों की ही रक्षा करना चाहते हैं।

**163. स्टार्टअप्स से संबंधित शर्तों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यूनिकॉर्न का तात्पर्य वर्ष 2000 के बाद 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन के साथ स्थापित स्टार्टअप से है।
2. गज़ेल ऐसे स्टार्टअप हैं जिनके अगले तीन वर्षों में यूनिकॉर्न बनने की सबसे अधिक संभावना है।
3. चीता वे स्टार्टअप हैं जो अगले पाँच वर्षों में यूनिकॉर्न बन सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**स्टार्टअप से संबंधित शर्तें:**

- **डेकाकॉर्न:** 10 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का वर्तमान मूल्यांकन।
- **यूनिकॉर्न्स:** वर्ष 2000 के बाद 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन के साथ स्टार्टअप की स्थापना हुई। **अतः कथन 1 सही है।**
- **गज़ेल:** ऐसे स्टार्टअप जिनके अगले तीन वर्षों में यूनिकॉर्न बनने की सबसे अधिक संभावना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **चीता (Cheetahs): स्टार्टअप जो अगले पाँच वर्षों में यूनिकॉर्न बन सकते हैं। अतः कथन 3 सही है।**

**164. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. MSME क्षेत्र भारत के कुल निर्मित वस्तुओं का 45% उत्पादन करता है तथा कुल निर्यात का 50% से अधिक उत्पाद बनाता है।
2. संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, MSME का वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में आधा हिस्सा है।
3. 27 जून को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय लघु, कुटीर एवं मध्यम उपक्रम दिवस के रूप में नामित किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **संयुक्त राष्ट्र** के आँकड़ों के अनुसार, MSME का योगदान **वैश्विक व्यवसायों में 90%, नौकरियों में 60% से 70% से अधिक** तथा **वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में आधा हिस्सा** है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - ◆ **भारत में** MSME लगभग 63 मिलियन उद्यमों में 110 मिलियन से अधिक लोगों को रोज़गार प्रदान करता है।
- यह क्षेत्र भारत के **45% विनिर्मित सामानों का उत्पादन** करता है तथा **कुल निर्यात में 50% से अधिक का योगदान** देता है। पारंपरिक से लेकर उन्नत तकनीकी वस्तुओं के उत्पादन के अतिरिक्त 8,000 से अधिक मूल्यवान उत्पादों का निर्माण भी करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - ◆ MSME भारत के **सकल घरेलू उत्पाद (GDP)** में लगभग 30% योगदान देने वाला सबसे महत्त्वपूर्ण चालक है।
- **MSME** के महत्त्व और अर्थव्यवस्था में उनके योगदान को पहचानने के लिये **प्रतिवर्ष 27 जून को अंतर्राष्ट्रीय लघु, कुटीर एवं मध्यम उपक्रम दिवस** मनाया जाता है।

- अप्रैल 2017 में **संयुक्त राष्ट्र** ने 27 जून को लघु, कुटीर एवं मध्यम आकार के उद्यम दिवस के रूप में नामित किया। **अत: कथन 3 सही है।**
  - इस दिन का उद्देश्य **सतत् विकास लक्ष्यों** को प्राप्त करने में MSME की पूर्ण क्षमता को उजागर करने के लिये राष्ट्रीय क्षमताओं को बढ़ाना है।

**165. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का सरकारी ई-मार्केटप्लेस (GeM) दुनिया का सबसे बड़ा वन-स्टॉप ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल है।
2. उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय GeM पोर्टल को संचालित करने वाला नोडल मंत्रालय है।
3. GeM पोर्टल के तहत विक्रेताओं के लिये GeM पर सभी नए उत्पादों को पंजीकृत करते समय 'मूल देश' का उल्लेख करना अनिवार्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- GeM विभिन्न सरकारी विभागों/संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा सामान्य उपयोग की आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की ऑनलाइन खरीद की सुविधा प्रदान करता है।
  - यह सभी सरकारी विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्त निकायों और अन्य संगठनों के लिये खुला है।
- वर्तमान में **GeM सिंगापुर के GeBIZ के बाद तीसरे स्थान पर है।**
  - **दक्षिण कोरिया का KONEPS विश्व का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म है। अत: कथन 1 सही नहीं है।**

  GeM के लिये नोडल मंत्रालय: वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय। अत: कथन 2 सही नहीं है।

  GeM के तहत विक्रेताओं को GeM पर सभी नए उत्पादों को पंजीकृत करते समय मूल देश का उल्लेख करना होता है। अत: कथन 3 सही है।

**166. मुद्रास्फीति से संबंधित शब्दों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

A. अपस्फीति उस प्रवृत्ति को संदर्भित करती है जब मुद्रास्फीति की दर कम हो जाती है।
B. अवस्फीति वस्तुओं एवं सेवाओं की कीमतों में एक सामान्य गिरावट है जो अर्थव्यवस्था में धन और ऋण की आपूर्ति में संकुचन से संबंधित है।
C. पुन: मुद्रास्फीति से तात्पर्य है जब नीति निर्माता अधिक सरकारी खर्च और/या ब्याज दरें कम करके आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने की कोशिश करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**मुद्रास्फीति से संबंधित प्रमुख शब्दावलियाँ:**

- **मुद्रास्फीति:**
  - मुद्रास्फीति वह दर है जिस पर **सामान्य मूल्य स्तर बढ़ता** है।
  - यदि यह बताया जाता है कि जून 2023 में मुद्रास्फीति की दर 5% थी तो इसका मतलब है कि **अर्थव्यवस्था का सामान्य मूल्य स्तर जून 2022 की तुलना में 5% अधिक** था।
- **अवस्फीति:**
  - अवस्फीति उस प्रवृत्ति को संदर्भित करती है जब मुद्रास्फीति की दर कम हो जाती है।
  - यह उस अवधि को संदर्भित करती है जब कीमतें बढ़ रही होती हैं, लेकिन यह हर पिछले माह धीमी गति से रही होती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - उदाहरण स्वरूप अप्रैल में यह 10%, मई में 7% और जून में 5% थी।
- **अपस्फीति:**
  - अपस्फीति वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में एक सामान्य गिरावट है, जो आमतौर पर अर्थव्यवस्था में धन और ऋण की आपूर्ति में संकुचन से जुड़ी होती है। उदाहरण के लिये जून 2023 में सामान्य मूल्य स्तर जून 2022 की तुलना में 5% कम थी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **रिफ्लेशन:**
  - रिफ्लेशन आमतौर पर **अपस्फीति के बाद होता है क्योंकि नीति निर्माता या तो सरकारी खर्च अधिक** करके और/या ब्याज दरों को कम करके आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने की कोशिश करते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**167. मांस उत्पादन के लिये कोशिका-संवर्द्धित तकनीक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पशुधन उत्पादन से जुड़े ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिये प्रयोगशालाओं में तैयार किया जाने वाला मांस एक संभावित समाधान व विकल्प प्रदान करता है।

2. पारंपरिक मांस उत्पादन विधियों की तुलना में कोशिका-संवर्द्धित मांस के लिये अधिक भूमि की आवश्यकता होती है।
3. सिंगापुर ऐसा पहला देश था जिसने वर्ष 2020 में वैकल्पिक मांस की बिक्री को मंज़ूरी दी थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**लैब-ग्रोन मीट:**

- लैब-ग्रोन मीट, जिसे आधिकारिक तौर पर कोशिका-संवर्द्धित मीट के रूप में जाना जाता है, उस मीट को संदर्भित करता है जो जानवरों से प्राप्त **पृथक कोशिकाओं का उपयोग करके प्रयोगशाला में विकसित किया जाता है।**
- प्रतिकृति बनाने और खाद्य मांस के रूप में विकसित होने के लिये इन कोशिकाओं को आवश्यक संसाधन, जैसे- पोषक तत्त्व और एक उपयुक्त वातावरण प्रदान किया जाता है।
- यह प्रक्रिया आम तौर पर **बायोरिएक्टर** में होती है, जिन्हें सेलुलर कल्टीवेशन प्रक्रिया में सहयोग करने के लिये डिज़ाइन किया जाता है।
- **सिंगापुर** ऐसा **पहला देश था जिसने वर्ष 2020** में वैकल्पिक मांस की बिक्री को मंज़ूरी दी थी। **अतः कथन 3 सही है।**

मांस उत्पादन के लिये कोशिका-संवर्धन तकनीक का महत्त्व:

- **जलवायु शमन:**
  - **पशुधन उत्पादन** से जुड़े **ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन** को कम करने के लिये प्रयोगशालाओं में तैयार किया जाने मांस एक संभावित समाधान व विकल्प प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - खाद्य और कृषि संगठन (Food and Agriculture Organization- FAO) के अनुसार, वैश्विक मानवजनित GHG उत्सर्जन (मुख्य रूप से मीथेन और नाइट्रस ऑक्साइड के रूप में) में पशुधन उत्पादन का योगदान लगभग 14.5% है।
- **भूमि उपयोग दक्षता:**
  - **पारंपरिक मांस** उत्पादन विधियों की तुलना में **कोशिका-संवर्द्धित मांस** के लिये काफी कम भूमि की आवश्यकता होती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - वर्ष 2021 की एक रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि प्रयोगशाला में तैयार किये गए मांस में चिकन के मामले में 63% कम भूमि और सूअर के मांस के मामले में 72% कम भूमि का उपयोग होगा।

**168. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत, मैक्सिको और चीन वर्ष 2022 में प्रेषण के शीर्ष तीन प्राप्तकर्त्ताओं के रूप में उभरे हैं।
2. भारत के प्रेषण का 35% से अधिक केवल अमेरिका में उच्च कुशल भारतीय प्रवासियों से प्राप्त होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- विश्व बैंक के नवीनतम माइग्रेशन एंड डेवलपमेंट ब्रीफ के अनुसार, भारत में वर्ष 2022 में कुल प्रेषण 111 बिलियन अमेरिकी डॉलर के रूप में रिकॉर्ड-उच्च स्तर पर था, परंतु वर्ष 2023 में प्रेषण प्रवाह में केवल 0.2% की न्यूनतम वृद्धि होने का अनुमान है।
  - वर्ष 2022 में शीर्ष पाँच प्रेषण प्राप्तकर्त्ता देश "भारत, मैक्सिको, चीन, फिलीपींस और पाकिस्तान" थे। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत के प्रेषण का लगभग **36% तीन उच्च आय वाले देशों** क्रमशः **अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और सिंगापुर में उच्च कुशल भारतीय प्रवासियों** से प्राप्त होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - महामारी के बाद की रिकवरी ने इन क्षेत्रों में एक तंग श्रम बाज़ार का नेतृत्व किया है जिसके परिणामस्वरूप वेतन वृद्धि हुई जिसने प्रेषण को बढ़ावा दिया।

**169. भारत अवसंरचना परियोजना विकास वित्तपोषण (India Infrastructure Project Development Fund- IIPDF) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वर्तमान में एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना के रूप में प्रशासित है।
2. यह ब्याज मुक्त ऋण के रूप में प्रायोजक प्राधिकरण को परियोजना विकास व्यय का 50% तक योगदान देता है।
3. यह एक अनुमोदन समिति द्वारा प्रशासित होता है जिसका अध्यक्ष आर्थिक कार्य विभाग का संयुक्त सचिव होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत अवसंरचना परियोजना विकास वित्तपोषण (India Infrastructure Project Development Fund- IIPDF) को आर्थिक मामलों के विभाग (DEA), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के प्रारंभिक कोष के साथ बनाया गया था। सार्वजनिक निजी भागीदारी (PPP) परियोजनाओं के विकास का समर्थन करने के लिये 100 करोड़ रुपए के कोष के साथ एक परिक्रामी निधि की स्थापना।
    - DEA ने वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक तीन वर्ष की अवधि के लिये 150 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना के रूप में मौजूदा फंड IIPDF का पुनर्गठन किया है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - यह परियोजना विकास लागत को पूरा करने के लिये PPP परियोजनाओं के प्रायोजक प्राधिकरणों के लिये उपलब्ध है।
- **वित्तीय परिव्यय:**
    - IIPDF ब्याज मुक्त ऋण के रूप में प्रायोजक प्राधिकरण को परियोजना विकास व्यय का 75% तक योगदान देगा। शेष 25% प्रायोजक प्राधिकरण द्वारा सह-वित्तपोषित किया जाएगा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - बोली/बिडिंग (Bidding) प्रक्रिया के सफल समापन पर सफल बिडर (Bidder) से परियोजना विकास व्यय की मांग की जाएगी।
        - हालाँकि असफल बिडिंग की स्थिति में ऋण को अनुदान में परिवर्तित कर दिया जाएगा।
    - यदि किसी कारण से प्रायोजक प्राधिकरण द्वारा बोली प्रक्रिया समाप्त नहीं की जाती है, तो योगदान की गई पूरी राशि IIPDF को वापस कर दी जाएगी।
- **अनुमोदन समिति (Approval Committee- AC):**
    - IIPDF योजना का प्रशासन अनुमोदन समिति द्वारा किया जाता है। अनुमोदन समिति की संरचना इस प्रकार है::
        - आर्थिक कार्य विभाग का संयुक्त सचिव- अध्यक्ष, अत: कथन 3 सही है।
        - नीति आयोग के प्रतिनिधि
        - उप सचिव/निजी निवेश इकाई, आर्थिक कार्य विभाग- सदस्य सचिव

**170. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अमेरिका और भारत के बीच उच्च ब्याज दर का अंतर अमेरिका एवं भारत को विदेशी निवेशकों के लिये एक आकर्षक विकल्प बनाता है।
2. भारत में उच्च आयातित मुद्रास्फीति (आयातित वस्तुओं की कीमत)।
3. भारत के ऋण और इक्विटी बाज़ारों से उच्च पूंजी का बहिर्वाह तथा भारत के लिये परिसंपत्ति की कीमतों में गिरावट।

अमेरिकी फेडरल रिज़र्व की नीतिगत दरों में वृद्धि के लिये उपर्युक्त में से कौन-से परिणाम सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- हाल ही में **अमेरिकी फेडरल रिज़र्व** नीति की बैठक ने नीति दर को 5.25% पर अपरिवर्तित रखते हुए भारत की **ब्याज दरों** और बाज़ारों पर अटकलों को तेज़ कर दिया है, साथ ही वर्ष 2023 के अंत तक दो दरों में बढ़ोतरी के 6% तक पहुँचने का संकेत दिया है।
- फेडरल नीति विभिन्न चैनलों/कारकों के माध्यम से भारतीय बाज़ारों को प्रभावित करती है जैसे:
    - **विनिमय दर चैनल:** फेडरल की दर में वृद्धि **भारतीय रुपए सहित अन्य मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर को मज़बूत** करती है।
        - कमज़ोर रुपया उन भारतीय उधारकर्त्ताओं के लिये ऋण सेवा लागत भी बढ़ाता है जिन्होंने विदेशी मुद्रा में ऋण लिया है।
    - **पूंजी प्रवाह चैनल:** फेडरल की दर में बढ़ोतरी **अमेरिका और भारत के बीच ब्याज दर के अंतर को भी कम** करती है जो उच्च रिटर्न की इच्छा रखने वाले विदेशी निवेशकों के लिये भारत को कम आकर्षक बनाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
        - इससे भारत के इक्विटी और ऋण बाज़ारों से पूंजी का बहिर्वाह हो सकता है, जिससे परिसंपत्ति की कीमतें कम हो सकती हैं और अस्थिरता बढ़ सकती है। अत: कथन 2 सही है।
        - पूंजी का बहिर्वाह भी भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को कम कर सकता है और घरेलू बाज़ारों में तरलता की कमी की स्थिति उत्पन्न कर सकता है।
    - **मुद्रास्फीति चैनल:** फेडरल रिज़र्व की दर में बढ़ोतरी भी दो तरह से भारत की मुद्रास्फीति को प्रभावित कर सकती है।

- सबसे पहले कमज़ोर रुपया भारत हेतु आयातित मुद्रास्फीति को बढ़ा सकता है, क्योंकि इससे तेल, सोना और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे आयातित वस्तुओं की लागत बढ़ जाती है। अत: कथन 3 सही है।
- दूसरा मज़बूत अमेरिकी मांग के कारण उच्च वैश्विक कमोडिटी की कीमतें भी भारत की घरेलू मुद्रास्फीति को बढ़ा सकती हैं, क्योंकि यह कृषि, विनिर्माण और सेवाओं जैसे विभिन्न क्षेत्रों हेतु इनपुट लागत को प्रभावित करती है।

**171. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अवस्फीति की एक स्वस्थ दर आवश्यक है क्योंकि यह अर्थव्यवस्था को अत्यधिक प्रभावित होने से रोकती है।
2. मुद्रास्फीति किसी देश की मुद्रा की एक इकाई की क्रय शक्ति में कमी का सूचक है।
3. मुद्रास्फीति को मुख्य रूप से थोक मूल्य सूचकांक (WPI) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) द्वारा मापा जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अपस्फीति:**

- **परिचय:**
  - अपस्फीति मुद्रास्फीति की दर में कमी को संदर्भित करती है, **जिसका अर्थ है कीमतें अभी भी बढ़ रही हैं लेकिन पहले की तुलना में धीमी गति से।**
    - यह ध्यान रखना महत्त्वपूर्ण है कि अवस्फीति, अवस्फीति से अलग है, जो समग्र मूल्य स्तर में निरंतर कमी को संदर्भित करती है।
    - अवस्फीति की एक स्वस्थ दर आवश्यक है क्योंकि यह अर्थव्यवस्था को अत्यधिक प्रभावित होने से रोकती है। अत: कथन 1 सही है।

**मुद्रास्फीति और अपस्फीति:**

- **मुद्रास्फीति दैनिक या सामान्य उपयोग की अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में वृद्धि को संदर्भित** करती है, जैसे कि भोजन, कपड़े, आवास, मनोरंजन, परिवहन, उपभोक्ता वस्तुएँ आदि।
  - मुद्रास्फीति समय के साथ वस्तुओं और सेवाओं के औसत मूल्य परिवर्तन को मापती है।
  - वस्तुओं की इस बास्केट के मूल्य सूचकांक में विपरीत और दुर्लभ गिरावट को 'अपस्फीति' कहा जाता है।
- मुद्रास्फीति किसी देश की मुद्रा की एक इकाई की क्रय शक्ति में कमी का संकेत है। इसे प्रतिशत में मापा जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

- **मूल्यांकन:**
  - भारत में मुद्रास्फीति को मुख्य रूप से दो मुख्य सूचकांकों- **थोक मूल्य सूचकांक** (Wholesale Price Index- WPI) और **उपभोक्ता मूल्य सूचकांक** (Consumer Price Index- CPI) द्वारा मापा जाता है, जो क्रमश: थोक और खुदरा स्तर के मूल्य परिवर्तनों को मापते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**172. अकाउंट एग्रीगेटर (AA) सिस्टम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2016 में RBI (भारतीय रिज़र्व बैंक) ने AA को NBFC (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों) के एक नए वर्ग के रूप में मंज़ूरी दी।
2. AA वित्तीय सूचना प्रदाताओं (FIU) और वित्तीय सूचना उपयोगकर्त्ताओं (FIU) के बीच डेटा के प्रवाह को सक्षम करता है।
3. AA का आर्किटेक्चर डेटा एम्पावरमेंट एंड प्रोटेक्शन आर्किटेक्चर (DEPA) फ्रेमवर्क पर आधारित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अकाउंट एग्रीगेटर प्रणाली:**

- 'अकाउंट एग्रीगेटर' (AA) का आशय एक ऐसे **फ्रेमवर्क से है,** जो **विनियमित संस्थाओं (बैंकों और NBFCs) के बीच वास्तविक समय और 'डेटा-ब्लाइंड'** (इसके माध्यम से प्रवाहित डेटा पूर्णत: एन्क्रिप्टेड होता है) के माध्यम से वित्तीय जानकारी साझा करने की सुविधा प्रदान करता है।
- **'भारतीय रिज़र्व बैंक' ने वर्ष 2016 में 'अकाउंट एग्रीगेटर' को 'गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों' (NBFCs) के एक नए वर्ग के रूप में मंज़ूरी** दी थी, जिसकी प्राथमिक ज़िम्मेदारी उपयोगकर्त्ता के वित्तीय डेटा को उसकी स्पष्ट सहमति से स्थानांतरित करने की सुविधा प्रदान करना है। **अत: कथन 1 सही है।**

- यह **वित्तीय सूचना प्रदाताओं (FIPs) और वित्तीय सूचना उपयोगकर्त्ताओं (FIUs) के बीच डेटा के प्रवाह को सक्षम** बनाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- 'अकाउंट एग्रीगेटर' (AA) की संरचना **'डेटा एम्पावरमेंट एंड प्रोटेक्शन आर्किटेक्चर' (DEPA)** फ्रेमवर्क पर आधारित है। **अतः कथन 3 सही है।**
    - DEPA एक ऐसा आर्किटेक्चर है, जो उपयोगकर्त्ताओं को सुरक्षित रूप से अपने डेटा तक पहुँच प्रदान करता है और इसे तीसरे पक्ष के साथ साझा करने की सुविधा देता है।

**173. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी (NBS) व्यवस्था के तहत मोलिब्डेनम (Mo) और जिंक जैसे माध्यमिक तथा सूक्ष्म पोषक तत्त्वों वाले समृद्ध उर्वरकों को अतिरिक्त सब्सिडी दी जाती है।
2. NBS नीति का उद्देश्य P और K उर्वरकों की खपत को बढ़ाना है ताकि NPK उर्वरीकरण का इष्टतम संतुलन (N:P: K= 4:2:1) प्राप्त किया जा सके।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी (NBS) व्यवस्था के तहत इन उर्वरकों में निहित पोषक तत्त्वों (N, P, K और S) के आधार पर किसानों को रियायती दरों पर उर्वरक प्रदान किये जाते हैं।
    - साथ ही मोलिब्डेनम (Mo) और जिंक जैसे माध्यमिक तथा सूक्ष्म पोषक तत्त्वों वाले समृद्ध उर्वरकों को अतिरिक्त सब्सिडी दी जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- P और K उर्वरकों पर सब्सिडी की घोषणा सरकार द्वारा वार्षिक आधार पर प्रत्येक पोषक तत्त्व के लिये प्रति किलोग्राम के तौर पर की जाती है जो P और K उर्वरकों की अंतर्राष्ट्रीय एवं घरेलू कीमतों, विनिमय दर, देश में इन्वेंट्री स्तर आदि को ध्यान में रखते हुए निर्धारित की जाती है।
- NBS नीति का उद्देश्य P और K उर्वरकों की खपत को बढ़ाना है ताकि NPK उर्वरीकरण का इष्टतम संतुलन (N:P: K= 4:2:1) प्राप्त किया जा सके। **अतः कथन 2 सही है।**

**174. निम्नलिखित में से कौन-सा 'एप्लीकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड अमाउंट' (ASBA) सुविधा के उद्देश्य को सबसे अच्छा दर्शाता है?**

A. आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (IPO) में निवेशकों को भाग लेने में सक्षम बनाने के लिये।

B. खुदरा योजनाओं में प्रत्यक्ष निवेश की सुविधा के लिये।

C. उच्च मूल्य के लेन-देन पर नज़र रखने के लिये।

D. IPO जारीकर्त्ता या स्टॉक ब्रोकर को अग्रिम धन हस्तांतरित करने के लिये।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- ASBA निवेशकों के लिये प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (IPO) में भाग लेने और शेयर बाज़ार में निवेश करने की एक सुविधा है।
    - यह निवेशकों को **IPO जारीकर्त्ता या स्टॉक ब्रोकर को अग्रिम धन हस्तांतरित किये बिना शेयरों के लिये आवेदन करने में सक्षम बनाता** है। इसके बजाय शेयर आवंटित किये जाने तक **निवेशक के आवेदन का पैसा उनके बैंक खाते में अस्थायी रूप से अवरुद्ध कर दिया जाता है। अतः विकल्प A सही है।**

**175. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस वर्ष 2019 के बाद से प्रत्येक वर्ष 7 जून को मनाया जाता है।
2. तमिलनाडु ने 5वें राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक में बड़े राज्यों में शीर्ष रैंक हासिल की।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस:**

- **विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस,** एक वैश्विक अभियान है जिसका उद्देश्य खाद्य जनित जोखिमों को **रोकने, उनका पता लगाने और उनका प्रबंधन करने में मदद करने के लिये ध्यान आकर्षित करना और कार्रवाई** को प्रेरित करना है।
    - **यह संयुक्त राष्ट्र महासभा** के एक प्रस्ताव के बाद वर्ष 2019 के बाद से प्रत्येक वर्ष 7 जून को मनाया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस अभियान का नेतृत्व विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) द्वारा सदस्य देशों और अन्य संबंधित संगठनों के सहयोग से किया जाता है।
- **वर्ष 2023 की थीम: Food Standards Save Life ( खाद्य मानक जीवन बचाते हैं )।**

**राज्य के खाद्य सुरक्षा सूचकांक:**

- **परिचय:** FSSAI ने खाद्य सुरक्षा के विभिन्न मापदंडों पर **राज्यों के प्रदर्शन को मापने के लिये राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक (पहली बार 2018-19 में लॉन्च किया गया)** विकसित किया है।
- **मापदंड:** यह सूचकांक मानव संसाधन और संस्थागत डेटा, अनुपालन, खाद्य परीक्षण - बुनियादी ढाँचे और निगरानी, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण और उपभोक्ता अधिकारिता जैसे पाँच महत्त्वपूर्ण मानकों पर राज्य / केंद्रशासित प्रदेश के प्रदर्शन पर आधारित है।
    - सूचकांक एक गतिशील मात्रात्मक और गुणात्मक बेंचमार्किंग मॉडल है जो सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में खाद्य सुरक्षा के मूल्यांकन के लिये एक वस्तुनिष्ठ ढाँचा प्रदान करता है।
- **शीर्ष प्रदर्शनकर्ताओं की पहचान:** केरल ने बड़े राज्यों में शीर्ष रैंक हासिल की इसके बाद पंजाब और तमिलनाडु का स्थान रहा है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - मणिपुर और सिक्किम के साथ छोटे राज्यों में गोवा अग्रणी के रूप में उभरा है।
    - जम्मू और कश्मीर, दिल्ली और चंडीगढ़ ने केंद्रशासित प्रदेशों में शीर्ष तीन स्थानों हासिल की है।

**176. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** सरकार 22 अनविार्य फसलों के लयि MSP और गन्ने के लयि उचति और लाभकारी मूल्य (FRP) की घोषणा करती है।

**कथन-II:** आर्थकि मामलों की मंत्रमिंडलीय समति MSP के स्तर पर अंतमि नर्णिय (अनुमोदन) लेती है जो कृष लागत तथा मूल्य आयोग की सफािरशिों पर आधारति होता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- MSP किसानों को भुगतान की जाने वाली गारंटीकृत राशि है जिस पर सरकार उनकी उपज खरीदती है।
- सरकार **22 अनिवार्य फसलों के लिये MSP** और गन्ने के लिये उचित और लाभकारी मूल्य (FRP) की घोषणा करती है।
    - अनिवार्य फसलें खरीफ मौसम की 14 फसलें, 6 रबी फसलें और दो अन्य व्यावसायिक फसलें हैं।
    - इसके अलावा तोरिया और छिलके वाले नारियल का MSP क्रमश: तोरिया/सरसों और खोपरा के MSP के आधार पर तय किया जाता है। **अत: कथन-I सही है।**
- MSP कृषि लागत और मूल्य आयोग (CACP) की सिफारिशों पर आधारित होती है, जिसमें उत्पादन की लागत, मांग और आपूर्ति, बाज़ार मूल्य के रुझान, अंतर-फसल मूल्य समानता आदि जैसे विभिन्न कारकों पर विचार किया जाता है।
    - CACP कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का एक संबद्ध कार्यालय है। यह जनवरी 1965 में अस्तित्व में आया।
- भारत के प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) MSP के स्तर पर अंतिम निर्णय (अनुमोदन) लेती है। **अत: कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।**
- MSP का उद्देश्य उत्पादकों को उनकी उपज के लिये लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करना और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करना है।

**177. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में आयात और निर्यात में गिरावट वैश्विक मांग में कमी की व्यापक प्रवृत्ति का संकेत है।
2. विभिन्न देशों में बढ़ती मुद्रास्फीति और मौद्रिक नीतियों को मज़बूत करने से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- अप्रैल 2023 में भारत का व्यापारिक निर्यात पिछले वर्ष की तुलना में 12.7% कम हुआ।
- भारत में आयात और निर्यात दोनों में गिरावट रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण वैश्विक मांग में कमी की व्यापक प्रवृत्ति का संकेत है। **अत: कथन 1 सही है।**
- विभिन्न देशों में बढ़ती मुद्रास्फीति और मौद्रिक नीतियों को मज़बूत करने से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**178. निगम कर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. निगम कर कंपनी अधिनियम 1956 के तहत, भारत में पंजीकृत सार्वजनिक और निजी दोनों कंपनियों द्वारा देय है।
2. यह एक कंपनी की निवल आय पर लगाया गया प्रत्यक्ष कर है।
3. निगम कर की उच्च दर किसी देश या क्षेत्र को निवेश के लिये कम आकर्षक बना सकती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**निगम कर:**

- **परिचय:**
  - **निगम कर (Corporate Tax)** कंपनी अधिनियम 1956 के तहत भारत में पंजीकृत **सार्वजनिक और निजी दोनों कंपनियों** द्वारा देय है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **निगम कर** एक **प्रत्यक्ष कर** है जो किसी कंपनी की निवल आय या उसके संचालन से लाभ पर लगाया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - निगम कर कॉर्पोरेशन के निवल लाभ पर लगाया जाता है, जिसकी गणना निगम के कुल राजस्व से बेचे गए माल की लागत, परिचालन व्यय और मूल्यह्रास जैसे स्वीकार्य खर्चों को घटाकर की जाती है।
- **महत्त्व:**
  - निगम कर **सरकारों के लिये राजस्व का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत** है क्योंकि यह सार्वजनिक वस्तुओं एवं सेवाओं जैसे स्कूलों, अस्पतालों, सड़कों तथा सुरक्षा को वित्तपोषित करने में मदद करता है।
  - अन्य वस्तुएँ और सेवाएँ जैसे स्कूल, अस्पताल, सड़कें और सुरक्षा उपलब्ध करता है।
  - निगम कर **धन के पुनर्वितरण और आय असमानता को दूर करने में भी एक भूमिका निभाता है** क्योंकि यह उन निगमों पर अधिक कर का बोझ डालता है जो अधिक लाभदायक हैं।
  - इसके अलावा **निगम कर** के अन्य **आर्थिक और सामाजिक प्रभाव** भी हो सकते हैं।
    - उदाहरण के लिये, निगम कर व्यवसायों की प्रतिस्पर्द्धात्मकता को प्रभावित कर सकता है क्योंकि उच्च निगम कर दर किसी देश या क्षेत्र को कम कर दरों वाले अन्य न्यायालयों की तुलना में निवेश के लिये कम प्रभावी बना सकती है। अतः कथन 3 सही है।
  - **निगम कर, व्यवसाय के स्थान और प्रकार** को भी प्रभावित कर सकता है जो एक अधिकार क्षेत्र में संचालित होते हैं क्योंकि व्यवसाय **कराधान परिदृश्य** के आधार पर किसी विशेष क्षेत्र में निवेश करने की अधिक या कम संभावना हो सकती है।

**179. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) एक दीर्घकालिक निवेश है।
2. विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) एक अल्पकालिक निवेश है।
3. FDI की मंज़ूरी केवल उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (DPIIT) द्वारा प्रशासित की जाती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) विदेशी संस्थाओं/निवेशकों द्वारा एक अलग देश में स्थित व्यवसायों और परिसंपत्तियों में किया जाता है। यह एक दीर्घकालिक निवेश है। अतः कथन 1 सही है।
- विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) विदेशी निवेशकों, संस्थानों द्वारा फ्लाई बाई नाइट/हॉट मनी (Fly by Night/Hot Money) के रूप में जानी जाने वाली वित्तीय संपत्तियों में किया जाता है। यह एक अल्पकालिक निवेश है। अतः कथन 2 सही है।
- FDI की मंज़ूरी उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (DPIIT) तथा RBI द्वारा प्रशासित है। अतः कथन 3 सही नहीं है।

**180. एवरग्रीनिंग लोन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक ऐसे उधारकर्त्ता को नए या अतिरिक्त ऋण देने की प्रथा है जो मौजूदा ऋणों को चुकाने में असमर्थ है।
2. एवरग्रीनिंग लोन बैंकों की परिसंपत्ति की गुणवत्ता और लाभप्रदता की नकारात्मक धारणा बना सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**एवरग्रीनिंग लोन:**

- **परिचय:**
  - एवरग्रीनिंग लोन, **ज़ोंबी ऋण का एक रूप** है, यह एक उधारकर्त्ता, **जो वर्तमान में प्राप्त ऋणों को चुकाने में असमर्थ** है, को **नए या अतिरिक्त ऋण देने का एक तरीका है**, जिससे **गैर-निष्पादित आस्तियों (NPA) या बैड लोन की वास्तविक स्थिति को छुपाया जाता** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **एवरग्रीनिंग लोन के लिये प्रयुक्त दृष्टिकोण:**
  - NPA के रूप में वर्गीकृत करने से बचने के लिये दो **उधारदाताओं के बीच ऋण या ऋण उपकरणों को बेचना और खरीदना**।
  - **अच्छे कर्ज़दारों के डिफॉल्ट को छिपाने के लिये दवाबयुक्त कर्ज़दारों के साथ** संरचित सौदे करने पर सहमति व्यक्त करना।
  - उधारकर्त्ताओं के **पुनर्भुगतान दायित्वों को समायोजित करने के लिये आंतरिक या कार्यालयी खातों का उपयोग** करना।
  - **दवाबयुक्त उधारकर्त्ताओं या संबंधित संस्थाओं को पहले के ऋणों के भुगतान** की तारीख के आस-पास नए ऋणों का नवीनीकरण या वितरण करना।
- **प्रभाव:**
  - एवरग्रीनिंग लोन **बैंकों की परिसंपत्ति की गुणवत्ता और लाभप्रदता की नकारात्मक धारणा बना सकते हैं** और दबावयुक्त परिसंपत्तियों की पहचान और उनके समाधान में देरी कर सकते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यह ऋण **अनुशासन के साथ उधारकर्त्ताओं के बीच नैतिक जोखिम को भी कम कर सकता है** तथा जमाकर्त्ताओं, निवेशकों और नियामकों के विश्वास को समाप्त कर सकता है।

**181. नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें इंटरनेट एक्सचेंज पॉइंट्स के निर्माण के लिये डॉटइन डोमेन, डिजिटल पहचान के निर्माण हेतु डॉटइन रजिस्ट्री, IPv4 के लिये IRINN और IPv4 IPv6 अड्रेस अपनाने तथा NIXI-CSS के तहत डेटा स्टोरेज सेवाओं हेतु डेटा सेंटर सेवाएँ शामिल हैं।
2. यह इंडियन रजिस्ट्री फॉर इंटरनेट नेम्स एंड नंबर्स (IRINN), इंटरनेट प्रोटोकॉल (IPv4/IPv6) का प्रबंधन और संचालन की सुविधा प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया (NIXI):**

- वर्ष 2003 में स्थापित NIXI एक गैर-लाभकारी (कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8) कंपनी है और यह इंटरनेट इकोसिस्टम को सक्षम करने के लिये **विभिन्न बुनियादी ढाँचे के पहलुओं को सुविधाजनक बनाकर भारत में इंटरनेट पैठ सुनिश्चित करने** का कार्य करती है।
- NIXI के अंतर्गत आने वाली चार सेवाएँ IXPs की स्थापना कर रही हैं, इसमें इंटरनेट एक्सचेंज पॉइंट्स के निर्माण के लिये डॉटइन डोमेन, डिजिटल पहचान के निर्माण हेतु डॉटइन रजिस्ट्री, IPv4 के लिये IRINN और IPv4 IPv6 अड्रेस अपनाने तथा NIXI-CSS के तहत डेटा स्टोरेज सेवाओं हेतु डेटा सेंटर सेवाएँ शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- **यह इंडियन रजिस्ट्री फॉर इंटरनेट नेम्स एंड नंबर्स** (IRINN), इंटरनेट प्रोटोकॉल (IPv4/IPv6) का प्रबंधन और संचालन की सुविधा प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**182. वित्त आयोग की 2021-2026 की सिफारिश के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वित्त आयोग ने सिफारिश की कि 2021-26 की अवधि हेतु केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी 41% होनी चाहिये।
2. करों के क्षैतिज विचलन (राज्यों के बीच आवंटन) हेतु इसने जनसांख्यिकीय प्रदर्शन को 12.5% और आबादी एवं क्षेत्र को 15% महत्त्व दिया है।
3. अनुच्छेद 370 के निरसन ने वित्त आयोग की सिफारिश को प्रभावित किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक कथन
B. केवल दो कथन
C. केवल तीन कथन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कर अंतरण (Tax Devolution):**

हाल ही में केंद्र सरकार ने जून 2023 में राज्य सरकारों को कर अंतरण (Tax Devolution) की तीसरी किस्त के रूप में 1,18,280 करोड़ रुपए जारी किये, जबकि सामान्य मासिक अंतरण 59,140 करोड़ रुपए है।

- कर अंतरण केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच कर राजस्व के वितरण को संदर्भित करता है। यह संघ तथा **राज्यों के बीच उचित एवं न्यायसंगत तरीके से कुछ करों की आय को आवंटित करने के लिये स्थापित एक संवैधानिक तंत्र** है।
- भारत के संविधान के अनुच्छेद 280(3)A. में कहा गया है कि **वित्त आयोग** (FC) की ज़िम्मेदारी संघ और राज्यों के बीच करों की शुद्ध आय के विभाजन के संबंध में सिफारिशें करना है।
- **15वें वित्त आयोग की प्रमुख सिफारिशें:**
  - **केंद्रीय करों में राज्यों का हिस्सा (ऊर्ध्वाधर अंतरण):**
- वर्ष 2021-26 की अवधि के लिये केंद्रीय करों में राज्यों की **हिस्सेदारी 41%** करने की सिफारिश की गई है, जो कि वर्ष 2020-21 के बराबर है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह **वर्ष 2015-20 की अवधि के लिये 14वें वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित 42% हिस्सेदारी** से कम है।
  - केंद्र के संसाधनों से नवगठित केंद्रशासित प्रदेशों **जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लिये 1% का समायोजन** प्रदान करना है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - **क्षैतिज विचलन (राज्यों के बीच आवंटन):**
- क्षैतिज विचलन हेतु इसने **जनसांख्यिकीय प्रदर्शन के लिये 12.5%, आय के लिये 45%, जनसंख्या तथा क्षेत्र दोनों के लिये 15%,** वन एवं पारिस्थितिकी के लिये 10% और कर एवं वित्तीय प्रयासों के लिये 2.5% के अधिभार का सुझाव दिया है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - **राज्यों को राजस्व घाटा अनुदान:**
- राजस्व घाटे को राजस्व या वर्तमान व्यय और राजस्व प्राप्तियों के बीच अंतर के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिसमें कर एवं गैर-कर शामिल हैं।
- इसने वित्त वर्ष 2026 को समाप्त पाँच साल की अवधि में लगभग 3 ट्रिलियन रुपए के हस्तांतरण के बाद राजस्व घाटे के अनुदान की सिफारिश की है।

**183. सहकारी बैंकों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वे शेयरों के माध्यम से धन इकट्ठा करने, जमा स्वीकार करने और ऋण देने हेतु स्थापित किये गए हैं।
2. त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (PCA) ढाँचा केवल सहकारी बैंकों पर लागू होता है।
3. वे संबंधित राज्य के सहकारी समिति अधिनियम या बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 के तहत पंजीकृत हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- यह साधारण बैंकिंग व्यवसाय से निपटने के लिये सहकारी आधार पर स्थापित एक संस्था है। एक सहकारी बैंक **शुरू करने के लिये जमा और ऋण के साथ-साथ शेयरों की बिक्री के माध्यम से धन जुटाया जाता है। अतः कथन 1 सही है।**
  - शीघ्र सुधारात्मक कार्रवाई (PCA) ढाँचा **केवल वाणिज्यिक बैंकों** पर लागू होता है और इसे सहकारी बैंकों तथा गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFC) तक विस्तारित नहीं किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- वे **सहकारी ऋण समितियाँ** हैं जहाँ एक समुदाय के सदस्य अनुकूल शर्तों पर एक-दूसरे को ऋण देने के लिये एक साथ आते हैं।
- वे संबंधित राज्य के **सहकारी समिति अधिनियम या बहु-राज्य सहकारी समिति** अधिनियम, 2002 के तहत पंजीकृत हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
- **सहकारी बैंकों** द्वारा शासित हैं,
  - बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949
  - बैंकिंग कानून (सहकारी समितियाँ) अधिनियम, 1955
- वे मोटे तौर पर **शहरी और ग्रामीण सहकारी बैंकों में** विभाजित हैं।

**184. गैर-निष्पादित संपत्ति (NPA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NPA उन ऋणों या अग्रिमों के वर्गीकरण को संदर्भित करता है जो डिफॉल्ट रूप से हैं या मूलधन या ब्याज के निर्धारित भुगतान पर बकाया हैं।
2. जब ऋण भुगतान 60 दिनों की न्यूनतम अवधि में नहीं किया जाता है तो ऋण को गैर-निष्पादित के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।
3. सकल NPA उन सभी ऋणों का योग है जो व्यक्तियों द्वारा भुगतान नहीं किये गए हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**गैर-निष्पादित संपत्ति (NPA):**

- **NPA उन ऋणों या अग्रिमों के वर्गीकरण को संदर्भित** करता है जो डिफॉल्ट रूप से हैं या मूलधन या ब्याज के निर्धारित भुगतान पर बकाया हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
  - ज़्यादातर मामलों में **ऋण को तब गैर-निष्पादित के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जब 90 दिनों की न्यूनतम अवधि** तक ऋण भुगतान नहीं किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - कृषि की यदि द्वि-फसली मौसमों के लिये मूलधन और ब्याज का भुगतान नहीं किया जाता है, तो ऋण को NPA के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।
- **सकल NPA:**
  - सकल NPA उन सभी ऋणों का योग है जो व्यक्तियों द्वारा भुगतान नहीं किये जाते हैं।
- **कुल NPA:**
  - कुल NPA वह राशि है जो प्रावधान राशि को सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों से घटाए जाने के बाद प्राप्त होती है।

**185. संप्रभु स्वर्ण बॉण्ड योजना (Sovereign Gold Bond Scheme) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. SGB की अवधि 8 वर्ष की होगी, जिसमें 5वें वर्ष के बाद समय से पहले भुनाने का विकल्प होगा।
2. SGB को ऋणों के लिये संपार्श्विक के रूप में प्रयोग किया जा सकता है।
3. SGBs को सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के माध्यम से बेचा जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**योजना संबंधी प्रमुख विवरण:**

**186. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** मार्केटप्लेस मॉडल में 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की अनुमति है, जबकि इन्वेंट्री-आधारित मॉडल में FDI की अनुमति नहीं है।

**कथन-II:** भारत में ई-कॉमर्स क्षेत्र के लिये कोई समर्पित नियामक नहीं है।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है किंतु, कथन II गलत है
D. कथन-I गलत है, किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: B.**

**व्याख्या:**

- ई-कॉमर्स क्षेत्र के लिये एक नियामक स्थापित करने की संभावना पर विचार किया जा रहा है लेकिन इसके क्रियान्वयन में समय लग सकता है। **अत: कथन II सही है।**
- स्थानीय व्यापारियों के संघ ई-कॉमर्स नियमों को लागू करने और उल्लंघनों को रोकने के लिये एक सशक्त नियामक निकाय की वकालत करते रहे हैं।
- मार्केटप्लेस मॉडल में 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की अनुमति है, जबकि इन्वेंट्री-आधारित मॉडल में FDI की अनुमति नहीं है। **अत: कथन I सही है।**
- अत: कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

**187. RBI द्वारा चलनिधि प्रबंधन के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

1. **रेपो दर:** वह ब्याज दर जिस पर रिज़र्व बैंक चलनिधि समायोजन सुविधा (LAF) के तहत सरकार और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों के संपार्श्विक पर बैंकों को रातों-रात चलनिधि प्रदान करता है।
2. **रिवर्स रेपो दर:** वह ब्याज दर जिस पर रिज़र्व बैंक LAF के तहत बैंकों से रातों-रात आधार पर तरलता प्राप्त करता है।
3. **सीमांत स्थायी सुविधा (MSF):** यह एक ऐसी सुविधा है जिसके तहत अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक रिज़र्व बैंक से ओवरनाइट मुद्रा की अतिरिक्त राशि को एक सीमा तक अपने सांविधिक चलनिधि अनुपात (SLR) पोर्टफोलियो में गिरावट कर ब्याज की दंडात्मक दर ले सकते हैं।

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक युग्म
B. केवल दो युग्म
C. सभी तीनों युग्म
D. कोई भी युग्म नहीं

**उत्तर: C.**

**व्याख्या:**

| | |
|---|---|
| रेपो दर | ● वह ब्याज दर जिस पर रिज़र्व बैंक **चलनिधि समायोजन सुविधा ( LAF )** के तहत सरकार और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों के संपार्श्विक पर बैंकों को रातों-रात चलनिधि प्रदान करता है। |
| रिवर्स रेपो दर | ● वह ब्याज दर जिस पर रिज़र्व बैंक LAF के तहत बैंकों से रातों-रात आधार पर तरलता प्राप्त करता है। |
| तरलता समायोजन सुविधा | ● LAF में रातों-रात और साथ ही सावधि रेपो नीलामियाँ शामिल हैं।<br>● सावधि रेपो का उद्देश्य इंटरबैंक सावधिक मनी मार्केट के विकास में मदद करना है, जो बदले में ऋण और जमा के मूल्य निर्धारण के लिये बाज़ार आधारित बेंचमार्क निर्धारित कर सकता है तथा इस प्रकार मौद्रिक नीति के हस्तांतरण में सुधार करता है।<br>● RBI परिवर्तनीय ब्याज दर रिवर्स रेपो नीलामी भी आयोजित करता है, जैसा कि बाज़ार की स्थितियों के तहत आवश्यक है। |
| सीमांत स्थायी सुविधा ( MSF ) | ● यह एक ऐसी सुविधा है जिसके तहत अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक रिज़र्व बैंक से ओवरनाइट मुद्रा की अतिरिक्त राशि को एक सीमा तक अपने सांविधिक चलनिधि अनुपात (SLR) पोर्टफोलियो में गिरावट कर ब्याज की दंडात्मक दर ले सकते हैं।<br>● यह बैंकिंग प्रणाली को अप्रत्याशित चलनिधि झटकों के खिलाफ सुरक्षा वाल्व का कार्य करती है। |
| कॉरिडोर | ● MSF दर और रिवर्स रेपो दर भारित औसत कॉल मनी दर में दैनिक संचलन के लिये कॉरिडोर को निर्धारित करते हैं। |
| बैंक दर | ● यह वह दर है, जिस पर रिज़र्व बैंक विनिमय बिल या अन्य वाणिज्यिक पत्रों को खरीदने या बदलने के लिये तैयार है। **बैंक दर भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 49 के तहत प्रकाशित** की गई है।<br>● यह दर MSF दर से जुड़ी हुई है और इसलिये जब MSF दर पॉलिसी रेपो रेट के साथ बदलती है तो स्वचालित रूप से परिवर्तित होती है। |
| नकद आरक्षित अनुपात ( CRR ) | ● निवल मांग और समय देयताओं की हिस्सेदारी जो बैंकों को रिज़र्व बैंक में नकदी शेष के रूप में रखनी होती है और इसे रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर भारत के राजपत्र में अधिसूचित किया जाता है। |
| सांविधिक चलनिधि अनुपात ( SLR) | ● निवल मांग और समय देयताओं की हिस्सेदारी जो बैंकों को अभारित सरकारी प्रतिभूतियों, नकदी एवं स्वर्ण जैसी सुरक्षित व चल आस्तियों में रखना होता है।<br>● SLR में परिवर्तन अक्सर निजी क्षेत्र के लिये उधार देने की बैंकिंग प्रणाली में संसाधनों की उपलब्धता को प्रभावित करता है। |
| खुला बाज़ार परिचालन ( OMO ) | ● इनमें सरकारी प्रतिभूतियों की एकमुश्त खरीद/बिक्री, टिकाऊ चलनिधि डालना/ अवशोषित करना क्रमशः दोनों शामिल हैं। |
| बाज़ार स्थिरीकरण योजना ( MSS ) | ● मौद्रिक प्रबंधन के लिये इस लिखत को वर्ष 2004 में आरंभ किया गया।<br>● बड़े पूंजी प्रवाह से उत्पन्न अधिक स्थायी प्रकृति की अधिशेष चलनिधि को अल्पकालिक सरकारी प्रतिभूतियों और राजस्व बिलों की बिक्री के ज़रिये अवशोषित किया जाता है।<br>● जुटाए जाने वाली नकदी को रिज़र्व बैंक के पास एक अलग सरकारी खाते में रखा जाता है। |

**188. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सरकारी प्रतिभूतियों या G-Sec में व्यावहारिक रूप से डिफॉल्ट का कोई जोखिम नहीं होता है।
2. भारत में राज्य सरकारें केवल अल्पकालिक प्रतिभूतियाँ जारी कर सकती हैं जिन्हें ट्रेज़री बिल कहा जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1　　B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों　　D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- सरकारी प्रतिभूति (G-Sec) केंद्र सरकार या राज्य सरकारों द्वारा जारी एक व्यापार योग्य साधन है।
  - यह सरकार के ऋण दायित्व को स्वीकार करता है। ऐसी प्रतिभूतियाँ अल्पावधि (आमतौर पर राजकोषीय बिल कहलाती हैं, एक वर्ष से कम की मूल परिपक्वता के साथ- वर्तमान में तीन अवधियों में जारी की जाती हैं, अर्थात् 91-दिन, 182 दिन और 364 दिन) या दीर्घावधि (जिसे आमतौर पर सरकारी बॉण्ड या दिनांकित कहा जाता है, एक वर्ष या उससे अधिक की मूल परिपक्वता वाली प्रतिभूतियाँ) की होती हैं।
- भारत में **केंद्र सरकार राजकोषीय बिल और बॉण्ड या दिनांकित प्रतिभूतियाँ दोनों** जारी करती है, **जबकि राज्य सरकार केवल बॉण्ड या दिनांकित प्रतिभूतियाँ** जारी करती है, जिन्हें **राज्य विकास ऋण (SDL)** कहा जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **G-Secs में व्यावहारिक रूप से डिफॉल्ट का कोई जोखिम नहीं होता है, इसलिये जोखिम मुक्त गिल्ट-एज इंस्ट्रूमेंट कहलाते हैं। अत: कथन 1 सही है।**
  - गिल्ट-एज सिक्योरिटीज़ उच्च-श्रेणी के निवेश बॉण्ड हैं जो सरकारों और बड़े निगमों द्वारा धन उधार लेने के साधन के रूप में पेश किये जाते हैं।

**189. हिंद-प्रशांत आर्थिक ढाँचे के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. IPEF संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्त्व में एक क्षेत्रीय आर्थिक साझेदारी है।
2. इसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र के सभी देश शामिल हैं।
3. स्वच्छ ऊर्जा पर सहयोग IPEF का एक महत्त्वपूर्ण स्तंभ है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**हिंद-प्रशांत आर्थिक ढाँचा:**

- **परिचय:**
  - **यह एक अमेरिकी नेतृत्व वाली पहल है** जिसका उद्देश्य भागीदार देशों के मध्य आर्थिक साझेदारी को मज़बूत करना है ताकि **हिंद-प्रशांत क्षेत्र में लचीलापन, स्थिरता, समावेश, आर्थिक विकास, निष्पक्षता और प्रतिस्पर्द्धात्मकता को बढ़ावा दिया जा सके। अत: कथन 1 सही है।**
  - IPEF को **संयुक्त राज्य अमेरिका और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अन्य भागीदार देशों द्वारा संयुक्त रूप से 23 मई, 2022** को टोक्यो में शुरू किया गया था।
- **सदस्य:**
  - ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, फिजी, भारत, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, न्यूज़ीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और वियतनाम। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **स्तंभ:**
  - **व्यापार (स्तंभ I):**
    - IPEF, भागीदार देशों के बीच व्यापार जुड़ाव मज़बूत करने पर ध्यान केंद्रित करता है।
    - भारत, IPEF के स्तंभ II से IV में शामिल हो गया, जबकि स्तंभ I में भारत को पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त है।
  - **आपूर्ति-शृंखला में लचीलापन (स्तंभ II):**
    - यह आपूर्ति शृंखलाओं को अधिक लचीला, मज़बूत और अच्छी तरह से एकीकृत बनाने का प्रयास करता है।
  - **स्वच्छ अर्थव्यवस्था (स्तंभ III):**
    - स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु के अनुकूल प्रौद्योगिकियों पर सहयोग को आगे बढ़ाना। अत: कथन 3 सही है।
  - **निष्पक्ष अर्थव्यवस्था (स्तंभ IV):**
    - यह भ्रष्टाचार विरोधी और प्रभावी कर उपायों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित करती है।
    - भ्रष्टाचार से निपटने के लिये विधायी और प्रशासनिक ढाँचे में सुधार हेतु भारत के मज़बूत कदमों पर प्रकाश डाला गया।

**190. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) बीमा गतिविधियों को चुनौती रहित बनाने हेतु बीमा ट्रिनिटी लॉन्च करने की योजना बना रहा है।
2. IRDAI विज़न 2047 का उद्देश्य भारतीय बीमा क्षेत्र को विश्व स्तर पर आकर्षक बनाना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**IRDAI विज़न 2047:**

**भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) ने वर्ष 2047 तक सभी के लिये विज़न इंश्योरेंस** के रूप में भारत में बीमा क्षेत्र को व्यापक बनाने हेतु सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रत्येक बीमाकर्त्ता को योजना में शामिल किया है।

- बीमा गतिविधियों में आने वाली समस्यों को कम करने हेतु IRDAI जीवन बीमा फर्मों के सहयोग से बीमा ट्रिनिटी लॉन्च करने की भी योजना बना रहा है, जिसमें - बीमा सुगम, बीमा विस्तार, बीमा वाहक शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**

IRDAI विज़न 2047:


**उद्देश्य:**

- वर्ष 2047 तक सभी के लिये बीमा सुनिश्चित करने का लक्ष्य है ताकि प्रत्येक नागरिक के पास एक उपयुक्त जीवन, स्वास्थ्य और संपत्ति बीमा कवर हो तथा प्रत्येक उद्यम को उचित बीमा समाधान द्वारा समर्थित किया जा सके।
- इसका उद्देश्य भारतीय बीमा क्षेत्र को विश्व स्तर पर आकर्षक बनाना भी है। **अत: कथन 2 सही है।**

**स्तंभ:**

- बीमा ग्राहक (पॉलिसीधारक)
- बीमा प्रदाता (बीमाकर्त्ता)
- बीमा वितरक (मध्यस्थ)

- **लक्षित क्षेत्र:**
  - सही ग्राहकों को सही उत्पाद उपलब्ध कराना।
  - सुदृढ़ शिकायत निवारण तंत्र बनाना।
  - बीमा क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी हेतु इसे सुगम बनाना।
  - बाज़ार की गतिशीलता के अनुरूप नियामक संरचना सुनिश्चित करना।
  - नवाचार को बढ़ावा देना।
  - मुख्यधारा में प्रौद्योगिकी को लाते हुए प्रतिस्पर्द्धा और वितरण दक्षता के साथ सिद्धांत आधारित नियामक व्यवस्था की ओर बढ़ना।




**191. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) भारत के आर्थिक विकास के लिये एक प्रमुख गैर-ऋण वित्तीय संसाधन रहा है।
2. भारत हाल के वर्षों में FDI के लिये सबसे आकर्षक स्थानों में से एक रहा है।
3. वैश्विक निवेश रिपोर्ट 2022 के अनुसार, भारत शीर्ष 20 मेज़बान अर्थव्यवस्थाओं में 7वें स्थान पर है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI):**

- FDI एक प्रकार का **सीमा-पार निवेश है जिसमें एक देश का निवेशक दूसरे देश में एक उद्यम स्थापित करना चाहता है।**

- FDI विभिन्न रूपों में हो सकता है, जैसे शेयर प्राप्त करना, सहायक या संयुक्त उद्यम स्थापित करना, ऋण और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण प्रदान करना।
  - FDI को आर्थिक विकास का एक प्रमुख चालक माना जाता है, क्योंकि यह मेज़बान देश के लिये पूंजी, प्रौद्योगिकी, कौशल, बाज़ार पहुँच और रोज़गार के अवसर प्रदान कर सकता है।
- आर्थिक विकास का एक महत्त्वपूर्ण चालक होने के अलावा **FDI भारत के आर्थिक विकास के लिये एक प्रमुख गैर-ऋण वित्तीय संसाधन रहा है। अतः कथन 1 सही है।**

**भारत में FDI अंतर्प्रवाह के रुझान और पैटर्न:**

- **परिचय:**
  - भारत अपने बड़े व बढ़ते घरेलू बाज़ार, अनुकूल जनसांख्यिकी, राजनीतिक स्थिरता, उदार नीतिगत ढाँचे और व्यापार करने में आसानी के कारण **हाल के वर्षों में FDI के लिये सबसे आकर्षक स्थानों में से एक है। अतः कथन 2 सही है।**
  - उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (DPIIT) के अनुसार, भारत का संचित FDI प्रवाह अप्रैल 2000 से जून 2022 के बीच 871.01 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।
  - **वैश्विक निवेश रिपोर्ट 2022** के अनुसार, भारत **वर्ष 2021 के लिये शीर्ष 20 मेज़बान अर्थव्यवस्थाओं में 7वें स्थान** पर है। **अतः कथन 3 सही है।**
    - वित्तीय वर्ष- 22 में भारत को सेवा क्षेत्र में 7.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर FDI इक्विटी अंतर्प्रवाह सहित 84.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर का उच्चतम FDI अंतर्प्रवाह प्राप्त हुआ।
- **वित्तीय वर्ष 2021-22 में देश-वार FDI इक्विटी अंतर्प्रवाह:**
  - सिंगापुर (27.01%), अमेरिका (17.94%), मॉरीशस (15.98%), नीदरलैंड (7.86%) और स्विट्ज़रलैंड (7.31%) FDI इक्विटी अंतर्प्रवाह के लिये शीर्ष 5 देशों के रूप में उभरे हैं।

**192. भारत से दूषित कफ सिरप के निर्यात के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत से निर्यात किये जा रहे कफ सिरप के नमूनों में डायथिलीन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल मिला हुआ है।
2. अनिवार्य परीक्षण लागू करने का निर्णय दूषित कफ सिरप की खोज से उत्पन्न होता है जिसके कारण गाम्बिया और उज़्बेकिस्तान में बच्चों की मृत्यु हुई।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1 B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारत से निर्यात किये जा रहे कफ सिरप के नमूनों में डायथिलीन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल मिला हुआ है। अतः कथन 1 सही है।
- **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)** ने गाम्बिया, उज़्बेकिस्तान, माइक्रोनेशिया और मार्शल द्वीप समूह में मृत्यु संबंधी दूषित भारतीय-निर्मित सिरप की पहचान की है।
- अनिवार्य परीक्षण लागू करने का निर्णय दूषित कफ सिरप की खोज से उत्पन्न होता है जिसके कारण गाम्बिया और उज़्बेकिस्तान में बच्चों की दुखद मृत्यु हुई। **अतः कथन 2 सही है।**

**193. फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक आइलैंड्स कोऑपरेशन (FIPIC) समिट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत ने ग्लोबल साउथ की आवाज़ को बुलंद करने हेतु अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में सुधार की साझा प्राथमिकता पर ज़ोर दिया।
2. भारत प्रत्येक प्रशांत द्वीप राष्ट्र में छोटे और मध्यम स्तर के उद्यम क्षेत्र के विकास का समर्थन करेगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों D. न तो 1, न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत सभी देशों की संप्रभुता और अखंडता का समर्थन करता है और ग्लोबल साउथ के स्तर को विस्तृत करने हेतु अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में सुधार की साझा प्राथमिकता पर ज़ोर देता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत ने PIC में स्वास्थ्य सेवा, साइबर स्पेस, स्वच्छ ऊर्जा, जल और छोटे एवं मध्यम उद्यमों के क्षेत्रों में 12-पॉइंट विकास कार्यक्रम का भी अनावरण किया। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत, फिजी में एक सुपर-स्पेशियलिटी कार्डियोलॉजी अस्पताल स्थापित करेगा। सभी 14 PIC में डायलिसिस यूनिट एवं समुद्री एम्बुलेंस शुरू करेगा और सस्ती दवाएँ उपलब्ध कराने हेतु जन औषधि केंद्र भी स्थापित करेगा।

**194. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत विश्व में शहद के सबसे बड़े उत्पादकों और उपभोक्ताओं में से एक है।
2. व्यापक उत्पादन के बावजूद, भारत द्वारा उत्पादित शहद का लगभग 70% घरेलू स्तर पर ही खपत होता है।

3. UNGA ने भारत के प्रस्ताव और 115 देशों के समर्थन के बाद वर्ष 2017 में विश्व मधुमक्खी दिवस की घोषणा की।

**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1

C. केवल 1और 3

D. केवल 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- 1.2 लाख मीट्रिक टन के अनुमानित वार्षिक उत्पादन के साथ **भारत विश्व में शहद के सबसे बड़े उत्पादकों और उपभोक्ताओं में से एक है।** भारत में मधुमक्खी पालन की एक समृद्ध परंपरा और संस्कृति है, जो प्राचीन काल से चली आ रही है। अत: कथन 1 सही है।
- भारत भी विश्व के प्रमुख शहद निर्यातक देशों में से एक है और उसने वर्ष 2021-22 के दौरान 74,413 मीट्रिक टन शहद का निर्यात किया है।
  - **भारत में शहद उत्पादन का 50% से अधिक** अन्य देशों को **निर्यात किया जा रहा है। अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - भारत लगभग 83 देशों को शहद निर्यात करता है। भारतीय शहद के प्रमुख बाज़ार अमेरिका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बांग्लादेश, कनाडा आदि हैं।
- विश्व मधुमक्खी दिवस एक वार्षिक कार्यक्रम है जो 20 मई को पर्यावरण, खाद्य सुरक्षा और जैव विविधता के लिये मधुमक्खियों तथा अन्य परागणकों के महत्त्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये मनाया जाता है।
  - स्लोवेनिया के आधुनिक मधुमक्खी पालन के अग्रणी एंटोन जनसा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में इस तारीख को चुना गया था।
  - **स्लोवेनिया के एक प्रस्ताव और 115 देशों के समर्थन के बाद UNGA ने वर्ष 2017** में विश्व मधुमक्खी दिवस घोषित किया। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**195. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

1. 2000 रुपए के नोटों को वापस लेना RBI की क्लीन नोट पॉलिसी का हिस्सा है।
2. भारत में विमुद्रीकरण प्रक्रिया के लिये भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की अनुशंसा आवश्यक है।
3. पचास पैसे के सिक्के भारत में वैधानिक मुद्रा नहीं हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 2 b. केवल 2 और 3

c. केवल 1 d. 1, 2 और 3

**उत्तर: A.**

**व्याख्या:**

- 2000 रुपए के नोटों को वापस लेना RBI की स्वच्छ नोट नीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य जनता को बेहतर सुरक्षा सुविधाओं के साथ उच्च गुणवत्ता वाले करेंसी नोट और सिक्के प्रदान करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत में विमुद्रीकरण का वैधानिक आधार **भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 26(2)** है, जो **RBI की अनुशंसा पर केंद्र सरकार को** आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना द्वारा **बैंक नोटों की किसी भी श्रृंखला** को वैधानिक मुद्रा के रूप में **घोषित करने की** अनुमति देता है। अत: कथन 2 सही है।
- भारत में, **सिक्के सीमित वैध मुद्रा के रूप में कार्य करते हैं। एक रुपए के बराबर या उससे अधिक मूल्यवर्ग के सिक्कों को एक हजार रुपए** तक की राशि के लिये **वैधानिक मुद्रा के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।**
  - इसके अतिरिक्त, **पचास पैसे (आधा रुपए) के सिक्कों** को दस रुपए तक की राशि के लिये वैधानिक मुद्रा के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**196. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सरकार को RBI के अधिशेष का हस्तांतरण बैंकिंग सम्मेलनों और वैश्विक प्रथाओं द्वारा नियंत्रित होता है, क्योंकि इसके लिये कोई विशिष्ट वैधानिक प्रावधान उपलब्ध नहीं है।
2. देश की स्वस्थ मौद्रिक नीति के कारण RBI द्वारा अधिशेष हस्तांतरण लगातार बढ़ रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2


**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**RBI अधिशेष हस्तांतरण**

**भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)** ने केंद्र सरकार को **अधिशेष धन के एक महत्त्वपूर्ण हस्तांतरण** को मंज़ूरी दे दी है, जिससे राजकोषीय स्थिति को एक बड़ा प्रोत्साहन मिला है।

- **लेखा वर्ष 2022-23** के लिये अधिशेष हस्तांतरण **87,416 करोड़ रुपए है**, जो **पिछले वर्ष की तुलना में 188% अधिक है।**




**उपरोक्त चित्र के अनुसार, कथन 2 सही नहीं है।**

- **RBI का अधिशेष:**
  - RBI का अधिशेष: RBI की आय और व्यय के बीच का अंतर अधिशेष है।
  - रिज़र्व और प्रतिधारित आय के लिये प्रावधान करने के बाद RBI, अधिशेष को सरकार को हस्तांतरित करती है।
  - **भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम,** 1934 की धारा 47 (अधिशेष लाभ का आवंटन) के अनुसार RBI अधिशेष को स्थानांतरित करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - वाई एच मालेगाम (2013) की अध्यक्षता वाली RBI बोर्ड की एक तकनीकी समिति, जिसने भंडार की पर्याप्तता और अधिशेष वितरण नीति की समीक्षा की, ने सरकार को उच्च हस्तांतरण की सिफारिश की। मुख्य तौर पर, कुछ अपवादों के साथ, अधिशेष हस्तांतरण की मात्रा का औसत, सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 0.5% है।

**197. थोक मूल्य सूचकांक (WPI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. WPI में सेवाओं की कीमतों में परिवर्तन का मापन नहीं किया जाता है, जबकि CPI में किया जाता है।
2. WPI में विनिर्मित वस्तुओं को अधिक महत्त्व दिया जाता है, जबकि CPI में खाद्य पदार्थों को अधिक महत्त्व दिया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**थोक मूल्य सूचकांक**

**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय** द्वारा जारी किये गए नवीनतम आँकड़ों से पता चलता है कि **भारत में थोक मूल्य सूचकांक (WPI) अप्रैल में (-) 0.92% की अपस्फीति दर** के साथ तीन वर्ष में निम्न स्तर पर गिर गया, जो 33 महीने के बाद **नकारात्मक वृद्धि** को दर्शाता है।

- यह थोक व्यवसायों द्वारा अन्य व्यवसायों को थोक में बेची और व्यापार की जाने वाली वस्तुओं की कीमतों में परिवर्तन को मापता है।
- इसे **आर्थिक सलाहकार कार्यालय, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय** द्वारा प्रकाशित किया जाता है।
- यह भारत में सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाने वाला मुद्रास्फीति सूचक है।
- इस सूचकांक की प्रमुख आलोचना यह की जाती है कि आम जनता उत्पादों को थोक मूल्य पर नहीं खरीदती है।
- **अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक** के आधार वर्ष को 2004-05 से वर्ष 2017 में 2011-12 के रूप में संशोधित किया गया है।

**WPI एवं CPI में अंतर:**

- WPI **उत्पादक स्तर पर मुद्रास्फीति का आकलन करता है, जबकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (Consumer Price Index- CPI) उपभोक्ता स्तर पर कीमतों के स्तर** में बदलाव का आकलन करता है।
  - **दोनों बास्केट व्यापक अर्थव्यवस्था के भीतर मुद्रास्फीति के रुझान (मूल्य में उतार-चढ़ाव) को मापते हैं,** हालाँकि दोनों सूचकांक में भोजन, ईंधन और निर्मित वस्तुओं को अलग-अलग भार दिया जाता है।
- WPI में **सेवाओं की कीमतों में परिवर्तन का मापन नहीं** किया जाता है, जबकि CPI में किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **WPI में विनिर्मित वस्तुओं को अधिक महत्त्व** दिया जाता है, जबकि **CPI में खाद्य पदार्थों को** अधिक महत्त्व दिया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**198. ग्लोबल फाइनेंशियल इनोवेशन नेटवर्क (GFIN) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह उपभोक्ताओं के लाभ के लिये वित्तीय नवाचार का समर्थन करने हेतु प्रतिबद्ध 80 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय संगठनों का एक संघ है।
2. GFIN वर्तमान में यूनाइटेड किंगडम में एक अग्रणी नियामक निकाय वित्तीय आचरण प्राधिकरण (Financial Conduct Authority- FCA) की अध्यक्षता में है।
3. भारत की ओर से केवल भारतीय रिज़र्व बैंक ही इसका सदस्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- उपभोक्ता-केंद्रित वित्तीय नवाचार को बढ़ावा देने के लिये सहायता संघ में 80 से अधिक **वैश्विक संगठन** शामिल हुए हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- **वित्तीय आचरण प्राधिकरण (FCA)** अग्रणी है, जो यूनाइटेड किंगडम में एक प्रमुख नियामक निकाय है, जो वर्तमान में GFIN के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहा है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत से अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA), भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI), भारतीय रिज़र्व बैंक, पेंशन निधि नियामक एवं विकास प्राधिकरण इसके सदस्य हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**199. भारत में मत्स्य क्षेत्र की स्थिति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत तीसरा सबसे बड़ा मत्स्य उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा जलीय कृषि उत्पादक है।
2. मत्स्य पालन और जलीय कृषि उद्योगों को सनराइज़ क्षेत्र माना जाता है।
3. आंध्र प्रदेश भारत में मत्स्य का सबसे बड़ा उत्पादक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारत में मत्स्य क्षेत्र की स्थिति:**

- **परिचय:**
  - वैश्विक स्तर पर तीसरे सबसे बड़े मछली उत्पादक और दूसरे सबसे बड़े एक्वाकल्चर उत्पादक के रूप में भारत में मत्स्य पालन एवं एक्वाकल्चर उद्योग का बहुत महत्त्व है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - भारतीय नीली क्रांति ने मछली पकड़ने और एक्वाकल्चर उद्योगों में काफी सुधार किया है। उद्योगों को सनराइज़ सेक्टर्स के रूप में माना जाता है तथा भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसका काफी प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - भारतीय मत्स्य पालन ने हाल ही में अंतर्देशीय से समुद्री वर्चस्व वाले मत्स्य पालन में एक प्रतिमान परिवर्तन देखा है, यह वर्ष 1980 के दशक के मध्य मछली उत्पादन में 36% से हाल के दिनों में 70% के साथ प्रमुख योगदानकर्ता बन गया है।
  - वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान मत्स्य उत्पादन 16.25 MMT के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुँच गया और 57,586 करोड़ रुपए मूल्य का समुद्री निर्यात किया गया।
- **शीर्ष उत्पादक राज्य:**
  - भारत में पश्चिम बंगाल के बाद आंध्र प्रदेश सबसे बड़ा मछली उत्पादक है। **अत: कथन 3 सही है।**

**200. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?**

1. लीक हुए बायोमेट्रिक विवरणों का उपयोग पीड़ितों के खातों से धन निकालने के लिये किया जा सकता है जिसमें वन टाइम पासवर्ड (OTP) की आवश्यकता नहीं पड़ती है।
2. आधार-सक्षम भुगतान प्रणाली को भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI), भारतीय बैंक संघ (IBA) और भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की एक संयुक्त परियोजना द्वारा अपनाया गया था।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- हालिया कई स्कैमों ने आधार-सक्षम भुगतान प्रणाली (AePS) की खामियों को उजागर कर दिया कि कैसे साइबर अपराधी ग्राहकों को धोखा देने के लिये इस प्रणाली की खामियों का फायदा उठा रहे हैं।

- स्कैमर्स द्वारा लीक हुए बायोमेट्रिक विवरणों का उपयोग पीड़ितों के खातों से धन निकालने के लिये किया गया जिसमें वन टाइम पासवर्ड (OTP) की आवश्यकता नहीं पड़ती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI), भारतीय बैंक संघ (IBA) और भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की एक संयुक्त परियोजना द्वारा अपनाया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**

**201. वर्ष 2001 में शंघाई सहयोग संगठन के निर्माण से पहले निम्नलिखित में से कौन शंघाई फाइव के सदस्य थे?**

1. कज़ाखस्तान
2. उज़्बेकिस्तान
3. ताजिकिस्तान
4. पाकिस्तान
5. तुर्कमेनिस्तान

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1, 2 और 5
C. केवल 2, 3, 4 और 5
D. केवल 1, 3 और 5

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **शंघाई सहयोग संगठन** एक क्षेत्रीय अंतर-सरकारी संगठन है जो सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में अपने सदस्य देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देता है।
- वर्ष 2001 में SCO के गठन से पहले **कज़ाखस्तान**, चीन, किर्गिज़स्तान, रूस और ताजिकिस्तान शंघाई फाइव के सदस्य थे।
  - **वर्ष 2001 में संगठन** में **उज़्बेकिस्तान** के शामिल होने के बाद **शंघाई फाइव** का नाम बदलकर SCO कर दिया गया।
  - **भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके सदस्य बने।**
  - पर्यवेक्षक देश: ईरान और बेलारूस।
  - वर्ष 2023 में जब भारत इस फोरम का अध्यक्ष होगा, **ईरान सबसे बड़े क्षेत्रीय संस्थान- SCO का सबसे नया सदस्य बनेगा।**
- **अतः विकल्प A सही है।**

**202. एशिया एवं प्रशांत के लिये संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग (UNESCAP) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसने "द रेस टू नेट जीरो: एक्सेलेरेटिंग क्लाइमेट एक्शन इन एशिया एंड द पैसिफिक" शीर्षक से एक अध्ययन प्रकाशित किया।
2. यह बैंकॉक, थाईलैंड में स्थित एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिये संयुक्त राष्ट्र की क्षेत्रीय विकास एजेंसी है।
3. एशिया-प्रशांत क्षेत्र दुनिया के एक तिहाई ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के लिये जिम्मेदार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. केवल 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- हाल ही में एक अध्ययन रिपोर्ट "द रेस टू नेट ज़ीरो: एक्सेलेरेटिंग क्लाइमेट एक्शन इन एशिया एंड द पैसिफिक" में एशिया एवं प्रशांत के लिये संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग (UNESCAP) ने खुलासा किया है कि एशिया एवं प्रशांत के अधिकांश देशों के पास चरम मौसमी घटनाओं तथा प्राकृतिक आपदाओं के कारण उत्पन्न बढ़ते खतरों का प्रबंधन करने हेतु पर्याप्त संसाधन नहीं हैं।**अतः कथन 1 सही है।**
- UNESCAP एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिये संयुक्त राष्ट्र की क्षेत्रीय विकास शाखा है। इसका मुख्यालय थाईलैंड में बैंकॉक में स्थित है। **अतः कथन 2 सही है।**
- एशिया-प्रशांत क्षेत्र दुनिया के आधे से अधिक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के लिये ज़िम्मेदार है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**203. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

1. फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) वैश्विक धन शोधन और आतंकवादी वित्तपोषण पर नज़र रखने वाली संस्था है, जिसकी स्थापना वर्ष 1989 में पेरिस में G-20 बैठक में की गई थी।
2. सामूहिक विनाश के हथियारों (WMD) के विस्तार के वित्तपोषण का मुकाबला करने के लिये FATF ने अतिरिक्त प्रयास किया।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स** (FATF) वैश्विक धन शोधन और आतंकवादी वित्तपोषण पर नजर रखने वाली संस्था है, जिसकी स्थापना वर्ष 1989 में पेरिस में विकसित देशों की G-7 बैठक में की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- अमेरिका पर 9/11 के हमले के बाद FATF ने **वर्ष 2001 में आतंकवादी वित्तपोषण से निपटने के प्रयासों को शामिल करने के अपने जनादेश का विस्तार** किया।

- सामूहिक विनाश के हथियारों (WMD) के विस्तार के वित्तपोषण का मुकाबला करने के लिये FATF ने अतिरिक्त प्रयास किया। **अतः कथन 2 सही है।**

**204. यदि अमेरिकी फेडरल रिज़र्व ब्याज दरों में वृद्धि करता है, तो भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसके संभावित प्रभाव क्या हो सकते हैं?**

1. महँगा आयात
2. स्टॉक की कीमतों में उछाल
3. भारत के बाहरी ऋण बोझ में वृद्धि

**उपर्युक्त विकल्पों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अमेरिकी फेडरल रिज़र्व दर वृद्धि का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव:**

- **पूंजी प्रवाह:** US फेडरल रिज़र्व दर में वृद्धि से अमेरिका में ब्याज दरों में वृद्धि हो सकती है, जो अन्य देशों से पूंजी प्रवाह को आकर्षित कर सकती है। इससे **भारत में विदेशी निवेश में कमी आ सकती है,** साथ ही यह आर्थिक विकास को प्रभावित कर सकता है।
- **रुपए का मूल्यह्रास:** इससे **रुपए का मूल्यह्रास** भी हो सकता है, जिसका प्रभाव भारत के व्यापार संतुलन और चालू खाता घाटे पर पड़ सकता है। **अतः 1 सही है।**
  - भारतीय रुपए के मूल्यह्रास के परिणामस्वरूप कच्चे तेल और अन्य वस्तुओं का आयात महँगा हो सकता है। यह **भारतीय अर्थव्यवस्था में आयातित मुद्रास्फीति** की स्थिति उत्पन्न कर सकता है। **अतः 1 सही है।**
- **घरेलू उधार लागत:** इससे **भारत में** उधार लेने की लागत में वृद्धि हो सकती है, क्योंकि निवेशक भारतीय प्रतिभूतियों के बजाय अमेरिकी प्रतिभूतियों में निवेश कर सकते हैं। इससे घरेलू निवेश में कमी और व्यवसायों एवं व्यक्तियों के लिये उच्च उधार लागत हो सकती है।
- **शेयर बाज़ार:** इसका असर भारत के **शेयर बाज़ार** पर भी पड़ सकता है। उच्च अमेरिकी ब्याज दरों से इक्विटी जैसी जोखिम भरी संपत्तियों की मांग में कमी आ सकती है, **जिससे भारत में स्टॉक की कीमतों में गिरावट आ सकती है। अतः 2 सही नहीं है।**
- **बाह्य ऋण:** भारत का बाह्य ऋण ज़्यादातर अमेरिकी डॉलर में दर्शाया गया है, **US फेडरल रिज़र्व दर में वृद्धि से उस ऋण सेवा की लागत बढ़ सकती है, क्योंकि रुपए का मूल्य डॉलर के मुकाबले गिर सकता है।** इससे भारत के बाह्य ऋण के बोझ में वृद्धि हो सकती है एवं अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। **अतः 3 सही है।**
- **बैंक: बैंकिंग उद्योग को ब्याज दरों में वृद्धि से लाभ होता है,** क्योंकि बैंक अपने ऋण पोर्टफोलियो को अपनी जमा दरों की तुलना में बहुत तेज़ी से पुनर्मूल्यांकित करते हैं, जिससे उन्हें अपना शुद्ध ब्याज मार्जिन बढ़ाने में मदद मिलती है।

**205. चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (China-Pakistan Economic Corridor- CPEC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह चीन के उत्तर-पश्चिमी युन्नान प्रांत को पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह से जोड़ता है।
2. इसमें औद्योगिक और ऊर्जा अवसंरचना परियोजनाओं के साथ-साथ राजमार्गों, रेलवे और पाइपलाइनों का विकास शामिल है।
3. यह अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन कॉरिडोर (INSTC) का हिस्सा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- CPEC चीन के उत्तर-पश्चिम झिंजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र और **पाकिस्तान के पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह को जोड़ने वाली बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं का 3,000 किलोमीटर लंबा मार्ग** है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह **पाकिस्तान और चीन के बीच एक द्विपक्षीय परियोजना** है, जिसका **उद्देश्य ऊर्जा, औद्योगिक एवं अन्य बुनियादी ढाँचा विकास परियोजनाओं के साथ राजमार्गों, रेलवे तथा पाइपलाइनों के नेटवर्क के साथ पूरे पाकिस्तान में कनेक्टिविटी को बढ़ावा** देना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह **चीन के लिये ग्वादर बंदरगाह से मध्य-पूर्व और अफ्रीका तक पहुँचने का मार्ग प्रशस्त करेगा,** जिससे चीन को हिंद महासागर तक पहुँचने में मदद मिलेगी तथा बदले में चीन पाकिस्तान के ऊर्जा संकट को दूर करने और लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिये पाकिस्तान में विकास परियोजनाओं का समर्थन करेगा।

- CPEC बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का एक हिस्सा है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**206. भारत और निम्नलिखित में से किस देश के बीच "तीन वर्ष के कार्य कार्यक्रम" पर हस्ताक्षर किये गए थे?**

A. चीन

B. इज़रायल

C. मालदीव

D. सेशेल्स

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत-इज़रायल संबंध:**

- **कूटनीतिक:**
  - हालाँकि भारत ने **वर्ष 1950 में इज़रायल को आधिकारिक** रूप से मान्यता दी थी, लेकिन दोनों देशों के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध **29 जनवरी, 1992** को स्थापित हुए।
  - दिसंबर 2020 तक भारत **संयुक्त राष्ट्र (UN) के 164 सदस्य देशों** में से एक था, उसके इज़रायल के साथ राजनयिक संबंध थे।
- **आर्थिक और वाणिज्यिक:**
  - भारत और इज़राइल के बीच व्यापार **कोविड-19 महामारी** से पहले के 5 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2023 जनवरी तक लगभग 7.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है।
    - हीरे का व्यापार द्विपक्षीय व्यापार का लगभग 50% है।
- भारत एशिया में इज़रायल का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है और विश्व स्तर पर सातवाँ सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है।
    - इज़रायली कंपनियों ने भारत में ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, दूरसंचार, रियल एस्टेट, जल प्रौद्योगिकियों में निवेश किया है और भारत में अनुसंधान एवं विकास केंद्र या उत्पादन इकाइयाँ स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।
  - भारत **मुक्त व्यापार समझौता (FTA)** करने के लिये **इज़राइल** के साथ भी बातचीत कर रहा है।
- **रक्षा:**
  - भारत, **इज़राइल से हथियारों के सबसे बड़े आयातकों में से एक है**, जो इसके वार्षिक हथियारों के निर्यात में लगभग 40 प्रतिशत का योगदान देता है।
  - भारतीय सशस्त्र बलों ने पिछले कुछ वर्षों में **इज़रायली हथियार प्रणालियों की एक विस्तृत शृंखला** को शामिल किया है, जिसमें फाल्कन **AWACS (एयरबोर्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम्स)**, हेरॉन, सर्चर- II, हारोप ड्रोन से लेकर बराक मिसाइल रोधी रक्षा प्रणाली और स्पाइडर क्विक-रिएक्शन विमान भेदी मिसाइल प्रणाली शामिल हैं।
    - द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर 15वें संयुक्त कार्य समूह (JWG 2021) की बैठक में देशों ने सहयोग के नए क्षेत्रों की पहचान करने हेतु एक व्यापक दस-वर्षीय रोडमैप तैयार करने के लिये टास्क फोर्स बनाने पर सहमति व्यक्त की।
- **कृषि:**
  - मई 2021 में कृषि सहयोग में विकास के लिये **"तीन वर्ष के कार्य कार्यक्रम समझौते"** पर हस्ताक्षर किये गए।
  - कार्यक्रम का उद्देश्य सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CoE) को विकसित करना, नए केंद्र स्थापित करना, CoE की मूल्य शृंखला में वृद्धि करना, उत्कृष्टता केंद्रों को आत्मनिर्भर रूप में लाना और निजी क्षेत्र की कंपनियों तथा उसके सहयोग को प्रोत्साहित करना है।
- **विज्ञान और प्रौद्योगिकी:**
  - हाल के वर्षों में इज़रायल के स्टार्ट-अप नेशनल सेंट्रल और **iCreate तथा TiE (टेक्नोलॉजी बिज़नेस इन्क्यूबेटर्स)** जैसे भारतीय उद्यमिता केंद्रों के बीच कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गए हैं।
  - वर्ष 2022 में, दोनों देशों ने हाल ही में **भारत-इज़राइल औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास और इनोवेशन फंड (I4F)** के दायरे को बढ़ाया, जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा और **ICT (सूचना और संचार प्रौद्योगिकी)** जैसे क्षेत्रों को शिक्षा एवं व्यावसायिक संस्थाओं की भागीदारी में वृद्धि शामिल है।
    - I4F सहमत 'फोकस सेक्टर्स' में चुनौतियों का समाधान करने के लिये भारत और इज़रायल की कंपनियों के बीच संयुक्त औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं को बढ़ावा देने, सुविधा प्रदान करने और समर्थन करने के लिये दोनों देशों के बीच एक सहयोग है।
- **अन्य:**
  - इज़रायल भी भारत के नेतृत्त्व वाले **अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA)** में शामिल हो रहा है, जो **नवीकरणीय ऊर्जा** में अपने सहयोग को बढ़ाने और स्वच्छ ऊर्जा में भागीदार बनाने के दोनों देशों के उद्देश्यों के लिये बहुत महत्त्वपूर्ण है।

**207. किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मत्स्यपालन और पशुपालन करने वाले किसानों हेतु KCC सुविधा उपलब्ध नहीं है।
2. काश्तकार किसान और मौखिक पट्टेदार योजना के तहत पात्र नहीं हैं।
3. यह योजना लाभार्थियों को लघु और दीर्घकालिक दोनों तरह के ऋण प्रदान करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 2

D. केवल 1 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) योजना की शुरुआत वर्ष 1998 में बैंकों द्वारा किसानों को उनकी जोत के आधार पर किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने के लिये की गई थी ताकि किसान बीज, उर्वरक, कीटनाशक आदि जैसे कृषि आदानों को आसानी से खरीद हेतु उनका उपयोग कर सकें। साथ ही ये उनकी उत्पादन ज़रूरतों के लिये नकदी निकालने में भी सहायता करते हैं।
- **योजना की प्रयोज्यता:**
  - किसान क्रेडिट कार्ड योजना वाणिज्यिक बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, लघु वित्त बैंकों और सहकारी समितियों द्वारा कार्यान्वित की जाती है।
    - यह सुविधा वर्ष 2018-19 में मत्स्य और पशुपालन किसानों हेतु बढ़ा दी गई थी। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- **उद्देश्य:**
  1. फसलों की खेती हेतु अल्पावधि ऋण आवश्यकताओं को पूरा करना;
  2. कटाई के बाद का खर्च;
  3. उत्पादन विपणन ऋण;
  4. किसान परिवार की खपत आवश्यकताएँ;
  5. कृषि संपत्तियों और कृषि से संबद्ध गतिविधियों के रख-रखाव हेतु कार्यशील पूंजी;
  6. कृषि और संबद्ध गतिविधियों हेतु निवेश ऋण की आवश्यकता।

**नोट:** 1 से 5 तक के उद्देश्य योजना के अल्पावधि क्रेडिट सीमा भाग बनाते हैं जबकि 6वाँ दीर्घकालिक क्रेडिट हिस्से का निर्माण करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

- **पात्रता:**
  - किसान - व्यक्तिगत/संयुक्त कर्ज़दार जो मालिक किसान हैं;
  - काश्तकार किसान, मौखिक पट्टेदार और बंटाईदार; **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - किसानों के स्वयं सहायता समूह (Self Help Groups-SHG) या संयुक्त देयता समूह (Joint Liability Groups- JLG) जिसमें किरायेदार किसान, बंटाईदार आदि शामिल हैं।

**208. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| सब्सिडी बॉक्स | सब्सिडी की प्रकृति |
|---|---|
| 1. एम्बर बॉक्स | वह सब्सिडी जो किसी देश के उत्पादों को सस्ता करके अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को विकृत कर सकती हैं। |
| 2. ब्लू बॉक्स | घरेलू समर्थन के वे उपाय जो व्यापार विकृति का कारण नहीं बनते हैं अथवा कम-से-कम विरूपण का कारण बनते हैं। |
| 3. ग्रीन बॉक्स | कोई भी समर्थन जो आमतौर पर एम्बर बॉक्स में होता है उसे ग्रीनबॉक्स में रखा जाता है यदि इसके लिये किसानों को उत्पादन सीमित करना आवश्यक है। |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

A. केवल 1 युग्म

B. केवल 2 युग्म

C. केवल 3 युग्म

D. सभी चारों युग्म

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**WTO के तहत सब्सिडी:**

- **एम्बर बॉक्स:**
  - एम्बर बॉक्स सब्सिडी वह है **जो अन्य देशों की तुलना में किसी देश के उत्पादों को सस्ता बनाकर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को विकृत कर सकती है। अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।**
  - **उदाहरण: खाद, बीज, बिजली, सिंचाई और न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) जैसे इनपुट के लिये सब्सिडी।**
- **ब्लू बॉक्स:**
  - यह **"शर्तों के साथ एम्बर बॉक्स"** है जो विकृति को कम करने के लिये डिज़ाइन की गई स्थितियाँ हैं।
  - कोई भी समर्थन जो आमतौर पर एम्बर बॉक्स में मौजूद होता है, उसे ब्लू बॉक्स में रखा जाता है, **यद्यपि इसके लिये किसानों को उत्पादन सीमित करने की आवश्यकता होती है। अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- **ग्रीन बॉक्स:**
  - घरेलू सहायता के वे उपाय जो व्यापार को न के बराबर अथवा न्यूनतम रूप से बाधित करते हैं, उन्हें ग्रीन बॉक्स कहा जाता है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**
  - ग्रीन बॉक्स सब्सिडी के लिये सरकारी वित्त का उपयोग किया जाता है; **फसलों हेतु कोई मूल्य समर्थन नहीं होता है।**

**209. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से केंद्रीय प्रतिपक्ष (Central Counterparties- CCPs) के संबंध में सही नहीं है?**

1. CCP एक वित्तीय संस्थान है जो विभिन्न डेरिवेटिव और इक्विटी बाज़ारों में खरीदारों एवं विक्रेताओं के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करता है।
2. CCP प्रतिपक्ष परिचालन, निपटान, बाज़ार, कानूनी और डिफॉल्ट मुद्दों से जुड़े जोखिमों को कम करता है।
3. भारत में उन्हें भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) एवं भारतीय सुरक्षा और विनिमय बोर्ड (SEBI) दोनों द्वारा विनियमित किया जाता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय प्रतिपक्ष:**

- **परिचय:**
  - CCP एक वित्तीय संस्थान है जो विभिन्न **डेरिवेटिव और इक्विटी बाज़ारों में खरीदारों एवं विक्रेताओं के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य** करता है। CCPs ऐसी संरचनाएँ हैं जो वित्तीय बाज़ारों में समाशोधन और निपटान प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने में सहायता करती हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - CCP का प्राथमिक लक्ष्य वित्तीय बाज़ारों में दक्षता और स्थिरता को बढ़ाना है।
  - CCP प्रतिपक्ष **परिचालन, निपटान, बाज़ार, कानूनी और डिफॉल्ट मुद्दों से जुड़े जोखिमों को कम** करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **भारत में विनियामक:**
  - मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स और फॉरेन एक्सचेंज डेरिवेटिव्स के लिये भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)।
  - CCP को भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 के तहत भारत में संचालन के लिये RBI द्वारा अधिकृत किया गया है।
  - CCPs समाशोधन प्रतिभूतियों और कमोडिटी डेरिवेटिव के लिये भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI)।
  - **अतः कथन 3 सही है।**

**210. अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (ISO) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें सदस्य देशों के राष्ट्रीय मानक संगठनों के प्रतिनिधि सम्मिलित होते हैं।
2. इसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में है।
3. भारत का राष्ट्रीय मानक संगठन 'भारतीय मानक ब्यूरो (BIS)' ISO का सदस्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- मानकीकरण के लिये अंतर्राष्ट्रीय संगठन (ISO) एक अंतर्राष्ट्रीय मानक विकास संगठन है जो **सदस्य देशों के राष्ट्रीय मानक संगठनों के प्रतिनिधियों से बना** है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ISO आधिकारिक रूप से **वर्ष 1947 में अस्तित्व में आया। इसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में है। अतः कथन 2 सही है।**
- भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) **भारत के राष्ट्रीय मानक निकाय** के रूप में कार्य करता है और **अंतर्राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मानकीकरण पहलों में भाग लेता है।**
  - **BIS, भारत, ब्राज़ील और दक्षिण अफ्रीका (IBSA) के ढाँचे के अंतर्गत ISO,** अंतर्राष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल कमीशन (IEC) तथा प्रशांत क्षेत्र मानक कॉन्ग्रेस (PASC) एवं दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय मानक संगठन (SARSO) जैसे क्षेत्रीय मानक निकायों का सदस्य है। **अतः कथन 3 सही है।**

**211. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. G7 का लक्ष्य वर्ष 2025 या उससे पहले "अक्षम जीवाश्म ईंधन सब्सिडी" को खत्म करना है।
2. चीन ने वर्ष 2060 तक नेट-ज़ीरो का लक्ष्य रखा है, जबकि भारत ने वर्ष 2070 को अपना लक्ष्य रखा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**G7 की प्रमुख जलवायु संबंधी कार्य सूची:**

- **वर्ष 2025 तक उत्सर्जन का वैश्विक स्तर:**
  - **G7 ने वर्ष 2025 तक वैश्विक स्तर पर न्यूनतम उत्सर्जन** की आवश्यकता पर बल दिया है।
    - जबकि यह पेरिस समझौते की अनिवार्यता नहीं है और इसे प्राप्त करना संभव है।
    - हालाँकि विकसित देशों के उत्सर्जन में गिरावट देखी जा रही है लेकिन यह कमी आवश्यक गति के साथ नहीं हो रही है, जबकि विकासशील देशों का उत्सर्जन अभी भी बढ़ रहा है।
    - यदि सभी देश केवल अपनी मौजूदा प्रतिबद्धताओं को पूरा करते हैं, तो वर्ष 2030 में उत्सर्जन वर्ष 2010 के स्तर से लगभग 11 प्रतिशत अधिक होगा।
- **जीवाश्म ईंधन के उपयोग को समाप्त करना:**
  - G7 जीवाश्म ईंधन के उपयोग को समाप्त करने के लिये एक विशिष्ट समय-सीमा निर्धारित नहीं करता है, **लेकिन 1.5 डिग्री सेल्सियस प्रक्षेपवक्र के अनुरूप "असंतुलित जीवाश्म ईंधन"** की चरणवार समाप्ति को तेज़ करने के लिये प्रतिबद्ध है।
  - इनका लक्ष्य "अपर्याप्त सब्सिडी" की परिभाषा निर्दिष्ट किये बिना वर्ष 2025 या उससे पहले **"अपर्याप्त जीवाश्म ईंधन सब्सिडी"** को समाप्त करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - G7 देशों का दावा है कि उन्होंने सीमित परिस्थितियों को छोड़कर नई जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा परियोजनाओं का वित्तपोषण करना बंद कर दिया है।
- **नेट-ज़ीरो लक्ष्य:**
  - G-7 ने **वर्ष 2050 तक नेट-ज़ीरो स्थिति प्राप्त करने** की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया और अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं से भी ऐसा करने का आग्रह किया।
  - **1.5 डिग्री सेल्सियस के लक्ष्य को पूरा करने** के लिये सदी के मध्य तक संपूर्ण विश्व को नेट-ज़ीरो स्थिति प्राप्त कर लेनी चाहिये।
  - चीन का लक्ष्य **वर्ष 2060 तक नेट-ज़ीरो स्थिति प्राप्त करना है, जबकि भारत ने वर्ष 2070 को अपने लक्ष्य के रूप में निर्धारित** किया है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - प्रमुख विकासशील देश वर्ष 2050 के बाद विकसित प्रौद्योगिकियों और स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने की दिशा अपने लक्ष्यों में परिवर्तन कर सकते हैं।

**212. I2U2 क्वाड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. I2U2 भारत, इज़रायल, संयुक्त अरब अमीरात और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा गठित एक नया समूह है।
2. I2U2 को अक्तूबर 2021 में अब्राहम समझौते के बाद गठित किया गया था।
3. अब्राहम समझौते से इज़रायल और कई अरब खाड़ी देशों के बीच संबंध सामान्य हुए।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

A. केवल 1 और 2  B. केवल 2 और 3
C. 1, 2 और 3  D. केवल 1 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**I2U2 क्वाड:**

- I2U2 चार देशों- **भारत, इज़रायल, संयुक्त अरब अमीरात और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा गठित एक नया समूह** है। इसे **वेस्ट एशियन क्वाड** भी कहा जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह **मध्य-पूर्व और एशिया में आर्थिक एवं राजनीतिक सहयोग के विस्तार** पर केंद्रित है।
- इसका उद्देश्य **बुनियादी ढाँचे, प्रौद्योगिकी और समुद्री सुरक्षा हेतु समर्थन और सहयोग को बढ़ावा देना है।**
  - I2U2 को शुरू में **अक्तूबर 2021 में अब्राहम समझौते** के बाद गठित किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
    - अब्राहम समझौते से इज़रायल और कई अरब खाड़ी देशों के बीच संबंध सामान्य हुए। अतः कथन 3 सही है।
- I2U2 का पहला वर्चुअल शिखर सम्मेलन 14 जुलाई, 2022 को हुआ था। **इस शिखर सम्मेलन का केंद्रीय विषय यूक्रेन में संघर्ष के परिणामस्वरूप वैश्विक खाद्य और ऊर्जा संकट था।**

**213. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गन्ने के लिये उचित और पारिश्रमिक मूल्य (FRP) तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) का निर्धारण केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है।
2. राज्य परामर्शित मूल्य (SAP) की घोषणा राज्य सरकारों द्वारा की जाती है और आमतौर पर यह उचित एवं पारिश्रमिक मूल्य (FRP) से अधिक होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1  B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों  D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत में गन्ना उत्पादन:**

हाल ही में मद्रास उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि गन्ने का **उचित और पारिश्रमिक मूल्य (FRP) उचित बाज़ार मूल्य** नहीं है, इसमें कहा गया है कि राज्य सरकार सीमांत किसानों को अधिक **राज्य**

**परामर्शित मूल्य** (SAP) का भुगतान किये जाने पर ही सीमांत किसान अपनी आजीविका चला सकते हैं।

**गन्ना मूल्य का निर्धारण:**

- गन्ने का मूल्य **केंद्र सरकार और राज्य सरकारें मिलकर तय करती हैं।**
- **केंद्र सरकार:** उचित और पारिश्रमिक मूल्य (Fair and Remunerative Price- FRP):
  - केंद्र सरकार FRP की घोषणा करती है जो कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (CACP) की सिफारिश पर निर्धारित होती है, जिसे आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा घोषित किया जाता है।
  - न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) कुछ कृषि उत्पादों (गन्ने के लिये नहीं) के लिये सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम **मूल्य** है जिस पर तब उत्पाद सीधे किसानों से खरीदे जाते हैं यदि बाज़ार की कीमतें लागत से कम होती हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - FRP, **गन्ना उद्योग के पुनर्गठन पर रंगराजन समिति की रिपोर्ट पर आधारित** है।
- **राज्य सरकार:** राज्य परामर्शित मूल्य (State Advised Prices- SAP):
  - SAP की घोषणा प्रमुख गन्ना उत्पादक राज्यों की सरकारों द्वारा की जाती है।
  - SAP आमतौर पर FRP से अधिक होता है।
    - मूल्य की गणना विशेषज्ञों द्वारा की जाती है, जो इनपुट लागत के माध्यम से फसल की संपूर्ण आर्थिक गणना करते हैं और फिर सरकार को सुझाव देते हैं। अत: कथन 2 सही है।

**214. चावल के फोर्टिफिकेशन और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से इसके वितरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. इस योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को एक रुपए किलो चावल प्रदान किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**फूड फोर्टिफिकेशन:**

- **परिचय:**
  - चावल, दूध और नमक जैसे प्रमुख खाद्य पदार्थों में आयरन, आयोडीन, जिंक, विटामिन A और D जैसे प्रमुख विटामिन तथा खनिजों को शामिल करना फोर्टिफिकेशन है, ताकि उनकी पोषण सामग्री में सुधार हो सके। प्रसंस्करण से पहले ये पोषक तत्त्व भोजन में मूल रूप से मौजूद हो भी सकते हैं और नहीं भी।
- **भारत में फूड फोर्टिफिकेशन की स्थिति:**
  - **चावल:** खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग (DFPD) "चावल के फोर्टिफिकेशन और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से इसके वितरण पर केंद्र प्रायोजित पायलट योजना" चला रहा है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - योजना को तीन साल की पायलट अवधि के लिये वर्ष 2019-20 में शुरू किया गया था।
    - यह योजना वर्ष 2023 तक चलेगी और लाभार्थियों को 1 रुपए किलो की दर से चावल की आपूर्ति की जाएगी। अत: कथन 2 सही है।
  - **गेहूँ:** गेहूँ के फोर्टिफिकेशन पर निर्णय की घोषणा वर्ष 2018 में की गई थी और बच्चों, किशोरों, गर्भवती माताओं तथा स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण में सुधार के लिये भारत के प्रमुख **पोषण अभियान** के तहत 12 राज्यों में इसे लागू किया जा रहा है।
  - **खाद्य तेल:** वर्ष 2018 में FSSAI द्वारा देश भर में खाद्य तेल का फोर्टिफिकेशन अनिवार्य कर दिया गया था।
  - **दूध:** वर्ष 2017 में भारतीय राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) ने कंपनियों को विटामिन D मिलाने के लिये प्रोत्साहित करके दूध के फोर्टिफिकेशन की शुरुआत की।

**215. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत दो प्रमुख ड्रग उत्पादक क्षेत्रों- गोल्डन क्रिसेंट (ईरान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान) और गोल्डन ट्रायंगल (थाईलैंड-लाओस-म्याँमार) के बीच स्थित है।
2. अफीम और भाँग भारत में सबसे अधिक खेती की जाने वाली और खपत वाले मादक पदार्थों में से हैं।
3. सरकार का लक्ष्य वर्ष 2050 तक भारत को "मादक पदार्थ मुक्त" बनाना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत में मादक पदार्थों के दुरुपयोग की सीमा:**

- भारत मादक पदार्थों के दुरुपयोग और तस्करी संबंधी गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है, जो लाखों लोगों, विशेषकर युवाओं के स्वास्थ्य, कल्याण और सुरक्षा को प्रभावित करता है।
  - **सरकार का लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को "मादक पदार्थ-मुक्त" बनाना है। अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - **वर्ल्ड ड्रग रिपोर्ट 2022** के अनुसार, **भारत में वर्ष 2020 में ज़ब्त की गई अफीम की चौथी सबसे बड़ी मात्रा 5.2 टन है** और उसी वर्ष ज़ब्त की गई मॉर्फिन की तीसरी सबसे बड़ी मात्रा 0.7 टन थी।
    - ड्रग्स एंड क्राइम पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (UNODC) के अनुसार, भारत द्वारा वर्ष 2019 में भारी मात्रा में मादक पदार्थ ज़ब्त किये गये, यह विश्व भर में ज़ब्त किये गये अफीम का 7% तथा हेरोइन का 2% था।
  - **भारत दो प्रमुख ड्रग उत्पादक क्षेत्रों- गोल्डन क्रिसेंट (ईरान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान) और गोल्डन ट्रायंगल (थाईलैंड-लाओस-म्याँमार) के बीच स्थित है,** जो इसे अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के लिये संवेदनशील बनाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - **अफीम और भांग** भारत में सबसे अधिक खेती की जाने वाली और खपत की जाने वाली मादक पदार्थों में से हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**216. निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन विश्व विकास रिपोर्ट प्रकाशित करता है?**

a. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)
b. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)
c. विश्व बैंक
d. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD)

**उत्तर: c**

**व्याख्या:**

**विश्व विकास रिपोर्ट (WDR) विश्व बैंक द्वारा प्रकाशित एक वार्षिक रिपोर्ट है** जिसका उद्देश्य किसी विशिष्ट विकास के मुद्दे या विषय पर गहन विश्लेषण और नीतिगत सिफारिशें प्रदान करना है। **अत: विकल्प c सही उत्तर है।**

**217. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नैनो यूरिया को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI) द्वारा विकसित किया गया है।
2. पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी (NBS) योजना के तहत यूरिया आधारित उर्वरकों को शामिल नहीं किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: b**

**व्याख्या:**

**नैनो यूरिया:**

- LNU एक नैनोपार्टिकल के रूप में यूरिया है और पारंपरिक यूरिया को बदलने तथा इसकी आवश्यकता को कम-से-कम 50% कम करने के लिये विकसित किया गया है।
- भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफको) ने वर्ष 2021 में लिक्विड 'नैनो यूरिया' लॉन्च किया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यूरिया को पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी योजना के दायरे से बाहर रखा गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- क्रिप्टो संपत्ति बाज़ार (Markets in Crypto Assets- MiCA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अन्य देशों के साथ अपने व्यापार को सुविधाजनक बनाने के विकल्प के रूप में क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग करने हेतु रूस की एक पहल है।
2. MiCA कानून केवल उन क्रिप्टो करेंसियों पर लागू होगा जिन्हें वितरित बहीखाता तकनीक का उपयोग करके स्थानांतरण और भंडारित किया जा सकता है।
3. नॉन-फंजिबल टोकन (NFT) को MiCA के बाहर रखा गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**क्रिप्टो संपत्ति बाज़ार (Markets in Crypto Assets- MiCA):**

- **परिचय:**
  - यूरोपीय संसद ने क्रिप्टो संपत्ति बाज़ार (Markets in Crypto Assets- MiCA) विनियमन को मंज़ूरी दे दी है, यह नियमों का विश्व का पहला व्यापक समूह है जिसका लक्ष्य बड़े पैमाने पर अनियमित क्रिप्टोकरेंसी बाज़ारों को सरकारी विनियमन के तहत लाना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

- **MiCA के अंतर्गत आने वाली संपत्तियाँ:**
  - MiCA कानून क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर लागू होगा, यह मुख्यत: "एक मूल्य या अधिकार का डिजिटल प्रतिनिधित्व है, जो सुरक्षा हेतु क्रिप्टोग्राफी का उपयोग करता है और एक सिक्के या टोकन या किसी अन्य डिजिटल माध्यम के रूप में होता है तथा जिसे स्थानांतरित किया जा सकता है, साथ ही वितरित बहीखाता तकनीक या इसी तरह की तकनीक का उपयोग करके इलेक्ट्रॉनिक रूप से संग्रहीत किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **संपत्तियाँ जो MiCA के दायरे से बाहर होंगी:**
  - MiCA उन डिजिटल संपत्तियों को विनियमित नहीं करेगा जो हस्तांतरणीय प्रतिभूतियों के रूप में योग्य होंगी और शेयरों या उनके समकक्ष तथा अन्य क्रिप्टो संपत्तियों की तरह कार्य करेंगी एवं जो पहले से ही मौजूदा विनियमन के तहत वित्तीय साधनों के रूप में योग्य हैं।
  - यह नॉन-फंजिबल टोकन (NFT) को भी बाहर कर देगा। **अत: कथन 3 सही है।**

**218. विश्व व्यापार संगठन (World Trade Organisation- WTO) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विश्व व्यापार संगठन शुल्क और व्यापार पर सामान्य समझौते (General Agreement on Tariffs and Trade (GATT) का उत्तराधिकारी है।
2. विश्व व्यापार संगठन का उद्देश्य व्यापार कोटा के उपयोग को बढ़ावा देना और इसके सदस्यों के बीच शुल्क ज़िम्मेदारियों में वृद्धि करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- यह वर्ष 1995 में अस्तित्त्व में आया। विश्व व्यापार संगठन द्वितीय विश्व युद्ध के मद्देनज़र स्थापित शुल्क और व्यापार (GATT) पर सामान्य समझौते का उत्तराधिकारी है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य संभावित व्यापार प्रवाह को सुचारु, स्वतंत्र बनाने में मदद करना है।
- इसमें 164 सदस्य शामिल हैं और विश्व व्यापार इनकी 98% की हिस्सेदारी है।
- इसे GATT के तहत आयोजित व्यापार वार्ताओं या दौरों की एक शृंखला के माध्यम से विकसित किया गया था।
- GATT बहुपक्षीय व्यापार समझौतों का एक समूह है जिसका उद्देश्य कोटा समाप्त करना और अनुबंध करने वाले देशों के बीच टैरिफ शुल्क में कमी करना है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- विश्व व्यापार संगठन का सचिवालय जिनेवा (स्विट्ज़रलैंड) में स्थित है।
- वर्तमान स्वरूप काफी हद तक वर्ष 1986-94 उरुग्वे दौर की वार्ता का परिणाम है, जिसमें मूल GATT में एक बड़ा संशोधन शामिल था।

**219. निम्नलिखित में से कौन-से देश सात देशों के समूह (G7) का हिस्सा हैं?**

1. कनाडा
2. फ्राँस
3. जर्मनी
4. इटली
5. जापान
6. ऑस्ट्रेलिया
7. संयुक्त राज्य अमेरिका

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1, 2, 3, 4, 5 और 7
b. केवल 1, 2, 5, 6 और 7
c. केवल 3, 4, 5, 6 और 7
d. केवल 1, 2, 5 और 6

**उत्तर: A.**

**व्याख्या:**

- सात देशों का समूह (G7) एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसमें **सात प्रमुख उन्नत अर्थव्यवस्थाएँ** शामिल हैं:-
  - कनाडा, फ्राँस, जर्मनी, इटली, जापान, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका। **अत: विकल्प A. सही है।**
- G7, मूल रूप से G8 (जब इसमें शामिल होने के लिये रूस को आमंत्रित नहीं किया गया था), को वर्ष 1975 में विश्व की सबसे उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के नेतृत्वकर्त्ताओं के एक अनौपचारिक मंच के रूप में स्थापित किया गया था।
  - G7 का प्राथमिक उद्देश्य इसके सदस्य देशों के बीच **आर्थिक विकास और स्थिरता को बढ़ावा देना है।**
  - यह **व्यापार, आर्थिक नीति और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा सहित** पारस्परिक चिंतनीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिये एक मंच के रूप में कार्य करता है।

**220. निम्नलिखित में से कौन-से देश ओपेक+ का हिस्सा हैं ?**

1. सऊदी अरब
2. ईरान
3. चीन
4. अमेरिका
5. वेनेज़ुएला
6. दक्षिणी सूडान
7. अज़रबैजान

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1, 2, 3, 4 और 7
b. केवल 1, 2, 5, 6 और 7
c. केवल 3, 4, 5, 6 और 7
d. केवल 1, 2, 5 और 6

**उत्तर : B**

**व्याख्या :**

**ओपेक+**

- संस्थापक सदस्यों ईरान, इराक, कुवैत, सऊदी अरब और वेनेज़ुएला द्वारा वर्ष 1960 में स्थापित, ओपेक/OPEC ने तब से काफी विस्तार किया है और अब इसमें 13 सदस्य राज्य हैं।
  - **ये सदस्य देश हैं-** अल्जीरिया, अंगोला, कांगो, इक्वेटोरियल गिनी, गैबॉन, ईरान, इराक, कुवैत, लीबिया, नाइजीरिया, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात एवं वेनेज़ुएला।
  - **कतर** ने 1 जनवरी, 2019 को इसकी सदस्यता **छोड़ दी।**
- **अन्य 10 संबद्ध प्रमुख तेल उत्पादक देशों** के साथ ओपेक को **ओपेक+** के रूप में जाना जाता है।
  - **ओपेक+** देशों में 13 ओपेक सदस्य देश के साथ अज़रबैजान, बहरीन, ब्रुनेई, कज़ाखस्तान, मलेशिया, मेंक्सिको, ओमान, रूस, दक्षिण सूडान और सूडान **शामिल हैं।**
- संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन को छोड़कर अन्य सभी देश **ओपेक+** का हिस्सा हैं। **अतः विकल्प b सही है।**

**221. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय सौर ऊर्जा निगम लिमिटेड (SECI) को मिनीरत्न श्रेणी- I के रूप में मान्यता दी गई है।
2. जिस CPSE ने विगत तीन वर्षों से लगातार लाभ अर्जित किया है और जिसने सरकार को देय किसी भी ऋण के पुनर्भुगतान में डिफ़ॉल्ट नहीं किया है, को मिनीरत्न श्रेणी-I का दर्जा दिया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

हाल ही में भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) द्वारा भारतीय सौर ऊर्जा निगम लिमिटेड (SECI) को केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (Central Public Sector Enterprise- CPSE) के मिनीरत्न श्रेणी- I के रूप में मान्यता दी गई है। **अतः कथन 1 सही है।**

**CPSEs के लिये मिनीरत्न दर्जे हेतु मानदंड:**

- **मिनीरत्न श्रेणी- I दर्जा:** जिन CPSE को पिछले तीन वर्षों में लगातार लाभ हुआ है, जिनका पूर्व-कर लाभ तीन वर्षों में से कम-से-कम किसी एक वर्ष में **30 करोड़ रुपए अथवा उससे अधिक** रहा है और शुद्ध लाभ भी हुआ है, **उन्हें मिनीरत्न-I का दर्जा प्रदान करने पर विचार किया जा सकता है।**
- **मिनीरत्न श्रेणी-II दर्जा:** जिन CPSE ने **पिछले तीन वर्षों से लगातार लाभ अर्जित** किया है और जिनकी निवल संपत्ति सकारात्मक है, वे मिनीरत्न श्रेणी-II का दर्जा प्राप्त करने हेतु पात्र हैं।
  - **मिनीरत्न CPSE को सरकार को देय किसी भी ऋण पर ऋण/ब्याज भुगतान के पुनर्भुगतान** में चूक नहीं होनी चाहिये। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - **मिनीरत्न CPSE बजटीय सहायता या सरकारी** गारंटी पर निर्भर नहीं होंगे।

**222. गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये**

1. ये भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के तहत पंजीकृत हैं।
2. NBFCs के जमाकर्त्ताओं को जमा बीमा और क्रेडिट गारंटी निगम की जमा बीमा सुविधा उपलब्ध नहीं है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी** (NBFC) 'कंपनी अधिनियम, 1956' के तहत पंजीकृत कंपनी है जिसके माध्यम से सरकार, स्थानीय प्राधिकरण या अन्य विपणन योग्य प्रतिभूतियों द्वारा जारी शेयर/बॉण्ड /डिबेंचर/सिक्योरिटी का अधिग्रहण एवं व्यवसाय संबंधी अग्रिम ऋण दिये जाते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - NBFCs भुगतान और निपटान प्रणाली का हिस्सा नहीं बनते हैं और स्वयं चेक जारी नहीं कर सकते हैं।

- NBFCs के जमाकर्त्ताओं को जमा बीमा और क्रेडिट गारंटी निगम की जमा बीमा सुविधा उपलब्ध नहीं है। **अतः कथन 2 सही है।**

**223. पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (Organization of the Petroleum Exporting Countries-OPEC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत OPEC के संस्थापक सदस्यों में से एक है।
2. ओपेक देश दुनिया के कच्चे तेल का लगभग 40% उत्पादन करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (Organization of the Petroleum Exporting Countries-OPEC) की स्थापना वर्ष 1960 में ईरान, इराक, कुवैत, सऊदी अरब और वेनेज़ुएला के संस्थापक सदस्यों द्वारा की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- OPEC दुनिया के कच्चे तेल का लगभग 40% उत्पादन करता है और इसके सदस्यों का निर्यात वैश्विक पेट्रोलियम व्यापार का लगभग 60% है। **अतः कथन 2 सही है।**

**224. ऊर्जा अर्थव्यवस्था एवं वित्तीय विश्लेषण संस्थान (Energy Economics and Financial Analysis - IEEFA) क्या है?**

A. एक गैर-लाभकारी अनुसंधान संगठन जो ऊर्जा बाज़ारों, नीतियों और निवेशों पर विश्लेषण एवं टिप्पणी प्रदान करता है।
B. संयुक्त राज्य अमेरिका में ऊर्जा क्षेत्र को विनियमित करने हेतु उत्तरदायी एक सरकारी एजेंसी।
C. एक निजी कंपनी जो ऊर्जा व्यापार और निवेश में कुशल है।
D. एक विधि समूह जो नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देता है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस/ऊर्जा अर्थव्यवस्था एवं वित्तीय विश्लेषण संस्थान (IEEFA) एक गैर-लाभकारी शोध संगठन है जो ऊर्जा बाज़ारों, नीतियों और निवेशों पर विश्लेषण और टिप्पणी प्रदान करता है।
- यह संगठन ऊर्जा क्षेत्र पर विशेष बल देने के साथ, न्यून कार्बन-उत्सर्जन भविष्य के लिये ऊर्जा संक्रमण के वित्तीय और आर्थिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करता है।
- IEEFA अनुसंधान और रिपोर्ट तैयार करता है तथा स्थायी ऊर्जा नीतियों एवं निवेश को बढ़ावा देने के प्रयासों में भी संलग्न है। **अतः विकल्प A सही है।**

**225. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्रेटर माले कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट (GMCP) भारत द्वारा संचालित मालदीव में एक बुनियादी ढाँचा परियोजना है।
2. इस परियोजना को भारत द्वारा लाइन ऑफ क्रेडिट (LOC) के माध्यम से वित्तपोषित किया गया है, जिसे आवश्यकतानुसार प्राप्त किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारतीय कंपनी Afcons ने मालदीव में अब तक की सबसे बड़ी बुनियादी ढाँचा परियोजना ग्रेटर माले कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट (GMCP) हेतु एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किये हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस परियोजना को भारत से 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुदान और 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर की लाइन ऑफ क्रेडिट (LOC) द्वारा वित्त पोषित किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- लाइन ऑफ क्रेडिट बैंक या वित्तीय संस्थान से प्राप्त लचीला ऋण है। निर्धारित क्रेडिट सीमा वाले क्रेडिट कार्ड के समान लाइन ऑफ क्रेडिट एक निर्धारित राशि है जिसे आवश्यकतानुसार प्राप्त किया जा सकता है।

**226. भारतीय फार्मा क्षेत्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. औषधि और सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 भारत में दवाओं के आयात, निर्माण एवं वितरण को नियंत्रित करता है।
2. ई-फार्मेसी नियम बनाने की ज़िम्मेदारी स्वास्थ्य मंत्रालय की है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- औषधि और सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 भारत में औषधियों के आयात, निर्माण और वितरण को नियंत्रित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - हालाँकि औषधि और सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 अथवा औषधि अधिनियम, 1948 के तहत "ई-फार्मेसी" की कोई वैधानिक परिभाषा नहीं प्रदान की गई है।
- हालाँकि ऑनलाइन दवा स्टोर साइटों से चिकित्सक द्वारा निर्धारित दवाओं की इलेक्ट्रॉनिक बिक्री IT अधिनियम, 2000 के तहत व्यक्त की गई है।
- ड्राफ्ट ई-फार्मेसी नियम 2018 में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी किए गए थे। **अत: कथन 2 सही है।**
- फरवरी 2023 में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कम से कम 20 कंपनियों को ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री करने के लिये कारण बताओ नोटिस जारी किया, जिनमें Tata-1mg, Flipkart, Apollo, PharmEasy, Amazon, और Reliance Netmeds शामिल हैं।

**227. निम्न में से कौन सा NPCI का उद्देश्य नहीं है?**

A. भारत में सुरक्षित एवं कुशल खुदरा भुगतान प्रणाली प्रदान करने के लिये।

B. देश में डिजिटल भुगतान एवं वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिये।

C. बैंकों और वित्तीय संस्थानों को उत्पादों और सेवाओं की एक शृंखला प्रदान करने के लिये।

D. भारत में भुगतान एवं निपटान प्रणाली को विनियमित करने के लिये।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **परिचय:**
    - NPCI भारत में सभी खुदरा भुगतान प्रणालियों के लिये एक **एकीकृत संगठन** है। इसका प्राथमिक उद्देश्य भारत में **सुरक्षित और कुशल खुदरा भुगतान प्रणाली प्रदान करना है।**
    - इसका उद्देश्य देश में **डिजिटल भुगतान** और वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करना है।
- **स्थापना:**
    - NPCI की स्थापना वर्ष 2008 में **भारतीय रिज़र्व बैंक (Reserve Bank of India- RBI) और भारतीय बैंक संघ (Indian Banks' Association- IBA)** के मार्गदर्शन तथा समर्थन के तहत की गई थी।
- **स्वामित्व:**
    - NPCI एक गैर-लाभकारी कंपनी है और इसका **स्वामित्व भारत में प्रमुख बैंकों के एक संघ** द्वारा साझा किया जाता है।
- **वस्तु एवं सेवाएँ:**
    - यह **एकीकृत भुगतान इंटरफेस (UPI), राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (NEFT), तत्काल भुगतान सेवा (IMPS), भारत बिल भुगतान प्रणाली (BBPS),** रुपे कार्ड और अन्य सहित उत्पादों एवं सेवाओं की एक शृंखला प्रदान करता है।
    - **अत: विकल्प D उत्तर सही है।**

**228. फंड्स फॉर स्टार्टअप्स (FFS) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वित्त मंत्रालय FFS के लिये संचालन एजेंसी है।
2. इसका उद्देश्य केवल शुरुआती चरण में स्टार्टअप्स के लिये पूंजी उपलब्ध कराना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **स्टार्टअप के लिये फंड ऑफ फंड्स (FFS) योजना:**
    - सरकार ने स्टार्टअप्स की फंडिंग ज़रूरतों को पूरा करने के लिये 10,000 करोड़ रुपए के कोष के साथ FFS की स्थापना की है।
    - उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (Department for Promotion of Industry and Internal Trade- DPIIT) इसकी निगरानी एजेंसी है और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) FFS के लिये संचालन एजेंसी है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
        - यह न केवल शुरुआती चरण, विकास चरण में स्टार्टअप के लिये पूंजी उपलब्ध कराता है, बल्कि घरेलू पूंजी को बढ़ाने, विदेशी पूंजी पर निर्भरता कम करने और स्वदेशी तथा नए उद्यम पूंजी कोष को प्रोत्साहित करने में भी उत्प्रेरक की भूमिका निभाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

**229. "फॉलिंग लॉन्ग-टर्म ग्रोथ प्रॉस्पेक्ट्स: ट्रेंड्स, एक्सपेक्टेशंस एंड पॉलिसीज" रिपोर्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये।**

1. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) द्वारा फॉलिंग लॉन्ग-टर्म ग्रोथ प्रॉस्पेक्ट्स: ट्रेंड्स, एक्सपेक्टेशंस एंड पॉलिसीज़ (2020-2030) रिपोर्ट जारी की गई।
2. रिपोर्ट के अनुसार, भारत में पिछले दो दशकों में विकास की गति धीमी हुई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **विश्व बैंक** द्वारा **"फॉलिंग लॉन्ग-टर्म ग्रोथ प्रॉस्पेक्ट्स: ट्रेंड्स, एक्सपेक्टेशंस एंड पॉलिसीज" (2020-2030)** रिपोर्ट जारी की गई है।
  - रिपोर्ट संभावित विकास के कई उपायों के व्यापक डेटाबेस का उपयोग करती है। यह संभावित विकास और उसके चालकों, 2020 के दशक में संभावित विकास और निवेश के लिये वैश्विक और क्षेत्रीय संभावनाओं और संभावित विकास को बढ़ाने के लिये नीतिगत विकल्पों की एक श्रृंखला की जाँच करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- रिपोर्ट के अनुसार हालाँकि भारत में भी पिछले दो दशकों में अपनी विकास गति धीमी हुई है, लेकिन जब विकास दर की बात आती है तो यह वैश्विक नेता बने रहने की संभावना है। **अतः कथन 2 सही है।**

**230. दिवाला और दिवालियापन संहिता (Insolvency and Bankruptcy Code- IBC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. IBC में सभी व्यक्ति, कंपनियाँ, सीमित देयता भागीदारी (Limited Liability Partnerships-LLP) एवं साझेदारी फर्म शामिल हैं।
2. IBC के तहत कंपनियों और LLP के लिये न्याय-निर्णयन प्राधिकरण, ऋण वसूली न्यायाधिकरण (Debt Recovery Tribunal-DRT) है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- सरकार ने दिवाला और दिवालियापन से संबंधित सभी कानूनों को समेकित करने और गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (Non-Performing Assets- NPA), जो वर्षों से भारतीय अर्थव्यवस्था के लिये एक गंभीर समस्या रही है, से निपटने के लिये IBC, 2016 को लागू किया।
- IBC में सभी व्यक्ति, कंपनियाँ, सीमित देयता भागीदारी (Limited Liability Partnerships- LLP) और साझेदारी फर्म शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- न्यायिक प्राधिकरण:
  - कंपनियों और LLP हेतु राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (National Company Law Tribunal- NCLT)।
  - व्यक्तियों और साझेदारी फर्मों हेतु ऋण वसूली न्यायाधिकरण (Debt Recovery Tribunal- DRT)। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**231. IMF बेलआउट्स के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. देश आमतौर पर IMF से मदद तब मांगते हैं जब उनकी अर्थव्यवस्था को एक प्रमुख व्यापक आर्थिक जोखिम या राजनीतिक अस्थिरता का सामना करना पड़ता है।
2. IMF खराब अर्थव्यवस्थाओं को अक्सर बॉण्ड के रूप में धन उधार देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **IMF बेलआउट्स:** देशों की अर्थव्यवस्था को जब व्यापक आर्थिक जोखिम होता है, अधिकांशतः मुद्रा संकट (जैसे कि श्रीलंका का सामना करना पड़ रहा है) का सामना करना पड़ता है तो वे आमतौर पर IMF से मदद मांगते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- देश अपने बाह्य ऋण और अन्य दायित्वों को पूरा करने, आवश्यक आयात करने और अपनी मुद्राओं के विनिमय मूल्य को बढ़ाने के लिये IMF से ऐसी सहायता मांगते हैं।
- IMF खराब अर्थव्यवस्थाओं को अक्सर **विशेष आहरण अधिकार (SDR)** के रूप में धन उधार देता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

- SDR केवल पाँच मुद्राओं की एक बास्केट का प्रतिनिधित्व करते हैं, अर्थात् अमेरिकी डॉलर, यूरो, चीनी युआन, जापानी येन और ब्रिटिश पाउंड।
- यह उधार कई ऋण कार्यक्रमों जैसे- विस्तारित ऋण सुविधा, लचीली क्रेडिट लाइन, स्टैंड-बाय समझौतों आदि द्वारा किया जाता है।
- बेलआउट प्राप्त करने वाले देश अपनी परिस्थितियों के आधार पर विभिन्न प्रयोजनों के लिये SDR का उपयोग कर सकते हैं।

**232. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. IMF और विश्व बैंक दोनों की स्थापना 1944 में ब्रेटन वुड्स सम्मेलन के दौरान हुई थी।
2. IMF की सदस्यता सार्वभौमिक है।
3. IMF में सदस्यता IBRD में सदस्यता के लिये एक शर्त है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- 1944 में ब्रेटन वुड्स सम्मेलन ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक और वित्तीय व्यवस्था को विनियमित करने के लिये अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) और अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक (IBRD) की स्थापना की। IMF का मुख्य उद्देश्य वैश्विक मौद्रिक स्थिरता को बढ़ावा देना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) 190 देशों (सार्वभौमिक सदस्यता नहीं) का एक संगठन है, जो वैश्विक मौद्रिक सहयोग को बढ़ावा देने, सुरक्षित वित्तीय स्थिरता, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को सुविधाजनक बनाने, उच्च रोज़गार और सतत् आर्थिक विकास को बढ़ावा देने तथा विश्व भर में गरीबी उन्मूलन के लिये काम कर रहा है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **IMF के सदस्य:** कोई अन्य राष्ट्र, चाहे संयुक्त राष्ट्र का सदस्य हो या नहीं, IMF के समझौते के अनुच्छेदों और बोर्ड ऑफ गवर्नर्स द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुसार IMF का सदस्य बन सकता है।
  - IMF में सदस्यता IBRD में सदस्यता के लिये एक शर्त है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - **कोटा सदस्यता का भुगतान:** IMF में शामिल होने पर प्रत्येक सदस्य देश एक निश्चित राशि का योगदान करता है, जिसे कोटा सदस्यता कहा जाता है, जो देश की पूंजी और आर्थिक प्रदर्शन (कोटा सूत्र) पर आधारित होता है।

**233. भारत के डिजिटल इकोसिस्टम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विश्व स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा दूरसंचार बाज़ार है।
2. पिछले कुछ वर्षों में भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की तुलना में 10 गुना तेज़ी से बढ़ी है।
3. यह विश्व का सबसे जुड़ा हुआ लोकतंत्र है, जहाँ हर माह 8 अरब UPI (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) लेन-देन किये जाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **परिचय:**
  - भारत विश्व स्तर पर 1.2 बिलियन डिजिटल ग्राहकों के साथ **दूसरा सबसे बड़ा दूरसंचार बाज़ार** है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था पिछले नौ वर्षों में राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की तुलना में **2.5 गुना तेज़ी** से बढ़ी है, यह एक असाधारण डिजिटल बढ़त है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - इस अवधि में ब्रॉडबैंड उपयोगकर्त्ताओं की संख्या 60 मिलियन से बढ़कर 800 मिलियन हो गई और इंटरनेट कनेक्शन की संख्या 250 मिलियन से बढ़कर 850 मिलियन हो गई। इसके अलावा सरकार और निजी क्षेत्र ने मिलकर 25 लाख किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर बिछाया है।
  - प्रतिदिन **70 मिलियन ई-प्रमाणीकरण और मासिक 8 बिलियन यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस** (UPI) लेन-देन के साथ भारत विश्व में सबसे ज़्यादा जुड़ा हुआ लोकतंत्र है। **अतः कथन 3 सही है।**
    - भारत ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से अपने नागरिकों को सीधे 28 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि भेजी है।

**234. निर्यात हेतु व्यापार अवसंरचना योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह केवल केंद्र सरकार के स्वामित्व वाली एजेंसियों अथवा बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं के लिये उनके संयुक्त उपक्रमों को सहायता अनुदान प्रदान करता है।

2. इस बुनियादी ढाँचे में बॉर्डर हाट, भूमि सीमा शुल्क स्टेशन, गुणवत्ता परीक्षण शामिल हैं किंतु विशेष आर्थिक क्षेत्र नहीं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **निर्यात हेतु व्यापार अवसंरचना योजना:**
  - TIES योजना **केंद्र/राज्य सरकार के स्वामित्त्व वाली एजेंसियों या उनके संयुक्त उद्यमों** को महत्त्वपूर्ण निर्यात संबंधी बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं हेतु सहायता **अनुदान प्रदान करती है। अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - इस बुनियादी ढाँचे में **बॉर्डर हाट, भूमि सीमा शुल्क स्टेशन, गुणवत्ता परीक्षण** और प्रमाणन प्रयोगशालाएँ, कोल्ड चेन, व्यापार संवर्द्धन केंद्र, निर्यात भंडारण एवं पैकेजिंग, **विशेष आर्थिक क्षेत्र** व बंदरगाह/हवाई अड्डे कार्गो टर्मिनस शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**235. निम्नलिखित में से कौन-सा बैंक रन को कम करने का एक संभावित तरीका हो सकता है?**

1. जमा बीमा
2. निकासी को सिमित करना या निकासी को प्रतिबंधित करना
3. अन्य बैंकों से अधिक ऋण लेना

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- "बैंक रन" शब्द एक ऐसी परिस्थिति को संदर्भित करता है जब ग्राहक या निवेशक घबरा जाते हैं एवं अपनी जमा राशि निकालना शुरू कर देते हैं। बैंक रन को रोकने या कम करने के लिये आमतौर पर उपयोग किये जाने वाले तरीके निम्नलिखित हैं:
  - नकदी की उपलब्धता बढ़ाने के लिये बैंक परिसंपत्तियों को बेच सकते हैं।
  - बैंक निकासी को सिमित कर सकते हैं या निकासी को पूरी तरह प्रतिबंधित कर सकते हैं।
  - दिवालियापन को रोकने के लिये बैंक अन्य बैंकों, वित्तीय संस्थानों या केंद्रीय बैंक से ऋण ले सकते हैं। **अतः 3 सही है।**
  - यदि किसी बैंक के बैंक रन होने की संभावना है, तो बैंक **आगे की निकासी को रोकने के लिये** अस्थायी रूप से बंद हो सकते हैं। **अतः 2 सही है।**
  - डिपॉज़िट इंश्योरेंस बैंक की विफलता के मामले में **जमाकर्त्ताओं को एक सुरक्षा तंत्र प्रदान करता है** और बैंक रन के विनाशकारी प्रभाव को सीमित कर सकता है। **अतः 1 सही है।**

**236. व्यापार नीति फोरम (TPF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा अपने आर्थिक संबंधों को मज़बूत करने हेतु गठित नीति समूह है।
2. अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यातक और व्यापार भागीदार है, जबकि भारत अमेरिका का 9वाँ सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत-अमेरिका वाणिज्यिक संवाद:**

- हाल ही में भारत और अमेरिका ने अपनी 5वीं मंत्रिस्तरीय वाणिज्यिक वार्ता पर संयुक्त वक्तव्य जारी किया है, जिसमें **आपूर्ति शृंखला से संबंधित मुद्दों पर चर्चा और अर्द्धचालक साझेदारी पहल पर सहमति व्यक्त की गई है।**
- जनवरी 2023 में भारत के केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री तथा अमेरिका के व्यापारिक प्रतिनिधि राजदूत ने वाशिंगटन डीसी में **भारत-अमेरिका व्यापार नीति फोरम (TPF) की 13वीं मंत्रिस्तरीय बैठक** की सह-अध्यक्षता की।
- **व्यापार नीति फोरम (TPF)** संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के बीच आयोजित की गई थी। फोरम ने दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को **'अगले उच्च स्तर'** पर ले जाने का संकल्प लिया और **'संभावित लक्षित टैरिफ कटौती'** पर विचारों का आदान-प्रदान किया। **अतः कथन 1 सही है।**
- दोनों देशों के मध्य द्विपक्षीय वस्तुओं और सेवाओं का व्यापार वर्ष 2014 के बाद से लगभग दोगुना हुआ है, जो वर्ष 2022 में 191 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है।
- **अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा निर्यातक और व्यापार साझेदार है, जबकि भारत, अमेरिका का 9वाँ सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। अतः कथन 2 सही है।**

- दोनों देशों का **उद्देश्य वर्ष 2025 तक 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य हासिल करना है।**
- अप्रैल 2000 से सितंबर 2022 तक **56,753 मिलियन अमेरिकी डॉलर के संचयी विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) के साथ अमेरिका भारत में तीसरा सबसे बड़ा निवेशक भी है।**

**237. आभासी डिजिटल परिसंपत्ति (VDA) और धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA) 2002 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. VDA सेवा प्रदाताओं को अन्य विनियमित कंपनियों, जैसे बैंकों के समान रिपोर्टिंग और KYC आवश्यकताओं का पालन करना चाहिये।
2. PMLA आभासी डिजिटल परिसंपत्तियों के हस्तांतरण को नियंत्रित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- आभासी डिजिटल परिसंपत्ति सेवा प्रदाता/व्यवसाय अब PMLA अधिनियम 2002 के तहत 'रिपोर्टिंग संस्थाएँ' बन गई हैं और उन्हें अन्य विनियमित संस्थाओं जैसे- बैंकों, प्रतिभूति मध्यस्थों, भुगतान प्रणाली ऑपरेटरों आदि के समान रिपोर्टिंग मानकों एवं KYC मानदंडों का पालन करना चाहिये। **अतः कथन 1 सही है।**
- PMLA में शामिल गतिविधियों के उदाहरण हैं: आभासी डिजिटल परिसंपत्ति (Virtual digital assets- VDA) और फिएट मनी में ट्रेडिंग, विभिन्न VDA प्रकारों के बीच स्विच करना आदि। **अतः कथन 2 सही है।**

**238. SWAMIH (किफायती और मध्यम आय आवास के लिये विशेष खिड़की) निवेश निधि के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ पंजीकृत श्रेणी- II वैकल्पिक निवेश कोष (AIF) ऋण निधि के रूप में स्थापित किया गया है।
2. स्वामी फंड से ऋण प्राप्त करने के लिये रियल एस्टेट परियोजनाओं हेतु एकमात्र पात्रता मानदंड यह है कि उन्हें रेरा (RERA) के तहत पंजीकृत होना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **स्वामी निवेश कोष (Special Window for Affordable and Mid-Income Housing- SWAMIH):** यह भारत का सबसे बड़ा सामाजिक प्रभाव कोष है जिसे विशेष रूप से तनावग्रस्त और रुकी हुई आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिये बनाया गया है।
- यह सरकार द्वारा समर्थित कोष है, जिसे वर्ष 2019 में लॉन्च किये गए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (Securities and Exchange Board of India- SEBI) के साथ पंजीकृत श्रेणी- II वैकल्पिक निवेश कोष ((Alternate Investment Fund- AIF) के तहत ऋण कोष के रूप में स्थापित किया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - यह कोष वित्त मंत्रालय द्वारा प्रायोजित है और इसका प्रबंधन स्टेट बैंक समूह की एक कंपनी SBICAP वेंचर्स लिमिटेड द्वारा किया जाता है।
- **योग्यता मानदंड:**
  - रियल एस्टेट परियोजनाएँ, जो धन की कमी के कारण रुकी हुई हैं, को रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम (RERA) के तहत अवश्य पंजीकृत होना चाहिये।
    - इनमें से प्रत्येक परियोजना लगभग पूरी होने के करीब होनी चाहिये।
  - इन्हें 'किफायती और मध्यम-आय परियोजना' श्रेणी के अंतर्गत भी आना चाहिये (कोई भी आवास परियोजना जिसमें आवास इकाइयाँ 200 वर्ग मीटर क्षेत्र से अधिक में न हों)। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**239. QR-कोड आधारित कॉइन वेंडिंग मशीन (QCVM) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक कैशलेस कॉइन डिस्पेंसेशन मशीन है जिसमें क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके सिक्का निकाला जा सकता है।
2. यह बैंक नोटों की भौतिक निविदा और उनके प्रमाणीकरण की आवश्यकता को समाप्त कर देगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **QR-कोड आधारित कॉइन वेंडिंग मशीन:**
  - कैशलेस कॉइन डिस्पेंसर जिसे QR-कोड आधारित कॉइन वेंडिंग मशीन (QCVM) कहा जाता है, एकीकृत भुगतान इंटरफेस का उपयोग कर ग्राहक के बैंक खाते के माध्यम से सिक्का प्रदान करेगी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - ग्राहकों के लिये आवश्यक मात्रा और मूल्य वर्ग में सिक्के निकालने का विकल्प उपलब्ध होगा।
    - यह सिक्कों तक पहुँच' को आसान बनाएगी।
  - QCVM एक नकद-आधारित मानक कॉइन वेंडिंग मशीन के विपरीत बैंक नोट प्रदान करने और उनके प्रमाणीकरण की आवश्यकता को समाप्त कर देगी। **अतः कथन 2 सही है।**

**240. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. IPEF भारत के नेतृत्त्व वाली एक पहल है जिसका उद्देश्य भागीदार देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को मज़बूत करना है।
2. यह एक मुक्त व्यापार समझौता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1 B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- IPEF (हिंद-प्रशांत आर्थिक ढाँचा) एक संयुक्त राज्य-नेतृत्त्व वाली पहल है जिसका उद्देश्य भाग लेने वाले देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को मज़बूत करना है ताकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुनम्यता, स्थिरता, समावेशिता, आर्थिक विकास, निष्पक्षता और प्रतिस्पर्द्धात्मकता को बढ़ाया जा सके। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- IPEF को वर्ष 2021 में 12 साझीदार देशों के साथ लॉन्च किया गया था, जो एक साथ विश्व GDP के 40% का प्रतिनिधित्त्व करते हैं।
- IPEF एक मुक्त व्यापार समझौता (FTA) नहीं है, किंतु यह इसके सदस्यों को कुछ मुद्दों पर बातचीत करने की अनुमति भी प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।** इस वार्ता के चार मुख्य "स्तंभ" निम्नलिखित हैं:
  - आपूर्ति-शृंखला सुनम्यता
  - स्वच्छ ऊर्जा, डीकार्बोनाइज़ेशन और बुनियादी ढाँचा
  - कराधान और भ्रष्टाचार विरोधी
  - निष्पक्ष और सुनम्य व्यापार।